हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल

डायमंड लीग : नीरज चौपड़ा डायमंड लीग में करेंगे धमाल

Page 10

देश

विनेश फोगाट ने जल्दबाजी में फैसला लिया, हरियाणा में फिर बनेगी भाजपा सरकार...

शुक्ल पक्ष, मूल, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 12 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 273 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
	
₹67,150	₹86,500

आज का इतिहास

- 1786 : लॉर्ड कॉर्नवॉलिस भारत का गर्वनर जनरल बना।
- 1966 : भारतीय तैराक मिहिर सेन ने डार्डानेलेस जलडमरूमध्य को तैरकर पार किया।

न्यूज बाइट्स

अनंत के करीबी बंटू सिंह बने राजद प्रदेश प्रवक्ता

पटना (नि.सं.)। पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह के हुनमान कहे जाने वाले श्रवण सिंह उर्फ बंटू सिंह को एक बार फिर से राजद ने प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। आरजेडी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने बंटू सिंह के मनोनयन की अधिसूचना बुधवार को जारी की। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज एहमद ने कहा है कि बंटू सिंह को पार्टी की नीति और सिद्धांतों के अनुरूप बेहतर तरीके से पार्टी के विचारों को मजबूती से रखने का काम करेंगे।

पटना के गांधी मैदान में 27 अक्टूबर 2013 को नरेंद्र मोदी की हुंकार रैली में हुए सीरियल ब्लास्ट

हाईकोर्ट ने चार आतंकियों की फांसी को उम्रकैद में बदला

हाईकोर्ट ने कहा : उम्र कम है, उन्हें भी जीने का अधिकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में किए थे ब्लास्ट

- ब्लास्ट से 6 लोगों की मौत हुई और 80 से ज्यादा लोग हुए थे घायल

निज संवाददाता | पटना

पटना के गांधी मैदान में 27 अक्टूबर 2013 को नरेंद्र मोदी की हुंकार रैली में हुए सीरियल ब्लास्ट में पटना हाईकोर्ट ने 4 आतंकियों की फांसी को उम्रकैद में बदला है। सिविल कोर्ट ने सभी को फांसी की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने बाकी 2 दोषियों की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा है। ब्लास्ट में निचली अदालत ने 4 को फांसी और 2 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

स्पेशल पीपी (पब्लिक प्रोसिक्यूटर) एनआईए मनोज कुमार सिंह ने कहा कि ये बहुत अच्छा फैसला है। कोर्ट ने आरोपियों की उम्र को देखते हुए फांसी की सजा उम्र कैद में बदला है। सभी आरोपियों की उम्र कम है। हम लोगों ने घटना की गंभीरता को लेकर दलील दी थीं। न्यायालय ने कहा कि उम्र कम है, इन लोगों को भी जीने का अधिकार है। इसलिए फांसी की सजा नहीं दी गई।

फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

दोषियों के वकील इमरान घानी ने बताया कि अपील पर सुनवाई करते हुए 4 दोषियों को आजीवन कारावास (30 साल) की सजा सुनाई है, जबकि 2 दोषियों के लिए निचली अदालत के फैसले को सुरक्षित रखा है। यह फैसला जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने दिया है। नुमान अंसारी, मोहम्मद मजीबुल्ला, हैदर अली, इम्तियाज आलम को निचली अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी, जिसे अब हाईकोर्ट ने उम्रकैद में बदल दिया है। वहीं, उमैर सिद्दकी और अजरहुद्दीन कुरैशी के लिए निचली अदालत का जो आजीवन कारावास का फैसला है, उसे यथावत रखा है। बचाव पक्ष के वकील इमारन घानी ने बताया कि इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

मालूम हो कि 27 अक्टूबर 2013 को पटना में भाजपा की हुंकार रैली चल रही थी। गांधी मैदान भीड़ से खचाखच भरा था। मंच पर मोदी के आते ही पूरा गांधी मैदान जयकारों से गूंज गया। इसी गूंज के बीच सीरियल ब्लास्ट होने लगे। ब्लास्ट मोदी के मंच से महज 100 मीटर दूर तक हो रहे थे। खुफिया एजेंसियों को आतंकी हमले का सुराग लग गया, लेकिन एजेंसियों ने धमाकों को पटाखा बताकर भगदड़ रोक ली। भीड़ के बीच से घायलों को इतनी सफाई से निकाला गया कि अगल-बगल वालों को भी पता नहीं चल सका। एंबुलेंस के सायरन के बीच जब मोदी ने कहा, आप लोग आराम से सुरक्षित घर जाइए, तब भीड़ भी समझ गई कोई बड़ी घटना हो गई।

" यह गलत हुआ है। एनआईए के चलते मेरी एक गवाही नहीं हुई। इसके लिए एनआईए दोषी है। मैंने पाकिस्तान से मिला 50 लाख तक का ऑफर ठुकरा दिया। इम्तियाज अंसारी प्लेटफॉर्म नंबर 10 के शौचालय से मैंने पकड़ा था। "

धर्मनाथ यादव (केस के मुख्य गवाह)

27 अक्टूबर 2013 मौका था : गांधी मैदान में बीजेपी की ओर से आयोजित हुंकार रैली की। इसे तत्कालीन बीजेपी के पीएम कैंडिडेट और मौजूदा पीएम नरेंद्र मोदी संबोधित करने वाले थे। राज्य भर से भाजपाई उन्हें सुनने यहां आए थे, लेकिन उससे पहले एक के बाद एक कई धमाकों से पटना दहल उठा। इसमें 6 लोगों की मौत हुई और 80 से ज्यादा लोग घायल हुए।

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने दी खाद्य सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना से करोड़ों लाभुकों को राहत

निज संवाददाता | पटना

सितंबर में सूचना भवन के "संवाद" कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेसी सिंह ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत की गई विभिन्न योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के तहत लाभुक राज्य के अंदर या बाहर किसी भी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। अगस्त 2024 के वितरण चक्र में लगभग 89.39 लाख राशन कार्डधारियों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मंत्री ने बताया कि अंत्योदय अन्न योजना के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को 35 किलोग्राम (7 किलो गेहूं और 28 किलो चावल) राशन उपलब्ध कराया जाता है। वहीं, पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी के तहत प्रत्येक लाभार्थी को 5 किलोग्राम (1 किलो गेहूं और 4 किलो चावल) राशन निःशुल्क दिया जाता है। अब तक 1.97 करोड़ परिवारों को राशन कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें से 22.88 लाख अंत्योदय अन्न योजना और 1.74 करोड़ पूर्विकताप्राप्त गृहस्थी श्रेणी के हैं। यह उल्लेखनीय है कि इन राशन कार्डों में 90% कार्ड महिलाओं के नाम पर जारी किए गए हैं। कोरोना महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक राज्य में 65.61 लाख नए राशन कार्ड जारी किए गए, जबकि 16.37 लाख राशन कार्ड रद्द किए गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार ने खाद्य सुरक्षा के मामलों में तेजी से कार्रवाई की है।

सचिव एन. सरवन कुमार ने बताया कि राज्य के सभी राशन कार्डधारक ई-केवाईसी के माध्यम से आधार सीडिंग कर सकते हैं। इस प्रक्रिया से खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में 8.04 करोड़ राशन कार्डधारकों के आधार संख्या को सत्यापित किया जा चुका है, जो कि कुल लाभार्थियों का 95% है। इसके अलावा, 5.10 करोड़ लोगों का ई-केवाईसी किया जा चुका है। 3.24 करोड़ लाभार्थियों का ई-केवाईसी जारी है। ई-केवाईसी से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी अनधिकृत व्यक्ति खाद्यान्न का लाभ न उठा सके। आधार आधारित जन वितरण प्रणाली व्यवस्था लागू होने के बाद लाभार्थी किसी भी पीडीएस विक्रेता के पास खाद्यान्न की मात्रा और वितरण की जानकारी ऑनलाइन देख सकते हैं। राज्य के बाहर रहने वाले राशन कार्डधारक भी, जो अपनी आजीविका के कारण राज्य से बाहर निवास कर रहे हैं, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी और तमिलनाडु को छोड़कर, किसी भी पीडीएस विक्रेता से राशन प्राप्त कर सकते हैं। यह सुविधा उन्हें ई-केवाईसी के माध्यम से दी जा रही है। इसके अलावा, प्रवासी मजदूरों के 83 लाख से अधिक आवेदनों की जांच की गई है, जिसके बाद 5.29 लाख नए राशन कार्ड जारी किए गए हैं।

निष्कर्ष

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत राज्य में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय हैं। आधार सीडिंग और ई-केवाईसी जैसी तकनीकों के उपयोग से खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता आई है, जिससे गलत लाभार्थियों को सिस्टम से बाहर किया जा रहा है। वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना ने पूरे देश में लाभार्थियों को एक नई सुविधा दी है, जिससे वे कहीं भी अपने राशन का लाभ ले सकते हैं।

अबुआ आभार हेमन्त सरकार

जयमंती भगताइन, लोहरदगा, मिट्टी का घर था। खपड़ा का छत होने की वजह से बरसात में पानी टपकता था, जिससे मिट्टी भींग कर गिर रहा था। मैंने हेमन्त बेटा से घर मांगा और मुझे पक्का घर मिल गया। मेरे घर का ढलाई होने वाला है। अब मैं पक्के घर में रहूंगी।

हेमंत सोरेन को आभार

20 लाख

अबुआ आवास देने का लक्ष्य

2023-24 के लिए अबतक 1 लाख 90 हजार आवास स्वीकृत

2023-24 - 02 लाख आवास
2024-25 - 4,50000
2025-26 - 4,50000
2026-27- 4,50000
2027-28 - 4,50000

सुजीत मुंडा, रांची, अबुआ आवास के लिए मुझे प्रथम किस्त की राशि मिल चुकी है। इस राशि से मैंने घर की नींव खड़ी कर दी। दूसरी किस्त की राशि जल्द मिलेगी, किस्त मिलते ही घर की चारदीवारी खड़ी हो जाएगी। मेरा घर मिट्टी का था, लेकिन सरकार ने मुझे पक्का आवास दिया है।

हेमंत सोरेन को जोहार

करम पर्व के

शुभ अवसर पर लाखों बहनों को खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

हर बहना को हर साल ₹12 हजार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY) के तहत दूसरी किस्त का होगा हस्तांतरण

PR. No. 335467/IPRD/2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

संक्षिप्त समाचार

बाइक सवार को पिकअप ने मारी टक्कर, दो युवक की मौत

गम्हरिया। गम्हरिया थाना क्षेत्र के चिकनी खार के दो युवक को मां का अस्थि विसर्जन करने मुंगेर घाट जाने के दौरान बेगूसराय के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में हीरा टोल जीरोमाइल से श्रीकृष्ण सेतु जाने वाले सड़क एचएच 132 बी पर पिकअप वैन ने ठोकर मार दी। जिससे उन दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक 45 वर्षीय पन्नालाल शर्मा की मसोमात मां कलोधनी देवी की 28 अगस्त को मृत्यु हो गई थी, जिसका क्रिया कर्म के बाद सोमवार की सुबह छह बजे मां का अस्थि विसर्जन करने अपने पड़ोसी राहुल शर्मा के साथ बाइक से मुंगेर घाट जा रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एचएच 132 बी पर वाहन ने टक्कर मार दी। जहां घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने बताया कि रास्ता पता नहीं होने के कारण दोनों बाइक सवार मोहनपुर गांव के समीप मल्हीपुर की तरफ मुड़ने के बजाए धोखा से एनएच 333बी सड़क से सीधे श्रीकृष्ण सेतु की तरफ बढ़ गया। तेजगति से आ रही पिकअप वैन ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मारते हुए खगड़िया की तरफ भाग गया।

बाइक के धक्के से अधेड़ की मौत, दो लोग घायल

टिकारी। टिकारी बाइक के धक्के से मंगलवार की देर शाम अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक की पहचान कोंच थानाक्षेत्र के केर ग्राम के स्व रामाशीष यादव के 45 वर्षीय पुत्र विनोद यादव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार बड़गांव जाने वाले मार्ग स्थित पुल के समीप बाइक चालक तेज गति से जाने के क्रम में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे से जा रहे विनोद को धक्का मार दिया। घटना में विनोद यादव गम्भीर रूप से घायल हो गये। आनन फानन में आसपास के लोगो द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दो घायलों का इलाज कराया गया। स्वजनों द्वारा निजी क्लिनिक में ले जाया गया। घायल की पहचान केर ग्राम के ही करीमन दास के पुत्र गौतम कुमार व रविंद्र यादव के पुत्र कौशल कुमार के रूप में हुई।

स्कूलों में आईसीटी लैब का निरीक्षण करेंगे बीईओ

गया। कलेक्ट्रेट के सभागार में सोमवार को डीएम के निर्देश पर शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें कई आवश्यक निर्देश दिए गए। डीडीसी ने इस बैठक की अध्यक्षता की। सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को स्कूलों में संचालित आईसीटी लैब का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। जिले में 235 विद्यालयों में आईसीटी लैब हैं। इनके 54 राज्य मुख्यालय द्वारा स्थापित हैं। इस दौरान निर्माण की सभी योजनाओं पर चर्चा हुई। निर्देश दिया गया की सभी बीईओ अपने स्तर से निर्माण कार्य में सहयोगात्मक व्यवहार अपनाएंगे। ताकि किसी संवेदक को कार्य करने में परेशानी ना हो। विद्यालय की चाहरदिवारी योजना में संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए विद्यालय की जमीन चिन्हित करना सुनिश्चित करेंगे। ई-शिक्षा कोष पर स्टूडेंट प्रोफाइल एनरोलमेंट में नीचले पायदान पर रहने वाले प्रखंडों को शत-प्रतिशत इंट्री सुनिश्चित करने को कहा गया।

उद्यमी योजना का लोन पास होने पर भी नहीं मिली राशि

बिहारशरीफ। डीएम शशांक शुभंकर ने मंगलवार को जनता दरबार मे 26 लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान के लिए पदाधिकारियों को निर्देश दिया । बालचन्द विगहा से आई सुमिता देवी मध्य विद्यालय बड़ारा में रसोइया है। कई महीने से उसे मानदेय नहीं मिला है। डीएम ने एमडीएम डीपीओ को कार्रवाई का निर्देश दिया है। जगदीशपुर तियारी गांव के मनोरंजन कुमार ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में लोन पास होने के बाद भी पैसा नहीं मिलने की शिकायत की। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को कार्रवाई का निर्देश दिया है। कचरा गांव से ग्रामीणों ने सालेपुर के दलित समाज के वार्ड 15 में बिजली कनेक्शन काटकर परेशान किये जाने की शिकायत की। विद्युत कार्यपालक अभियंता, को कार्रवाई का निर्देश दिया गया। अम्बा गांव की प्रमिला देवी ने आवास योजना का लाभ देने की मांग की।

28 लाख का सामान लदा लूटा गया ट्रक जहानाबाद से बरामद

नूरसराय। नूरसराय थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा मार्ग पर बदमाशों ने हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी के 28 लाख का उत्पाद लोड ट्रक लूट लिया। कार सवार लुटेरों ने चालक को बंधक बना घटना को अंजाम दिया। चालक बदमाशों के चंगुल से फरार हो गया। इसके बाद घटना का खुलासा हुआ। सूचना के बाद 36 घंटे के अंदर लूट का खुलासा करते पुलिस ने जहानाबाद जिले से माल लोड ट्रक बरामद करते हुए तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि 6 सितंबर को घटना हुई थी। अगले दिन चालक बदमाशों के चंगुल से भागकर थाना पहुंचा। केस दर्ज कर पुलिस ने 36 घंटे के अंदर तकनीक के इस्तेमाल से घटना का खुलासा कर लिया। जहानाबाद जिला के कल्पा थाना क्षेत्र से लूटे ट्रक को बरामद करते हुए तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। लुटेरे जहानाबाद और पटना के गोदाम में उत्पादों को ठिकाना लगाने के फिराक में थे। वाहन पर कंपनी का कॉस्मेटिक, सर्फ, साबून, शैंपू, हॉर्लिक्स व अन्य उत्पाद था। 885 कार्टन उत्पाद बरामद हुआ। गिरफ्तार बदमाशों में कल्पा थाना क्षेत्र के किनारी गांव निवासी विक्की कुमार, सिकरिया निवासी संतोष कुमार और पटना जिला के भगवानगंज के खौरना निवासी मनीष कुमार उर्फ अमित शामिल है। पूछताछ के आधार पर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है। छापेमारी टीम में इंस्पेक्टर अनिल कुमार पांडेय, थानाध्यक्ष रजनीश कुमार, दारोगा राजेश कुमार ठाकुर, कृष्ण कन्हैया आदि थे।

150 लीटर शराब के साथ तीन तस्कर की गिरफ्तारी

वजीरगंज। गया से वजीरगंज की ओर ऑटो से शराब लेकर आ रहे तस्कर सोमवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गए। थानाध्यक्ष वेंकटेश ओझा ने बताया कि सूचना मिली थी कि तस्कर ऑटो से शराब लेकर वजीरगंज की ओर आ रहे हैं, पुलिस ने पुनावां में सूचित ऑटो को रुकवाया तो उसपर सवार तीन तस्कर बगाही पहाड़ पर चढ़कर भागने लगे। पुलिस ऑफिसर राधेश्याम राय एवं मुंशी श्याम बिहारी चौधरी ने ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को पहाड़ी पार बधार में पकड़ लिया। ऑटो पर तीन बोरे में प्लास्टिक के थैले में शराब भरकर 50 - 50 लीटर देसी शराब भरा हुआ पाया गया। ऑटो सहित तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया एवं उनलोगों के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

रिटायर्ड शिक्षक ने एसपी से की पुलिस की शिकायत

परवलपुर। बाजार निवासी रिटायर्ड शिक्षक ने एसपी को आवेदन देकर परवलपुर थाना पुलिस की शिकायत की। आवेदन में बुजुर्ग रामनंदन सिंह ने बताया है कि रविवार की रात पुलिस उनके घर में घुसकर परिवार से बदसलूकी की। जबकि, दरवाजा खोलने के पहले उन्होंने बताया था कि जिस वारंटी की वह तलाश कर रहे हैं, उनका घर दूसरा है। इसके बाद भी पुलिस घर में घुसकर बदसलूकी की।

मुख्य सड़क किनारे गेट तोड़ दुकान से चोरी

परवलपुर। थाना क्षेत्र के सतमुहियां पुल के पूरब मुख्य सड़क किनारे स्थित किराना सह तेल मिल दुकान का गेट तोड़कर सोमवार की रात सक्रिय बदमाशों ने हजारों के सामानों की चोरी कर ली। पीड़ित अजय कुमार ने बताया कि दो गैस सिलेंडर, तीन बोरी सरसो, 45 किलोग्राम सरसो तेल, एक बोरी सूखी मिर्च समेत अन्य सामानों पर बदमाश ने हाथ साफ किया। जिसकी अनुमानित कीमत हजारों में है। संचालक ने घटना की शिकायत पुलिस से की है।

बिहार विद्यालय रात्रि प्रहरी का एक दिवसीय प्रदर्शन-भूख हड़ताल

♦ न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने, रात्रि प्रहरी को 60 साल के लिए नियमित करने की मांग

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार विद्यालय रात्रि प्रहरी संघ ने बुधवार को बिहारशरीफ के अस्पताल चौक पर एक दिवसीय धरना दिया। प्रदर्शन और भूख हड़ताल कर हंगामा किया। इस दौरान जिले के शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत रात्रि प्रहरी कर्मचारियों की लंबित मांगों को उठाया गया। संघ के अध्यक्ष संजीत परमार ने बताया कि रात्रि प्रहरी कर्मचारी लंबे समय से अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर संघर्षरत है।

उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारी दिन-रात विद्यालयों की सुरक्षा में लगे हुए हैं। लेकिन उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हमलोगों को न्यूनतम मजदूरी से भी कम वेतन मिल रहा है। 5 हजार का मानदेय से भी कम है। हमलोगों को बहाली होने के बाद 17-17 महीने से वेतन भुगतान बाधित है।

प्रमुख मांगों में शामिल

1. **वेतन वृद्धि:** वर्तमान में मिल रहे 3404/- प्रतिमाह के स्थान पर 11,500/- मासिक वेतन की मांग।
2. **पद सृजन:** राज्य प्रहरी कर्मचारियों के लिए स्थायी पदों का सृजन।
3. **सेवा नियमावली:** एक व्यापक सेवा नियमावली का निर्माण जो कर्मचारियों के अधिकारों और कर्तव्यों को स्पष्ट करें।
4. **सामाजिक सुरक्षा:** कर्मचारियों को EPF और ESI जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ।

संघ के प्रवक्ता ने कहा कि "हम सरकार से आग्रह करते हैं कि वह हमारी इन मांगों पर गंभीरता से विचार करे। हमारे कर्मचारी शिक्षा व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उनके योगदान को नजर-अंदाज नहीं किया जा सकता।"

महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र में आज लोजपा रा. के नेताओं का जुटान

निज संवाददाता। गया

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश के नेताओं का जुटान आज बुधवार को महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र में होगा। इसमें लोजपा के चार सांसदों के अलावे प्रदेश के सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष शामिल होंगे। करीब 11 बजे बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुरू होगी। शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी करेंगे। ये बातें मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह व जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने केन्दुई में प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। राष्ट्रीय सचिव श्री सिंह ने बताया कि बिहार प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक की तैयारी पूरी हो चुकी हे। इस बार बुद्ध व ज्ञान की भूमि पर प्रदेश के नेता पहुंचेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा होगी। वहीं जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि बैठक में जमुई सांसद अरुण भारती, समस्तीपुर सांसद सांभवी चौधरी, खगड़िया सांसद राजेश वर्मा व वैशाली सांसद वीणा सिंह भी शामिल होंगी। बैठक में कार्यकारिणी की बैठक के साथ आने वाले विधानसभा चुनाव पर भी जोरदार मंथन किया जाएगा। खास कर गया जिला में 10 विधानसभा में किस-किस विधानसभा में लोजपा रा. अपने उम्मीदवार को उतारेगी इस पर भी मंथन होगा। बैठक को सफल बनाने में विशेष रूप से पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह, पार्टी के संसदीय बोर्ड के जिला अध्यक्ष ठाकुर सुमन सिंह, संगठन मंत्री सुबोध कुमार सिंह, राधा स्वामी, शांतनु सिंह, राहुल यादव आदि लगे हुए हैं।

सीडीपीओ ने दिए कई आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता। टनकुप्पा

टनकुप्पा परियोजना कार्यालय में मंगलवार को सीडीपीओ किरण कुमारी ने सेविकाओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के विभिन्न प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की गई। सरकार द्वारा संचालित सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ बच्चों व माताओं को दिलाने को लेकर जागरुकता अभियान चलाने पर बल दिया।

साथ ही केंद्र संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रुप से साफ-सफाई, कुपोषण, अन्नप्राशन सहित सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जुआ अड्डा से जदयू प्रखंड अध्यक्ष समेत 14 गिरफ्तार, जहां पाठशाला चलती थी, वहां मिली शराब की पेटियां

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा पुलिस ने बुधवार को बिहार थाना क्षेत्र के अम्बेर चौक में एक अवैध शराब और जुआ अड्डे का भंडाफोड़ किया। छापेमारी में जदयू के अस्थावां प्रखण्ड अध्यक्ष सीताराम प्रसाद समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भारी मात्रा में विदेशी शराब और नगदी बरामद की गई है। बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि मधुसूदन कुमार सिन्हा के मकान में पहले एक पाठशाला चलती थी, अब अवैध गतिविधियां हो रही हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मकान से 292.32 लीटर विदेशी शराब बरामद की, जिसमें रॉयल स्पेशन प्रीमियम व्हिस्की की 6 पेटी सीलबंद और एक पेटी खुला हुआ शामिल था। इसके अलावा, मकान के पिछले कमरे में 14 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। उनके पास से कुल 2,84,000 रुपए नगद बरामद किए गए। पुलिस ने मौके से 14 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 10 पैकेट ताश के पत्ते और 9 बाइक भी जब्त की हैं।

ढाई लाख से अधिक कैश भी बरामद



नालंदा और पड़ोसी राज्य के रहने वाले हैं अभियुक्त: गिरफ्तार अभियुक्तों में से मधुसूदन कुमार, संजय कुमार, चंदन कुमार, अजय कुमार, रवि शंकर कुमार, गौतम कुमार, सीताराम प्रसाद, निर्मेंद्र कुमार, ईशान प्रकाश, संजीव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सतीश कुमार, जितेंद्र कुमार और राकेश कुमार है।

गिरफ्तार अभियुक्त नालंदा और पड़ोसी राज्य पटना के रहने वाले हैं। वहीं, बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री सह प्रभारी मंत्री नालंदा विजय कुमार चौधरी ने कहा कि यह हमारी सरकार की विश्वसनीयता का उदाहरण है कि गलत काम चाहे कोई करें चाहे हमारे पार्टी का हो, चाहे हमारे परिवार का हो वह कानून से नहीं बच सकता है।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं0–25 ऑफ 2024–25/ खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध हैं, निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं.–19–डीडीयू–व.मं.इंजी.– ।। –24–25, (i) **कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/डेहरी ऑन सोन के अधीन सासाराम में गार्ड और ड्राइवर के विश्राम कक्ष का निर्माण। (ii) **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 7098818.16 (iii) **धरोहर राशि :** ₹ 142000.00 (iv) **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 03.10.2024 को 12:00 बजे तक। (v) **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोटः–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेल, पं0 दीन दयाल उपाध्याय मंडल
पीआर/01104/डीडीयू/इंजी./टी/24–25/32

गौड़ीय मठ में दस मिनट के लिए भक्त कर सकेंगे राधारानी के चरण का दर्शन

निज संवाददाता। गया

राधाष्टमी का पर्व आज बुधवार को है। शहर के गौड़ीय मठ, इस्कॉन मंदिर, शुभ वृंदावन मंदिर के साथ राधे-राधे भवन में श्री राधारानी का पावन जन्म "उत्सव'''' के साथ मनेगा। सभी जगहों पर तैयारी पूरी हो चुकी है। बता दें कि इस दिन श्रद्धालु श्री राधारानी के दिव्य चरण का दर्शन कर सकेंगे। गौड़ीय मठ में दोपहर 12:00 से 12:10 तक ही श्रद्धालु माता के चरण का दर्शन पूजन कर सकेंगे। वहीं गांधी मैदान स्थित इस्कॉन मंदिर में शाम पांच बजे से लेकर रात्रि नौ बजे तक चरण दर्शन होगा। गौड़ीय मठ के महंत उदासीन जी महाराज ने बताया कि वर्ष में मात्र एक दिन ही भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को श्रीराधारानी के दिव्य चरण का दर्शन होता है। मात्र दस मिनट के राधारानी के पावन चरण के दर्शन से मन को असीम शांति मिलती है, साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति श्रद्धा व भक्ति की भावना प्रज्जवलित होती है। उन्होंने बताया कि राधाष्टमी को लेकर सुबह 04:45 से मंगल आरती, 05:45 से मंदिर परिक्रमा व 06:45 में बाल भोग लगेगा। सुबह 09:00 बजे राधारानी का पंचामृत से स्नान के बाद राजवेष में श्रृंगार होगा। इस्कॉन मंदिर में भी मनेगा राधाष्टमी शहर के गांधी मैदान रेडक्रॉस स्थित इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी की तरह राधाष्टमी का पर्व भी धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंधक जगदीश श्याम दास जी महाराज ने बताया कि राधाष्टमी पर मंगल आरती, गुरु पूजा, दर्शन आरती व राधा-रानी की महिमा पर चर्चा होगी। दोपहर 12 बजे राधारानी को 56 भोग लगेगा।

एक बजे से भंडारा चलेगा। शाम पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक राधारानी के पावन चरण का दर्शन कर सकेंगे। शुभ वृंदावन मंदिर में भी होगी विशेष पूजा शहर के काली बाड़ी टिल्हा धर्मशाला के पास स्थित शुभ वृंदावन मंदिर में भी 11 सितंबर को भव्य तरीके से राधाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी स्वामी अरुणानंद ने बताया कि आज ही के दिन श्रीराधारानी का प्राकट्य हुआ था। 12 बजे दिन में पूजा का विशेष संयोग बन रहा है। राधारानी की विशेष पूजा अर्चना के बाद भजन कीर्तन व प्रसाद का वितरण होगा। राधे-राधे भवन में भजन के साथ मनेगा जन्म उत्सव शहर के गांधी मैदान स्थित राधे-राधे भवन में भी राधाष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इसकी जानकारी श्रीराम चरित्र मानस नवाह्न पारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष शिवकैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना डालमिया ने दी। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे से भजन कीर्तन शुरू होगा। माता राधारानी को 56 प्रकार का भोग लगाया जाएगा। दोपहर 12:30 से 03 बजे तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

नालंदा में मशरूम की खेती करने वालों को होगा फायदा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। राज्य सरकार ने मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत, किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर मशरूम किट उपलब्ध कराई जाएगी। नालंदा जिला उद्यान पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि हमारा लक्ष्य है, नालंदा जिले में 23 हजार मशरूम किट का वितरण करना। यह योजना किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने का अवसर प्रदान करेगी। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, मशरूम पोषक तत्वों का खजाना है। यह प्रोटीन और खनिज लवण से भरपूर होता है, जो कुपोषण से लड़ने में मददगार है। इच्छुक किसान horticulture.bihar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

योजना की मुख्य विशेषताएं

1. प्रति किट लागत 55 रुपए। इसमें से किसान को केवल 5.50 रुपए देने होंगे।
2. एक किसान न्यूनतम 25 और अधिकतम 100 किट प्राप्त कर सकता है।
3. आवेदन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर स्वीकार किए जाएंगे।

महत्वपूर्ण शर्त यह है कि केवल प्रशिक्षित किसान ही इस योजना के लिए पात्र होंगे। कुमार ने इस बारे में कहा कि प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे किसानों को बेहतर उपज प्राप्त करने में मदद मिलेगी। नुकसान का जोखिम कम होगा।

लूटपाट मामले में तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार, कॉस्मेटिक सामान से लदा ट्रक लूटा था

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले नूरसराय थाना क्षेत्र में हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी के माल से लदे ट्रक की लूट हुई थी। पुलिस ने इस मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है और लूटा गया सामान बरामद कर लिया है। सदर डीएसपी-2 ने बताया कि 6 सितंबर की रात करीब 9:30 बजे नूरसराय थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग पर परसी पेट्रोल पंप के पास से एक ट्रक (रजिस्ट्रेशन नंबर BR 02GA 5826) को अज्ञात अपराधियों ने लूट लिया था। ट्रक में हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी का कॉस्मेटिक सामान लदा हुआ था। घटना के बाद नूरसराय थाना में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। पुलिस ने लूट का ट्रक और सामान को बरामद कर लिया। साथ ही इस मामले में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधी जहानाबाद और पटना के रहने वाले हैं: गिरफ्तार अपराधियों की पहचान विक्की कुमार (जहानाबाद), संतोष कुमार (जहानाबाद) और मनीष कुमार उर्फ अमित कुमार (पटना) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में और भी लोगों की संलिप्तता की जांच की जा रही है। ट्रक के अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर कंपनी के 885 कार्टन कास्मैटिक्स सामान शामिल हैं। कार्रवाई नूरसराय थाना के थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के नेतृत्व में की गई।

पूर्व रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघरः झलझलिया, जिला मालदा, पिनः732102 (पश्चिम बंगाल), (नीलामी संचालन अधिकारी) द्वारा मालदा मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर आउट ऑफ होम (ओओएच), रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क (नॉन–डिजिटल एवं डिजिटल) नीति के अधीन विज्ञापन लॉट के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई–नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **ऑक्शन कैटलॉग नं.: एडीवीआरटी–मालदा–26**

मालदा मंडल के तहत आउट ऑफ होम (ओओएच) के लिए ई–नीलामी

क्रम सं., लॉट नं./कैटेगरी और स्टेशन : एए/1, एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–214–24–1, भागलपुर। **एए/2,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–178–23–1, भागलपुर। **एए/3,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–169–23–1, भागलपुर। **एए/4,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–177–23–1, भागलपुर। **एए/5,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–180–23–1, भागलपुर। **एए/6,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–173–23–1, भागलपुर। **एए/7,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएच–171–23–1, भागलपुर। **एए/8,** एडीवीटी–एमएलडीटी–एमएलडीटी–ओएच–205–24–1, मालदा।

मालदा मंडल के तहत रेल डिस्प्ले नेटवर्क (डिजिटल) के लिए ई–नीलामी

क्रम सं., लॉट नं./कैटेगरी और स्टेशन : एबी/1, एडीवीटी–एमएलडीटी–एमएलडीटी–ओएसडी–206–24–1, मालदा टाउन। **एबी/2,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसडी–191–23–1, भागलपुर। **एबी/3,** एडीवीटी–एमएलडीटी–एमएलडीटी –ओएसडी–190–23–1, मालदा टाउन।

मालदा मंडल के तहत रेल डिस्प्ले नेटवर्क (नॉन–डिजिटल) के लिए ई–नीलामी

क्रम सं., लॉट नं./कैटेगरी और स्टेशन : एसी/1, एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–209–24–1, भागलपुर। **एसी/2,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–213–24–1, भागलपुर। **एसी/3,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–149–22–1, भागलपुर। **एसी/4,** एडीवीटी–एमएलडीटी–जेएमपी–ओएसएन–162–23–1, जमालपुर। **एसी/5,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–215–24–1, भागलपुर। **एसी/6,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–150–22–1, भागलपुर। **एसी/7,** एडीवीटी–एमएलडीटी–जेएमपी–ओएसएन–163–23–1, जमालपुर। **एसी/8,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–211–24–1, भागलपुर। **एसी/9,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–210–24–1, भागलपुर। **एसी/10,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–143–22–1, भागलपुर। **एसी/11,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–216–24–1, भागलपुर। **एसी/12,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–148–22–1, भागलपुर। **एसी/13,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–207–24–1, भागलपुर। **एसी/14,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–151–23–1, भागलपुर। **एसी/15,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी–ओएसएन–145–22–1, भागलपुर। **एसी/16,** एडीवीटी–एमएलडीटी–बीजीपी –ओएसएन–147–22–1, भागलपुर। **नीलामी शुरूः** दिनांक 26.09.2024 को 11.45 बजे (प्रत्येक हेतु)। प्रत्याशित बोलीदाताओं को विस्तृत जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई–ऑक्शन मॉड्यूल देखने का अनुरोध किया जाता है।

MLD-94/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

कोचिंग सेंटर में गन लेकर पहुंचा छात्र, क्लास में छात्रा को लग गई गोली, हड़कंप

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। बिहार में छात्रों द्वारा स्कूल में बंदूक लाए जाने की कई खबरें पिछले कुछ दिनों के दौरान सामने आई हैं। अब एक छात्र कोचिंग संस्थान में बंदूक लेकर पहुंचा और इस दौरान इस बंदूक से एक छात्रा को गोली लग गई। इस घटना से हड़कंप मच गया है। मुजफ्फरपुर जिले में में गोली लगने से घायल छात्रा का इलाज जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सकरा थाना क्षेत्र के एक कोचिंग संस्थान में यह छात्र पिस्तौल लेकर आया था। बताया जा रहा है कि कोचिंग सेंटर में अंग्रेजी की क्लास चल रही थी। क्लास खत्म होने के बाद अचानक क्लासरूम में गोली चली और एक छात्रा लहुलूहान हो गई। अचाक गोली चलने से वहां अफरातफरी मच गई और शिक्षक तथा छात्र चौंक गए। बताया जा रहा है कि घायल छात्रा ने कहा है कि कोचिंग क्लास में उसके पीछे बैठे एक लड़के ने गोली चलाई है। रिपोर्ट में यह भी कहा जा रहा है कि गोली चलाने वाला छात्र लड़की के ही गांव का है। बताया जा रहा है कि क्लासरूम में गोली चलने के बाद आरोपी छात्र फरार हो गया। जख्मी लड़की को किसी तरह इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने कहा है कि अभी इस मामले की छानबीन की जा रही है। छात्र की भी तलाश की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कोचिंग क्लास के छात्र के पास बंदूक कहां से आई? आपको याद दिला दें कि कुछ दिनों पहले सुपौल जिले के एक स्कूल में नर्सरी का छात्र बंदूक लेकर विद्यालय में आया था। इस छात्रा ने स्कूल में पढ़ने वाले एक तीसरी क्लास के बच्चे को गोली मार दी थी।

पुलिस की गाड़ी पलटी, सिपाही की मौत, दरभंगा में पिकअप वैन का पीछा करने के दौरान हादसा

दरभंगा , एजेंसी। बिहार के दरभंगा में मनीगाछी थाना क्षेत्र के ह॥ 27 पर वाहन चेकिंग अभियान के दौरान तेज गति से पिकअप का पीछा करते हुए गश्ती गाड़ी पलट गई. पुलिस की गाड़ी के पलटने से चालक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. वहीं घटना में 3 अन्य पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गए. जिनका इलाज मधुबनी जिला के पंडौल स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है. जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है.

दरभंगा में पुलिस गाड़ी पलटी: इस हादसे में पुलिस वाहन चालक औरंगाबाद निवासी विनोद कुमार सिंह के पुत्र सिपाही रवि कांत कुमार घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मनीगाछी थाना के अधिकारी मौके पर पहुंचकर घायल प्रमोद कुमार सिंह, बिपिन कुमार पासवान, सतेंद्र कुमार सिंह सहित टेम्पो में चोटिल यात्री को इलाज के लिए मधुबनी जिला के पंडौल स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया. मृतक चालक का शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

एनएच 27 पर हुआ हादसा: बताया जाता है कि मंगलवार को मनीगाछी थाना की पुलिस एनएच 27 पर वाहन चेकिंग अभियान चला रखा था. उसी क्रम में तेज गति से आ रहे पिकअप वैन को रुकने का इशारा किया गया. जिसपर पिकअप का चालक अपनी गाड़ी को और तेज कर भागने लगा. यह देखकर गश्ती गाड़ी ने पिकअप वैन का पीछा करना शुरू कर दिया. तभी यात्रियों से भरे एक ऑटो को ठोकर मारते हुए पुलिस गाड़ी सड़क के दक्षिण किनारे अनियंत्रित होकर सड़क से करीब दस फीट नीचे पलट गई. मनीगाछी थाना की पुलीस गश्ती की गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई है. राजे टॉल प्लाजा से आगे हादसा हुआ है. इसमें हमारे सिपाही रवि कांत कुमार का निधन हो गया है. कई जवान घायल हैं. सभी का पंडौल में इलाज चल रहा है.

नालंदा में मशरूम की खेती करने वालों को होगा फायदा :सरकार दे रही है 90 प्रतिशत अनुदान पर मशरूम किट

नालंदा, एजेंसी। नालंदा के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। राज्य सरकार ने मशरूम की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है। इस योजना के तहत, किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर मशरूम किट उपलब्ध कराई जाएगी। नालंदा जिला उद्यान पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि हमारा लक्ष्य है, नालंदा जिले में 23 हजार मशरूम किट का वितरण करना। यह योजना किसानों को कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने का अवसर प्रदान करेगी।

भागलपुर से हावड़ा के लिए चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन

15 सितंबर को कार्यक्रम का आयोजन; एडीआरएम ने दी जानकारी

भागलपुर, एजेंसी। भागलपुर से हावड़ा के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत इसी महीने होने जा रही है। वंदे भारत के परिचालन से भागलपुर के लोग पांच से छह घंटे में हावड़ा तक की सफर तय कर पाएंगे। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

मालदा रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गई है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन का वाराणसी से ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। 15 सितंबर को भागलपुर रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। ट्रेन प्लेटफार्म नंबर छह से रवाना होगी। उद्घघाटन के दिन ट्रेन भागलपुर स्टेशन से दिन में 11 बजे रवाना होगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए 8 बजे हावड़ा पहुंचेगी।

ट्रेन स्टॉपेज और टाइम टेबल की जानकारी : 15 सितंबर सुबह 11 बजे भागलपुर स्टेशन से खुलकर 11:30 बजे बारहर पहुंचेगी। मिनट के ठहराव के बाद बांका के सांसद हरी झंडी दिखाते हुए इसी रवाना करेंगे। बारहट के बाद मंदार, हिल, हंसडीहा, नौनीहाट, दुमका, रामपुरहाट, बोलपुर, होते हुए रात 8 बजे हावड़ा पहुचेंगी। उद्घघाटन वाले दिन वंदे भारत सभी स्टेशनों पर 20 - 20 मिनट तक रुकेगी। जिस वजह से रेलवे की तरफ से ट्रेन की रेगुलर टाइमिंग जारी नहीं की गई है।

ट्रेन कोच और सुरक्षा की व्यवस्था : वंदे भारत ट्रेन फिलहाल 8 कोच के साथ चलेगी। इन आठ कोच में से 2 एक्सक्लूसिव क्लास के कोच, 6 एसी चेयर कार होगा। एग्जीक्यूटिव क्लास की सीट चारों ओर घूमेगी। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा आरपीएफ के हवाले रहेगी। ट्रेन खुलने पर ट्रेन में स्कॉर्ट पार्टी के रूप में आरपीएफ के अधिकारी व जवान रहेंगे। अकेले सफर करने वाली महिला व लड़कियों को सुरक्षित यात्रा कराने के लिए मेरी सहेली महिला आरपीएफ बल के अधिकारी की टीम तैनात रहेगी।

कितनी तेज चलेगी भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

वंदे भारत एक्सप्रेस आमतौर पर 130 किमी प्रति घंटे के रफ्तार से चलती है लेकिन भागलपुर-दुमका रेलखंड पर यह ट्रेन 110 किमी की स्पीड से ही चलेगी। सिंगल लाइन होने की वजह से ट्रेन की गति कम रहेगी। दुमका के बाद यह 130 किमी प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ेगी। इस रूट से भागलपुर से हावड़ा की दूरी करीब 400 किमी है। यह ट्रेन पूरी तरह यानी 100त्न स्वदेशी है। इसकी रफ़्तार बहुत ही कम समय में 160 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़कर 200 किलोमीटर प्रति घंटे हो जाती है। भारत की ट्रेनों में इंजन का एक अलग से कोच होता है। लेकिन वंदे भारत ट्रेन में मेट्रो की तरह ट्रेन में ही इंजन होता है।

शहर की पहली और जिले की दूसरी वंदे भारत

भागलपुर से हावड़ा के बीच संभावित वंदे भारत शहर से चलने वाली पहली और जिले से गुजरने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस होगी। इससे पहले पटना से एनजेपी वंदेभारत को नवगछिया होकर इसी साल मार्च में चलाया गया था। ट्रेन नंबर 22233/22234 न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने 12 मार्च 2024 को किया था। बता दें कि मकर संक्रांति के दिन भागलपुर शहर से अगरतला-आनंद विहार तेजस राजधानी ट्रेन को भी चलाया गया था।

एडीआरएम ने दी गेस्ट लिस्ट की जानकारी

बता दें कि मालदा के एडीआरएम शिव कुमार प्रसाद ने इस बात की पुष्टि की है। 15 सितंबर को भागलपुर से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस कार्यक्रम में रेल डिवीज़न के बड़े अधिकारी, भागलपुर सांसद अजय मंडल, खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के अलावा भागलपुर विधायक, एमएलसी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में डीआईजी, डीएम, एसएसपी को भी बुलाया जायेगा।

सासाराम में ट्रेनिंग दी, गया में बना दिया फर्जी टीसी :रेलवे में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। मुजफ्फरपुर पुलिस ने रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने ठगी के मास्टरमाइंड सचेंद्र शर्मा उर्फ दादा (78) को ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वह दो दशक से रेलवे में बहाली के नाम पर लोगों को ठग रहा था। पुलिस ने उसे मुजफ्फरपुर के मेहंदी हसन रोड से पकड़ा है। सचेंद्र शर्मा ने ग्रुप सी में स्पोर्ट्स कोटा के तहत टीसी की नौकरी लगवाने के लिए एक युवक को सासाराम में 4 महीने तक ट्रेनिंग दिलाई। इसी साल 7 सितंबर को जॉइनिंग लेटर भी दिया, जिसे लेकर वह गया के वजीरगंज रेलवे स्टेशन गया। स्टेशन मास्टर को जॉइनिंग लेटर दिया तो उसने देखते ही कहा कि सभी कागज फर्जी हैं। इसके बाद उसने स्न्ढ्ढक्रदर्ज की और सचेंद्र पकड़ा गया। मामले में नामजद 6 आरोपी फरार हैं। सचेंद्र शर्मा के पास से एक बैंक चेक, 4 मोबाइल, जॉइनिंग लेटर, पूर्व रेलवे के कागजात आदि जब्त किए गए हैं। गिरोह का नेटवर्क देश के कई राज्यों में फैला है। वह नौकरी के नाम पर एमपी, राजस्थान और ओडिशा में भी फर्जीवाड़ा कर चुका है। ठगी के शिकार सौरभ कुमार और उसके दोस्त मोहन कुमार ने बेला थाने में स्न्ढ्ढक्रदर्ज कराई थी। इसमें सचेंद्र शर्मा के अलावा भजन गायिका, सोनू मुस्कान, आलू-प्याज के व्यवसायी श्याम बाबू सिंह, कबीर, अहियापुर थाना के बिंदा बिहारी वर्मा उर्फ वर्मा, राजीव मिश्रा उर्फ मिश्रा को आरोपी बनाया गया। इसी आधार पुलिस ने कार्रवाई की और सचेंद्र को पकड़ा।

6 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है : एएसपी टाउन भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ठगी मामले में कार्रवाई की गई है। गिरोह से जुड़े हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कुल 6 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। बाकी अन्य जिले के रहने वाले हैं। यह एक ऑर्गेनाइज मोड में काम करने वाला गिरोह है और पूरे बिहार के अलग-अलग जिले में फैला हुआ है।आशंका है कि इस गिरोह के चंगुल में अब तक कई लोगों से ठगी हुई है। यह आंकड़ा करोड़ रुपए का हो सकता है।

थाने में कराई गई प्रेमी जोड़े की शादी :वैशाली में 10 साल से संपर्क में थे, परिजनों के विरोध पर कोर्ट पहुंचे दोनों

हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी। वैशाली के बिदूपुर थाने में स्थित ब्रह्मस्थान मंदिर में मंगलवार की देर रात एक प्रेमी जोड़े की शादी कराई गई। मामला बिदूपुर थाना क्षेत्र के माइल गांव की है। बताया जा रहा है कि दोनों एक दूसरे को पिछले दस साल से एक-दूसरे को जानते थे। लड़की चकौसन गांव निवासी राजेश सिंह की बेटी आयुषी कुमारी (28) है। वहीं लड़का माइल गांव निवासी राजेश कुमार का बेटा निशांत कुमार (29) है। दोनों बचपन से ही एक साथ स्कूल आते जाते थे। दोनों के बीच स्कूल में ही दोस्ती हुई। फिर दोनों में प्यार हो गया। दोनों एक साथ जीने-मरने को तैयार हो गए। इसकी जानकारी जब लड़की के परिजनों को लगी तो विरोध करना शुरू कर दिया और लड़के के परिजनों से भिड़ गए। मामला थाने तक पहुंच गया। सोमवार को थाने पर दोनों के परिजन और पक्षकारों की भीड़ लगी रही। गहमागहमी बढ़ता देख थानाध्यक्ष अरूण कुमार ने कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में ले लिया और प्राथमिकी दर्ज कर लिया। इसके बाद लड़की ने हाजीपुर न्यायालय में अपने स्वेच्छा से लड़के के साथ रहने की सहमति जताई है और अपने माता-पिता के घर जाने से इंकार कर दिया।

सड़क बन गई खेत, पुरुष चलाने लगे हल-बैल और धान की रोपनी करनें लगीं महिलाएं

गया में अनोखा विरोध

गया, एजेंसी। बिहार के गया के मोहनपुर प्रखंड अंतर्गत आमकोला गांव में अजब नजारा देखने को मिला यहां ग्रामीण पुरुषों ने सड़क पर पहले हल चलाया इसके बाद ग्रामीण महिलाओं ने धान की रोपनी शुरू कर दी. सड़क के किनारे बड़े-बड़े गड्ढों में धान की रोपनी महिलाएं कर रहीं महिलाओं का कहना था कि यह सड़क नहीं खेत है, इसलिए वे लोग इसमें धान की रोपनी कर रही हैं. दरअसल, मोहनपुर प्रखंड मुख्यालय से शुरू हुई यह सड़क आमकोला समेत दर्जन भर गांवों को जोड़ते हुए 20 किलोमीटर लंबी है, यह सड़क नेशनल हाइवे को भी जोड़ती है. पिछले एक दशक से भी अधिक समय से इस सड़क की ओर किसी ने पलट कर नहीं देखा, यह काफी खराब स्थिति में आ चुकी है.

जानकारी के अनुसार, आरडब्लूडी की योजना से यह सड़क 2011-12 में बनी थी. 12 साल बीत गए, लेकिन इस सड़क का निर्माण के बाद से इसकी मरम्मत एक बार भी नहीं हुई, नतीजतन सड़क में पैदल चलना मुश्किल है. इस सड़क पर सिर्फ ट्रैक्टर या बैलगाड़ी ही चल सकते हैं चार पहिया और दो पहिया वाहनों को चलाना काफी मुश्किल है. अगर किसी की तबीयत खराब हो जाती है तो यहां एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पाती है.

गया की मोहन पुर ब्लॉक से आमकोला सड़क पर विरोध स्वरूप धान की रोपनी करतीं महिलाए

स्थानीय लोगों का कहना है कि लोकसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी वोट मांगने के लिए आए थे और वह सांसद बने और फिर केंद्रीय मंत्री, लेकिन एक बार दोबारा पलट कर यहां नहीं आए. ग्रामीण महिलाएं और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार ने बताया कि हम लोग अनोखे तरीके से यह प्रदर्शन कर सरकार को दिखलाना चाह रहे हैं कि आपका सड़के किस हाल में हैं.

विरोध कर रहीं महिलाएं बताती हैं कि यह सड़क नहीं बल्कि खेत है, इसलिए हम लोग रोपनी कर रहे हैं. मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार ने बताया कि कई बार मंत्री विधायक से इसी गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई कुछ नहीं करता. बहरहाल, लोग अनोखे विरोध जरिये अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं. अब देखना है कि क्या स्थानीय लोगों का दर्द सरकार या स्थानीय प्रशासन कब तक सुनता है और इसको लेकर कोई एक्शन लेता है या नहीं.

बिहार में राजद की सरकार में आया जंगलराज, आभार यात्रा से कुछ नहीं होगा : केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे

कैमूर, एजेंसी। बीजेपी के संयुक्त मोर्चा कार्यशाला में केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे कैमूर पहुंचे। उन्होंने राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान पर कहा कि राहुल गांधी को कोई देश में सीरियस नहीं लेता तो अमेरिका में उनकी बातों का सीरियस कौन लेगा, वह नॉनसेंस व्यक्ति हैं। आगे कहा कि बिहार विधानसभा उपचुनाव में और 2025 के विधानसभा चुनाव में भी हमारी पार्टी की प्रचंड बहुमत से जीत होगी।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी के आभार यात्रा में दम नहीं है। जब 1990 से 2005 तक उनकी सरकार थी तो राजद ने बिहार को जंगल राज में धकेलने का काम किया था। राहुल गांधी के विदेश में प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करने पर कहा कि उनकी बातों को कोई जब देश में सीरियस ही नहीं लेता है तो अमेरिका में कौन लेगा ।

तेजस्वी पर कहा आभार यात्रा से कुछ नहीं होगा : वहीं रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव पर बोले कि रामगढ़ सीट हम जीतेंगे और 2025 में भी हमारी प्रचंड बहुमत से चारों के चारों सीट पर जीत होगी । तेजस्वी यादव के आभार यात्रा पर कहा कि आखिर किस चीज का आभार यात्रा निकाल रहे हैं। बिहार में चार सीट जीते उसका आभार, देश में परिवर्तन चाहते थे नहीं हुआ उसका आभार, आखिर किस चीज का आभार यात्रा निकाल रहे हैं। 1990 से लेकर 2005 तक जनता ने उनको एक्सेप्ट किया था। जिस समय राजद की सरकार थी तो उन्होंने बिहार को जंगल राज में झोंक दिया था। क्या उसका आभार करने के लिए निकल रहे हैं। उनके आभार यात्रा से कुछ नहीं होगा वो घूमते रहे ।

गलत पैरवी करने पर नहीं मिलेगी मदद

सुधाकर सिंह को थानेदार द्वारा हड़काने के मामले में कहा सुधाकर सिंह के बातों को जब थानाध्यक्ष सीरियस नहीं ले रहे है, इसका मतलब है की वो गलत पैरवी कर रहे हैं। क्योंकि राजद की सरकार में इतिहास रहा है की ब्लॉक, थाने पर जाकर अधिकारियों को हड़काया जाता था। बिहार में सरकार बदली है, यहां कानून के साथ विकास होता है। थाना प्रभारी अपने कानून के हिसाब से मदद कर सकता है, उससे अधिक अपने हिसाब से मदद खोजिएगा या दबाव बनाइएगा तो वह संभव नहीं है। क्योंकि कानून का राज है।

सीतामढ़ी के सरयू हाईस्कूल में एनसीसी का प्रशिक्षण शुरू

सीतामढ़ी, एजेंसी। सीतामढ़ी में दो बिहार बटालियन एनसीसी मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में 19 सितम्बर तक प्रशिक्षण चलेगा। इसका शुभारंभ आज हुआ। कल साम तक सिर्फ छात्र छात्राओं का इंट्री लिया गया। नौ दिवसीय सीएटीसी एक्स कैंप का आयोजन किया जाएगा। बता दें की बटालियन के द्वारा तीसरी बार जिले के सरयू उच्च विद्यालय सुरसंड में इस कैंप का आयोजन कर रहा है। इस कैंप के दौरान वैशाली, मुजफ्फरपुर, शिवहर और सीतामढ़ी जिले के विभिन्न कॉलेजों एवं विद्यालयों से 400 छात्र, 200 छात्राएं तथा 50 अधिकारी भाग लेंगे। कैंप के दौरान कैडेट्स हथियार प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, मानचित्र अध्ययन, बाधा दौड़, दूरी का अनुमान सहित तौर-तरीका बताया जायेगा और इसमें इन्हें पारंगत बनाया जायेगा।

हथियार के साथ कई तरह की दी जाएगी प्रशिक्षण : इस दौरान इनका कड़ा प्रशिक्षण सत्र संचालित किया जायेगा। इसमें अलग-अलग अधिकारियों और प्रशिक्षकों के द्वारा सत्र संचालित किया जायेगा। इसके साथ ही इन छात्र-छात्राओं को इस दौरान यहां रखकर

अनुशासन का पाठ पढ़ाया जायेगा। इनके अंदर देश प्रेम का जज्बा भरा जायेगा। इस आयोजन को लेकर अग्रिम टीम साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था दुरुस्त कर लिया गया है। दो बिहार बटालियन के एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के. चट्टोपाध्याय एवं कर्नल विक्रमजीत सिंह ने कैंप से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने एवं आवासीय परिसर को साफ स्वच्छ रखने के लिए अग्रिम टीम के रूप में जेसीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में एक दल भेजा है। विद्यालय आवास, बिजली, पानी तथा स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को विद्यालय प्रधान, बिजली विभाग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरसंड, नगर पंचायत सुरसंड के सहयोग से त्वरित गति से दुरुस्त किया जा रहा है।

नाम पूछने के साथ वृद्ध के सिर में मारी गोली ,गंभीर

सहरसा, एजेंसी। सहरसा के सोनवर्षाराज थाना क्षेत्र के बिंदटोली गांव के कोपा पंचायत स्थित बिंदटोली गांव में अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार की रात आठ बजे के करीब दरवाजे पर बैठे एक 70 वर्षीय जयंत दूबे वृद्ध को गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया । गोली उनके सिर में मारी गयी है। जिससे घायल की स्थिति काफी नाजुकबनी हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत है। घटना की सूचना मिलते ही काशनगर थाना पुलिस गंभीर रूप से जख्मी को अपने वाहन से इलाज के लिए पीएचसी सोनवर्षाराज लाया । जहाँ चिकित्सक द्वारा स्थिति गंभीर देख उसे समुचित इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया है।

सिर में मारी गोली : घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि हथियार बंद अज्ञात एक बदमाश घर के पीछे से आया और नाम पूछने के साथ सिर में पीछे से गोली मारकर फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार घटनासे थोड़ी देर पहले बिजली गुल हुई थी और घटना के कुछ देर बाद ही बिजली आ गई । घटना का कारण आपसी रंजिश,जमीनी विवाद वबिंदटोली हाट की निविदा हो सकता है। थानाध्यक्ष विक्की रविदास ने बताया कि घटना काकारण तत्काल कुछ बता पानासंभव नहीं है। जांच चल रही है।

चाय के लिए पति ने पत्नी, 8 साल की बेटी और 8 महीने के बेटे की कर दी हत्या

भोजपुर, एजेंसी। भोजपुर में मंगलवार को पति ने पत्नी, 8 साल की बेटी और 8 महीने के बेटे की हत्या कर दी। मर्डर के बाद खंती (जमीन खोदने वाला धारदार हथियार) से तीनों के सिर को धड़ से अलग कर दिए। ट्रिपल मर्डर के पीछे की वजह चौंकाने वाली है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पति लालू यादव ने पत्नी को चाय बनाने के लिए बोला था, लेकिन पत्नी ने चाय बनाने से मना कर दिया और पति का मजाक बनाते हुए हंसने लगी।

इस बात से गुस्साए आरोपी ने कमरा बंद कर तीनों की हत्या कर दी। मर्डर के बाद उसने ससुराल वालों को फोन कर वारदात की जानकारी दी और कहा कि अब लाश ले जाओ। मृतकों में सीमा देवी, बेटी सौम्या कुमारी(8) और बेटा द्विदान्त कुमार(8 माह) शामिल हैं। तीनों की लाश एक ही

कमरे में अर्धनग्न अवस्था में पाई गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी शख्स लालू यादव (35) को गिरफ्तार किया लेकिन वो थाना परिसर से मंगलवार की देर शाम भाग निकला। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी पति मानसिक रूप से विक्षिप्त भी है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की है।

मर्डर के बाद ससुराल वालों को फोन किया

हत्या के बाद आरोपी पत्नी के मायके वालों को फोन किया था और कहा था कि तहार बेटी के काट देले बानी। आके लाश ले जा लोग। वारदात के दौरान महिला और उसके बच्चे चिल्ला रहे थे। ग्रामीणों को लगा था कि रोज की तरह झगड़ा हो रहा, लेकिन जब दर्द भरी आवाज बचाओ-बचाओ की आवाज सभी ने सुनी तब ग्रामीण उसके घर की ओर बढ़े। आरोपी ने ग्रामीणों को भी धमकाया था काट देंगे।

पुलिस को देखकर भागने लगा

लालू यादव के फोन के बाद सीमा देवी के मायके जमुआंव गांव में शंका हुई। मायका वालों ने बताया कि घबरा कर हमलोग मिल्की टोला पहुंचे। देखा कि तीन शव घर में पड़ा था। उसी समय पुलिस आई, लल्लू यादव घर से भागने लगा। भागते हुए लालू यादव को पुलिस गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि लल्लू यादव एक सनकी किस्म का व्यक्ति है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शादी 2014 में संदेश प्रखंड के जमुआव गांव की सीमा के साथ हुई थी।

मानसिक रूप से कमजोर है आरोपी लालू

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि लालू मंदबुद्धि का बताया जा रहा है। उसे गिरफ्तार कर पूछताछ हो रही है।

ननिहाल में होने से दूसरी बेटी की जान बची

ग्रामीणों ने बताया कि लालू यादव एक सनकी किस्म का व्यक्ति है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शादी 2014 में संदेश प्रखंड के जमुआव गांवके सीमा के साथ हुई थी। उसकी दो बेटी सौम्या कुमारी(8), सोनाक्षी कुमारी(7) और एक बेटा द्विदान्त कुमार था। सोनाक्षी कुमारी अपने नानी के घर पर रहती है।

संक्षिप्त समाचार

ढाई घंटे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित, दोपहर 1 बजे तक सप्लाई होगी प्रभावित

आरा(भोजपुर)। आरा शहर के सपना सिनेमा मोड़ से बालुवाही इलाके में से ढाई घंटे विद्युत आपूर्ति गुल रहेगी। आज 11 सितंबर दिन बुधवार की सुबह 10:30 बजे से दोहपर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि सपना सिनेमा मोड़, होटल रीगल, बायपास रोड से बालुवाहिया तक, आनंद नगर फीडर से ट्रांसफार्मर का काम होगा। जिसके चलते इस इलाके में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। क्षेत्र के सभी पोल व जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी, ताकि बिजली उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो। इसके लिए सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बिजली से जुड़े कार्य को समय से पहले निपटा लें। सहायक अभियंता ने कहा कि काम खत्म होने के साथ जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जाएगी।

बेटा-बेटी व पत्नी का सिर धड़ से अलग किया ससुराल फोन कर कहा-लाश ले जाओ

आरा। भोजपुर जिले में एक युवक ने मंगलवार की दोपहर अपनी पत्नी सीमा देवी, 8 वर्षीया पुत्री सौम्या और 6 माह के पुत्र की हत्या कर दी। इसके बाद खंती (जमीन खोदकर चूहा निकालने वाला हथियार) से तीनों के सिर को धड़ से अलग कर दिया। तीनों की लाश एक ही कमरे में अर्धनग्न अवस्था में पाई गई। तिहरे हत्याकांड की यह घटना अजीमाबाद थाना क्षेत्र के मिल्की गांव की है। आरोपी लल्लू यादव कृषक मजदूर है। घटना का कारण अब तक सामने नहीं आया है। घटनास्थल की फॉरेंसिक टीम और अजीमाबाद थाना की पुलिस ने जांच की और स्थानीय लोगों का बयान लिया। ग्रामीणों ने बताया कि हत्या के बाद लल्लू ने अपने ससुराल संदेश प्रखंड के जमुआंव गांव में फोन किया। ससुराल वालों को बोला कि सबकी जान मार दिए हैं। आकर लाश ले जाओ। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि लल्लू मंदबुद्धि बताया जा रहा है। उसे गिरफ्तार कर पूछताछ हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार लल्लू दो भाई है।

745 वाहनों से वसूला 1 लाख 37 हजार 500 जुर्माना

आरा। भोजपुर पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 745 वाहन मालिकों से1लाख 37 हजार 500 रुपया जुर्माना वसूला है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की शराव,अवैध हथियार और असमाजिक तत्वों की गिरफ्तारी के लिए जिले के सभी थानाध्यक्षों को हिदायत दिया है की सभी अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर वाहन चेकिंग अभियान और छापामारी लगातार करे। उसी के आलोक में पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कुल 745 वाहनों से हेलमेट गाड़ी का पेपर आदि की जांच में1लाख 37 हजार 500 रुपया जुर्माना वसूला है। वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस पदाधिकारियों ने बताया की इस तरह की करवाई आगे भी हमेशा चलता रहेगा। इसके पहले भी कई बार वाहन चेकिंग चलाकर लाखों रुपया का जुर्माना वसूला गया है।

छिनतई मामले में पुलिस ने 3 को गिरफ्तार कर जेल भेजा

कोईलवर। स्थानीय थाना क्षेत्र के थाना मोड़ पर ऑटो से उतरकर अपने घर लौट रही खुशी कुमारी के हाथों में रखे मोबाइल अपराधियों ने छीन ली।हालांकि इस मौके पर आसपास खड़े नौजवानों ने तीन सवारों में से एक को पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़ा गया युवक चांदी थाना के खनगांव निवासी स्वर्गीय हिमालय सिंह का पुत्र प्रकाश कुमार सिंह बताया जाता है। इधर पुलिस ने पकड़े गए युवक से पूछताछ की तो उसी गांव के दो और लोगों के शामिल होने की बात सामने आई। चांदी पुलिस ने इस घटना में शामिल दो और अपराधियों की धरपकड़ हेतु खनगांव गांव में रात को छापेमारी की, जिसमें कुणाल यादव उर्फ जय किशोर यादव के पुत्र गोलू कुमार व अजय शर्मा के पुत्र रीतेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने छीनतई के दौरान प्रयोग किए गये अपार्ची मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। कोईलवर एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने बताया की इन सभी का अपराधिक इतिहास भी पाया गया है।उन्होंने बताया की इस कांड के अभियुक्त प्रकाश कुमार सिंह चांदी थाना में दहेज प्रताड़ना,उत्पाद अधिनियम, हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित पूर्व से आरोपित है। पुलिस ने बताया की बीते माह कोईलवर थाना के समीप से मोबाइल छीनने एवं कोईलवर क्षेत्र स्थित पीएस मॉल के पास से 41 हजार नगदी समेत मोबाइल छीनने से संबंधित कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस अन्य कांडों में संलिप्तता के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

शराब तस्कर को 10 वर्ष की सजा, तीन लाख अर्थदण्ड

आरा। द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के शराब तस्कर मंजीत सिंह को 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा और 3 लाख रुपया अर्थदण्ड लगाया है। आरोपी उतर प्रदेश राज्य के औरेया जिला के अयाना थाना अंतर्गत रहटौली ग्राम निवासी शंकर सिंह का पुत्र है। अभियोजन की ओर से उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक युगेश्वर प्रसाद उर्फ हीरा ने बहस किया था। उत्पाद विभाग के एपीपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हसन बाजार ओपी के तत्कालीन पुलिस सब इंस्पेक्टर सन्तोष कुमार रजक ने 10 जनवरी 2024 को मेन रोड शाहाबाद लाइन होटल पीरों के समीप अंग्रेजी शराब से लदे ट्रक एवं चालक संजय सिंह एवं उसके साथ बैठा मंजीत सिंह को गिरफ्तार किया था। ट्रक से कुल लगभग 8619 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया था। अंग्रेजी शराब के बरामदगी को लेकर पीरों (हसन बाजार ओपी) थाना में कांड संख्या 15/24 प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उत्पाद अनन्य विशेष लोक अभियोजक श्री हीरा ने बताया कि आरोप का गठन 16 मई 2024 को हुआ था। जमानत होने बाद संजय सिंह कोर्ट में उपस्थित नही होने पर कोर्ट द्वारा उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। अभियोजन की ओर से चार गवाहों की गवाही कोर्ट में हुई थी। सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद द्वितीय उत्पाद अनन्य विशेष न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा ने मद्यनिषेध व उत्पाद एक्ट की धारा 30(ए) के तहत दोषी पाते हुए आरोपी मंजीत सिंह को दस वर्ष के सश्रम कैद व तीन लाख रुपया अर्थदण्ड की सजा सुनाई।

संस्कार युक्त शिक्षा से बनेगा बेहतर समाजः नमिता

बक्सर। नया बाजार स्थित मध्य विद्यालय के परिसर में राष्ट्र सेविका समिति के तत्वावधान में मंगलवार को अहिल्याबाई होलकर का त्रि शताब्दी जन्मशती वर्ष धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्र सेविका समिति दक्षिण बिहार के प्रांत संचालिका डॉ नमिता कुमारी एवं विशिष्ठ अतिथि उर्मिला कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षिका नीलम देवी ने किया। परिचय एवं स्वागत जिला कार्यवाहिका पूनम कुमारी ने की। वहीं संचालन अशोक मिश्र ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अहिल्याबाई होलकर की जीवन वृत्त पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर समाज के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी। उन्होंने तालाब, मंदिर, धर्मशाला समेत अन्य सामाजिक कार्य तीर्थ यात्रियों के लिए किया था। इसके अलावा समाज के अन्य कई ज्वलंत समस्याओं को दूर करने के लिए बढ़-चढ़कर कार्य किया था। उन्होंने वस्त्र उद्योगों को बढ़ावा दिया .शिक्षा के लिए पाठशालाएं खोलवाई। इसके अलावा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में पर चढ़कर कार्य करती थी। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर निर्भर बनाने के लिए कई कार्य किया। उन्होंने संस्कार युक्त शिक्षा के माध्यम से एक बेहतर समाज बनाने के लिए अनवरत संघर्ष करती थी। उन्होंने एक दूसरे का सहयोग कर एक बेहतर समाज बनाने को लेकर छात्र- छात्राओं से अपील की। विद्यालय परिसर में उन्होंने पौधारोपण भी किया। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि को तुलसी का पौधा भेंट किया गया। आभार ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुशील कांत सिंह ने किया।

श्रम संसाधन विभाग स्वरोजगार के लिए दे रहा निशुल्क किट

बक्सर में 14 सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन, 24 सितंबर को मिलेगा टूल किट

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में श्रम संसाधन विभाग द्वारा नियोजन सेवा विस्तार योजना अंतर्गत स्वरोजगार का अवसर दिया जा रहा है। योजना अंतर्गत योग्य अभ्यर्थियों को निशुल्क टूल किट प्रदान किया जाएगा। जिसका लाभ ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को मिलेगा। इस योजना की जानकारी नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रीशियन, फीटर, मोबाइल रिपेयर, ब्यूटीशियन, प्लंबर, इलेक्ट्रॉनिक रिपेयर इत्यादि में व्यवसायिक तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को स्वरोजगार हेतु सहायता के लिए किट उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना का लाभ पाने वाले अभ्यर्थियों के लिए शर्तें: नियोजन

पदाधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि अभ्यर्थी बिहार राज्य के निवासी होना चाहिए। जिसकी उम्र 18-35 वर्ष एवं वार्षिक पारिवारिक आय अधिकतम 1,80,00.00 रुपए हो।नियोजनालय में न्यूनतम 6 माह पूर्व से निबंधित हो तभी वो इस योजना के पात्र होंगे। लाभुकों के चयन में निबंधन की वरीयता को प्राथमिकता दी जाएगी। शैक्षणिक योग्यता संबंधित ट्रेड में बीएसडीएम एवं आईटीआई समकक्ष परीक्षा में पास या एनएसक्यूएफ से मान्यता प्राप्त होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त प्रमाण पत्र की अवधि कम से कम तीन माह का होना चाहिए। आगे बताया कि नियोजन सेवा का विस्तार कार्यक्रम के तहत विभाग द्वारा स्वरोजगार हेतु निशुल्क टूल किट उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है। आवेदकों को आवेदन के साथ सभी कागजातों की खुद की अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ जिला नियोजनालय बक्सर में आवेदन देना होगा। योजना हेतु पहले से आवेदन प्राप्त किए गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 14 सितंबर 2024 है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदकों द्वारा प्राप्त आवेदन की जांच एवं लाभुकों का चयन उप निदेशक नियोजन पटना प्रमंडल पटना की अध्यक्षता में सहायक निदेशक नियोजन अवर प्रादेशिक नियोजनालय पटना एवं जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर की तीन सदस्यीय समिति के द्वारा 20 सितंबर तक करते हुए चयनित सूची का प्रकाशन दिनांक 21 सितंबर को कार्यालय के सूचना पट पर प्रदर्शित की जाएगी। उक्त चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 24 सितंबर को प्रस्तावित नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला में टूल किट वितरित किया जाएगा।

बक्सर RPF ने बिछड़े बच्चों को मां से मिलाया

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को एक दिलचस्प घटना घटी। ट्रेन में छूटे तीन बच्चों को रेलवे सुरक्षा बल ने सुरक्षित रूप से उतार कर उनकी मां से मिलवाया। बच्चे भोजपुर जिले के शाहपुर थाने के बहोरनपुर गांव निवासी हैं, जो अपनी मां के साथ हैदराबाद जाने वाले थे। लेकिन बच्चों को जैसे ही ट्रेन में चढ़ाया ट्रेन खुल गई। मां रेलवे स्टेशन पर ही रह गई। मामले में मिली जानकारी के मुताबिक बहोरनपुर निवासी आरती देवी अपनी बेटी और चार पोते-पोतियों के साथ हैदराबाद जा रही थी। उन्हें 12792 अप दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस से यात्रा करना था। आरा स्टेशन पर ट्रेन पकड़ते समय, उन्होंने अपने किशोर बेटे को बुलाया और अपने बच्चों सुप्रिया राय(6), अंकित राय(3), आराध्या राय(5) को ट्रेन में चढ़ा दिया। लेकिन वे खुद और एक 3 साल का बच्चा प्लेटफार्म पर रह गए। तभी ट्रेन चल पड़ी। बच्चों के छूटने के बाद उनकी मां आरा रेलवे स्टेशन पर और बच्चे ट्रेन में बहुत परेशान हो गए। हालांकि, ट्रेन में सवार अन्य यात्रियों ने बच्चों को सुरक्षित बैठाया। आरा आरपीएफ से संपर्क किया।जहां से तुरंत बक्सर आरपीएफ को सूचित किया गया। इसके बाद बक्सर आरपीएफ के जवानों ने ट्रेन के बक्सर पहुंचने पर बच्चों और उनके सामान को सुरक्षित उतार लिया। लगभग 2 घंटे बाद आरती देवी और उनका किशोर बेटा बक्सर पहुंचे। जहां रेलवे सुरक्षा बल द्वारा कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए बच्चों को उनको सुपुर्द कर दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि बच्चों को सुरक्षित रूप से उतारा गया और उन्हें उनके परिवार से मिलाने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। उन्होंने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल सदैव यात्रियों की सेवा के लिए तत्पर है।

सैकड़ो छात्रों ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र कांग्रेस का दामन थामा

निज संवाददाता। पटना

पटना विश्वविद्यालय के बी एन कॉलेज और पटना साइंस कॉलेज में एन एस यू आई के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें छात्रों के साथ "संवाद सह सदस्यता अभियान" कार्यक्रम किया गया. वर्तमान में शिक्षा और विश्वविद्यालय के समक्ष मौजूद चुनौती पर गहन विमर्श किया गया. N.S. U. I शिक्षा, छात्र और कैंपस के सवाल को लेके हमेशा से संघर्ष करते रही है आगे भी करते रहेगी. इस कार्यक्रम में बी एन कॉलेज के गत छात्रसंघ चुनाव में कॉलेज कॉउन्सिलर रहे छात्र नेता प्रकाश तिवारी, छात्र नेता अमन कुमार, गोविन्द बिहारी, मोहित कुमार,ख्याती खुशी यादव, अमृतांशु कुमार, आयुषी कुमारी, अंकिता कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने N. S. U. I की सदस्यता ग्रहण किये एवं संगठन के विचारधारा को आत्मसात किये. मौके पर N. S. U. I बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सूरज सिंह यादव, संगठन के प्रभारी रोहित राणा, सत्यम कुशवाहा, गत छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष के प्रत्याशी रहे शास्वत शेखर, विश्वविद्यालय के संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष रमीज़ राजा,, पूर्व कॉउन्सिलर छात्र नेता खालिद जमशेद, छात्र नेता सुधाकर, छात्र नेता गूंजेश, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

नदी में डूबने से छात्र की मौत, भोजपुर में मवेशी लेकर चराने गया था युवक, 24 घंटे बाद शव बरामद

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले में सोन नदी में डूबे छात्र का शव 24 घंटे बाद बरामद हुआ है। युवक का शव पचरुखिया गांव में गदहिया घाट के किनारे से बुधवार की सुबह बरामद किया गया है। मृत छात्र की पहचान कोईलवर थाना क्षेत्र के राजापुर पचरुखिया गांव निवासी विजय राय का 16 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार उर्फ हैप्पी के रूप में हुई है। एवं इंटर का छात्र था। घटना को लेकर मृतक के भाई विकास कुमार से मिली जानकारी के अनुसार विशाल कुमार इंटर का छात्र था। मंगलवार की सुबह करीब वो गाय चराने के लिए गया था। उसी दौरान नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

गाय चराने गया था मृत युवकः घटना के संबंध में बताया कि मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे बाकी लोगों के साथ गाय चराने के लिए बधार में गया था। दोपहर में उसके साथ गए सभी युवक खाना खाने के लिए घर पर आए लेकिन वो नहीं आया था। इसके बाद परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया तो उन्हें पता चला कि गांव में ही स्थित गदहिया घाट के समीप वह नदी में डूब गया है। डूबने की बात सुनकर परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन देर शाम तक नहीं मिल पाया। बुधवार की सुबह गदहिया घाट के किनारे से शव बरामद हुआ है। परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृतक अपने सात भाइयों में छठे स्थान पर था। उसके परिवार में मां लीला देवी व छह भाई विकास,लवकुश,रवि,छोटे नीतीश एवं अभिषेक है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है। मां लीला देवी हम परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इटाढ़ी चेयरमैन ने राजपुर विधायक को बताया झूठा

कहा- विकास के लिए 4 करोड़ दिलवाए हैं तो मैं इस्तीफा दे दूंगा, सड़क निर्माण का मामला

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले इटाढी नगर पंचायत स्थित सड़क पर जल जमाव और जर्जर सड़क के निर्माण को लेकर राजपुर विधायक विश्वनाथ राम ने हाल ही में कहा था कि उन्होंने न सिर्फ विधानसभा में प्रश्न उठाया है बल्कि उपमुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। इसके अलावा 4 करोड़ रुपए की धनराशि नगर आवास एवं विकास विभाग से उपलब्ध कराई है। विधायक के इस बयान पर नगर पंचायत के चेयरमैन संजय पाठक ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के विकास के लिए कही गई विधायक की बातों में कोई दम नहीं है। उनके दावे पूरी तरह से निराधार है।

राजपुर विधायक के आश्वासन पर चेयरमैन की प्रतिक्रियाः संजय पाठक ने कहा कि वह शर्त लगा सकते हैं कि विधायक ने इटाढ़ी के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया है। इतना ही नहीं जल जमाव की समस्या को भी नगर पंचायत चेयरमैन ने राजनीतिक साजिश करार दिया। आगे कहा कि जलापूर्ति योजना के तहत घरों तक पानी पहुंचने के लिए बनाई गई पाइप कई जगहों से टूटी हुई है, जिसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। निर्धारित

समय के अतिरिक्त दिन में कई बार अनावश्यक रूप से जलापूर्ति शुरू कर जल जमाव पैदा किया जा रहा है। जिससे जनता को परेशानी हो और जनता नगर पंचायत को कोसे। जनता सब कुछ जानती है और इस तरह की साजिशों को कामयाब नहीं होने देंगे। नाला निर्माण और सड़क निर्माण कार्य का टेंडर हो चुका है। चंडीगढ़ की एक कंपनी के द्वारा एक सप्ताह के अंदर ही नाला उसके बाद सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू करा दिया जाएगा। इसके आगे कहा कि विधायक अगर 4करोड़ नगर पंचायत के लिए दिलवाए होंगे तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।

कमलेश राय हत्याकांड में दो गिरफ्तार जमीनी विवाद को लेकर मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव में घटित प्रापर्टी डीलर कमलेश राय की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हुए लोगों को जेल भेज दिया गया है। मृतक कमलेश राय की पत्नी चंदा देवी के बयान पर दर्ज हुई प्राथमिकी में मुख्य रूप से प्रियांशु राय सहित 16 को नामजद आरोपित किया गया है। दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को अन्य लोगों की तालाश जारी है।

पत्नी ने गवाह खुद को बताते हुए दर्ज कराई प्राथमिकीः मृतक की पत्नी ने खुद को चश्मदीद गवाह बताते हुए हत्या करने के बाद उजले रंग की अपाची बाइक से फरार होने का आरोप लगाया है। 15 अप्रैल 2024 को पेरहाप गांव में घटित पुत्र अदित्य कुमार की हत्या के मामले में आरा मंडल कारा में बंद परमात्मा राय पर भी साजिश रचने का आरोप लगाए हुए केस में आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में प्रियांशु राय के अलावा नंदु राय, छोटक राय, लाला राय, दीपक राय, सुमंत राय,परमात्मा राय, पवन राय, सुरज राय, पुजा कुमारी,किरण देवी , कांति देवी, टुनटुन राय,जितेन्द्र राय,भोलू राय को आरोपित किया गया है।

मृतक के घर के समीप पुलिस बल की तैनातीः एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपी कांति देवी और सूरज राय को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य की तलाश जारी है। प्रापर्टी डीलर कमलेश राय की गोली मारकर हत्या हत्या किए जाने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। एक दिन पूर्व घटनास्थल पर पहुंचे सदर एएसपी परिचय कुमार से परिजनों ने सुरक्षा की गुहार लगाई थी। मृतक के घर के समीप ही आधा दर्जन पुलिस बल की तैनाती की गई है।

कोईलवर पंचायत का मुख्य सड़क जर्जर, रिक्शा व ऑटो वाले भी आने-जाने में कतराते हैं

निज संवाददाता। कोईलवर

जनता की मूलभूत सुविधाओं में बिजली, पानी व सड़क मुख्य भूमिका अदा करता है। लेकिन कोईलवर नगर पंचायत की जनता को कई दशक से पक्की सड़क के नाम पर केवल सांत्वना ही मिलता आ रहा है। दो दशक पूर्व कोईलवर चौक से डिप्टी साहब के हाता तक सड़क का निर्माण हुआ था। लेकिन समय-समय पर मरम्मती कार्य नहीं होने पर सड़क के नाम पर कच्ची सड़क हो गई है। जिससे कोईलवर वासियों को आवागमन किसी नारकीय से कम नहीं है। सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हो गए मानों गड्ढों में सड़क है। बरसात के दिनों यह स्थिति और भयावह हो जाती है। चारो ओर जल-जमाव रहता है। जिससे दो पहिए वाहन चालक चोटिल होते रहते हैं। सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण फैला हुआ है। हम बात कर रहे हैं कोईलवर नगर पंचायत में अवस्थित मुख्य सड़क की। कोईलवर चौक से डिप्टी साहब के हाता तक जाने वाली सड़क कई वर्षों से बनने की आस लगाए बैठा है और कोईलवर वासी भी बढ़िया सड़क बनने की इंतजार में हैं। बता दें उक्त सड़क पर बालू लोड ट्रैक्टरों के परिचालन से पूरी सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। चारो ओर गड्ढे ही गड्ढे देखने को मिलते हैं। देखने मे प्रतीत होता है कि यह कोई कच्ची सड़क है। और दो-तीन फीट पानी का जमावड़ा रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है पंद्रह-बीस साल पहले इस सड़क का निर्माण कराया गया था। जिसके बाद अब तक इसका मरम्मत नहीं कराया गया। जिससे कई जगह पर सड़क टूट गई। सड़क टूटने के कारण क्षेत्रवासियों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बाकी कसर नगर में अतिक्रमण ने पूरा कर दिया। सड़क पर अतिक्रमण से दर्जनों फिट सड़क सिकुड़ गई है। आलम यह है कि कहीं-कहीं सड़क गली में बदल गई है। बुजुर्ग बताते हैं पहले कोईलवर गांव में बस-ट्रक आसानी से आ-जा सकते थे। लेकिन अब तो ऐसी स्थिति है कि एक सामान्य स्कूल बस ही आ जाये तो सड़क जाम हो जाती है। उक्त मुख्य सड़क पर अतिक्रमण के कारण एक छोटी वाहन के आने से दूसरी वाहन को जाने के लिए इंतजार करना पड़ता है। खराब सड़क होने के कारण रिक्शा व ऑटो वाले भी आने-जाने में कतराते हैं।

मालूम हो कि नगर पंचायत में कोईलवर चौक से डिप्टी साहब के हाता तक जाने वाली डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क जिला परिषद के अंतर्गत आती है। जिसे लेकर नगर पंचायत भी इसे बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाती है। जिस कारण आज तक इस टूटी हुई सड़क का पीसीसी या पिचिंग नहीं कराया जा सका। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी प्रतीक्षा प्रजापति ने बताया कि सड़क की पीसीसी कराने के लिए जिला परिषद से लिखित आवेदन देकर एनओसी की मांग की गई है। जिससे नगर कार्यालय द्वारा इसे बनवाया जा सके। लेकिन अभी एनओसी के संदर्भ में कोई जवाब नहीं आया है।

संक्षिप्त समाचार

ई-रिक्शा लूटकांड का आरोपी हुआ गिरफ्तार

मुंगेर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुजावलपुर निवासी मो. जावेद के पुत्र मो. नासिर को मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। उसे सदर ब्लॉक के पास से गिरफ्तार किया गया। इसकी सूचना देते हुए थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि उक्त आरोपी ई-रिक्शा लूट कांड का अभियुक्त है और उसने अपना अपराध स्वीकार भी किया है। उन्होंने बताया कि यह घटना ई-रिक्शा लूट से संबंधित है और ई-रिक्शा को पूर्व में बरामद किया जा चुका है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

चंडिका स्थान में क्यू मैनेजमेंट सिस्टम के तहत होगी पूजा शादीपुर बड़ी दुर्गा स्थान में लगेगा बड़ी स्क्रीन वाली टीवी

मुंगेर। आगामी 3 अक्टूबर से नवरात्रा पूजा की शुरूआत हो जाएगी और 11 अक्टूबर को विजया दशमी मनाया जाएगा। इस बार माता का आगमन डोला पर हो रही है, जो कि अशुभ माना जा रहा है और माता का गमन भी मुर्गा पर हो रही जो कि व्याकुलता को दर्शाता है। दुर्गा पूजा को लेकर जिले में सभी जगहों पर तैयारी शुरू कर दी गई है। कई जगहों पर मंदिर का रंग-रोगन के साथ पंडाल के लिए बांस-बल्ला लगाकर स्ट्रैक्चर बनाने का कार्य किया जा रहा है। पंडाल को बेहतर और आकर्षक बनाने के लिए अभी से ही तैयार शुरू कर दी गई है। दुर्गा पूजा में पहली पूजा से लेकर दशमी पूजा तक शादीपुर बड़ी दुर्गा स्थान, शक्तिपीठ चंडिका स्थान, दशभुजी दुर्गा स्थान, कल्याणपुर बड़ी दुर्गा स्थान और तारापुर के समीप बांका जिला अंतर्गत तेलडीहा मंदिर में काफी भीड़ रहती है। इन सभी मंदिरों में नवरात्रा के दौरान पूजा करने के साथ प्रतिमा दर्शन के लिए घंटों भीड़ का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जहां कई श्रद्धालु गश्त खाकर गिर जाते हैं तो वहीं दूसरी ओर भीड़ का फायदा उठाते हुए चोर उचक्का महिलाओं के अलावा बच्चों के जेवरात की चोरी कर लेते हैं। इससे छुटकारा पाने के साथ श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिए इस बार सभी जगहों पर कमेटी के द्वारा नया तरीका अपनाया जाएगा। दुर्गा पूजा के दौरान शक्तिपीठ चंडिका स्थान में इस बार भीड़ और लंबी कतार से बचने के लिए कमेटी के द्वारा क्यू मैनेजमेंट व्यवस्था की जाएगी। इसमें श्रद्धालुओं को ज्यादा देर लाइन में खड़ा रहने की झंझट नहीं होगी। इसकी जानकारी व्यवस्थापक सौरभ निधी ने दी। वहीं शादीपुर की बड़ी दुर्गा मंदिर में इस बार भीड़ से बचने के लिए प्रतिमा का लाइव प्रशासन करने के साथ मंदिर परिसर के अलावा आसपास कई जगहों पर बड़ा-बड़ा टीवी स्क्रीन को लगाया जाएगा। ताकि श्रद्धालु मंदिर के बाहर से ही प्रतिमा का दर्शन कर सके। कमेटी के अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा इस बार इस बार और नया तरीका को भी अपनाया जाएगा। जिससे श्रद्धालु परेशानी और भीड़ से बच सके।

डिस्चार्ज की जानकारी भव्या एप पर चिकित्सक आईडी से दर्ज करेंगे

मुंगेर। सदर अस्पताल स्थित अस्पताल प्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को कायाकल्प, इनक्वास तथा भव्या एप को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. रमन कुमार ने की एवं उनके साथ अस्पताल प्रबंधक मो. तौसिफ हसनैन मौजूद रहे। एन्क्वास की समीक्षा के दौरान उपाधीक्षक ने सभी इंचार्ज नर्स से निर्धारित इंडिकेटर में पायी गई कमी को आपसी समन्वय स्थापित कर पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही मरीजों को दी जा रही सुविधा का प्रत्येक दिन मरीज या परिजन से फार्मेट में फीड बैक लेने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वार्डों में बायो मेडिकल वेस्ट का सही ढंग से निस्तारण और इंफेक्शन कंट्रोल का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करें। भव्या की समीक्षा करते हुए उपाधीक्षक ने इसके सभी मॉडयूल्स पर डॉक्टर और नर्स को काम करने का निर्देश दिया। अस्पताल प्रबंधक ने कहा कि मरीज को लिखी जानी वाली दवा, डायग्नोस्टिक, पैथोलॉजिकल जांच से लेकर डिस्चार्ज की जानकारी भव्या एप पर चिकित्सक अपने आईडी से दर्ज करेंगे। जबकि इंचार्ज नर्स इंडोर मरीजों को दी जाने वाली दवा से लेकर हर प्रकार की जानकारी अपने आईडी से इम्पीलमेंट करना सुनिश्चित करेंगे।

30 पैनल अधिवक्ता के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 24 तक

मुंगेर। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर में 30 पैनल अधिवक्ताओं को तीन वर्ष के लिए मनोनयन किया जाना है। इस संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है। पैनल अधिवक्ता के चयन के लिए निर्देश है कि आवेदन करने वाले विधि-व्यवसाय से संबंधित हो। आवेदन करने वाले व्यक्ति के पास कम-से-कम 3 वर्ष का कार्य करने का अनुभव प्राप्त हो। सभी आवेदक इस संबंध में अपने संबंधित विधिक संघ के अध्यक्ष के द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण-पत्र व संबंधित विधिज्ञ संघ का पंजीयन प्रमाण-पत्र भी संलग्न करेंगे। किसी भी राजनीतिक दल से आवेदक का संबंध न हो। इसके अलावा उनके विरुद्ध किसी भी प्रकार के आपराधिक एवं दीवानी मामले किसी न्यायालय में लंबित नहीं हो। आवेदन पंजीकृत डाक के द्वारा या व्यक्तिगत रूप से कार्यालय के कार्य दिवस में सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय मुंगेर में जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 सितंबर 2024 है। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदनों पर किसी भी प्रकार का कोई पुनर्विचार नहीं किया जाएगा।

गंगा में विलीन हुआ आंगनबाड़ी केंद्र, कई घरों का हो चुका कटाव

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के सबौर प्रखण्ड अंतर्गत मसाढु गांव में भीषण कटाव जारी है। ग्रामीणों की सड़क, बिजली पोल, पेड़ और घर कट कर लगातार गंगा में विलीन हो रही है। 100 फिट तक ग्रामीण सड़क गंगा में विलीन हो गई है। इससे कई घरों पर कटाव का खतरा मंडरा गया है। एक घर फिर गंगा की तेज धार में विलीन हो गया। देखते ही देखते एक घर गिर गया। नया आंगनबाड़ी केंद्र भी कटाव के मुहाना पर है। जमीन कट-कट कर गंगा में विलीन होता जा रहा है। पिछले कुछ दिनों पहले गांव का जलमीनार जल समाधि लिया था। इसके बाद से 200 परिवारों के बीच पानी की समस्या आ गई है। ग्राउंड जीरो पर हालात भयावह है, लेकिन कटावरोधी काम के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है। कई घरों के लोग अपना घर छोड़कर पलायन कर रहे हैं। लिहाजा लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोग जिंदगी भर की कमाई से बनाए आशियाना खुद तोड़कर ईंट बचाने का जद्दोजहद कर रहे हैं। हाल यह है कि जिनके घर गंगा में समाया है, वह अब सड़कों पर रहने को मजबूर है। हालांकि सबौर इलाके में जिला प्रशासन की ओर से खाने-पीने की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे लोगों को और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों ने भास्कर टीम को बताया कि मजदूरी कर घर का भरण पोषण करते हैं। लेकिन उन्हें मजदूरी के पास कुछ पैसे को बचाकर आशियाना को बनाए थे। गंगा मैया ने अपने आगोश में ले लिया। अब हम लोग रहने और खाने के लिए मजबूर हैं। एक तरफ जिला प्रशासन की ओर से कटाव निरोधी काम भी चलाया जा रहा है, जो नाकाफी साबित हो रहा है।

भागलपुर की साक्षी को गूगल में 60 लाख का पैकेज

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर की अलंकृता साक्षी को गूगल ने 60 लाख का पैकेज दिया है। साक्षी गूगल में इंजीनियर के पद पर काम करेंगी। ये मूल रूप से भागलपुर जिले की रहने वालीं हैं। इसी जिले में पिछले साल 8 दिसंबर को ही इनकी शादी हुई थी। शादी के 8 माह बाद ही इन्हें बड़ी सफलता मिली है। फिलहाल इनका पूरा परिवार झारखंड के कोडरमा में रहता है। इससे पहले साक्षी ने विप्रो बेंगलुरु में 2 साल, 1 साल सैमसंग और अर्न्स्ट एंड यंग कंपनी में काम किया है।

पति सॉफ्यवेयर कंपनी में काम करते हैं: साझी के पिता शंकर मिश्रा कोडरमा में प्राइवेट नौकरी करते हैं और मां रेखा मिश्रा एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। वहीं, ससुर राजीव नयन चौधरी नवगछिया अनुमंडल कार्यालय के हेड क्लर्क हैं। राजीव नयन चौधरी के बेटे मनीष से उनकी शादी हुई है। मनीष भी एक सॉफ्टवेयर की कंपनी में काम करते हैं। साझी का मायका और ससुराल भागलपुर जिले में ही पड़ता है। मायका नवगछिया के सिमरा में है और ससुराल रसलपुर थाना क्षेत्र के पोठिया में है। दोनों के बीच करीब 70 किमी की दूरी है। हालांकि साझी के मायके वाले कोडरमा में रहते हैं।

बचपन झारखंड में बीता: अलंकृता साक्षी का बचपन झारखंड के कोडरमा में बीता और वहीं से उनकी पढ़ाई लिखाई हुई। उन्होंने कोडरमा से 10वीं, जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा से 12वीं और हजारीबाग से बीटेक किया। अलंकृता की दो बहनें और एक भाई है। दोनों परिवारों को इस बात की खुशी है कि गूगल जैसी विश्व प्रसिद्ध कंपनी से 60 लाख रुपए के पैकेज पर साझी का चयन हुआ। यह अत्यंत गर्व और हर्ष की बात है।

स्मार्ट मीटर एवं भूमि सर्वे में हो रही धांधली, प्रदर्शन

निज संवाददाता। टेटिया बंबर

बिजली उपभोक्ता संघर्ष मोर्चा टेटिया बंबर के तत्वावधान में मंगलवार को बिजली स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं भूमि सर्वे में हो रहे धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। जुलूस बरसंडा नदी पुल से निकलकर बाजार के सभी प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बंबर चौक पर आकर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का पुतला फूंका। जुलूस का नेतृत्व एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के लोकल कमेटी सचिव भारत मंडल, नोनाजी पंचायत के पूर्व मुखिया गणेश यादव, मणिकांत यादव, ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के नेता नारायण यादव संयुक्त रूप से कर रहे थे। जुलूस में शामिल किसान खेतिहर मेहनतकश महिलाएं नारे लगा रहे थे। प्रीपेड मीटर लगाना नहीं चलेगा, बिजली अधिनियम 2023 वापस लो, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री हाय हाय, भूमि सर्वे में हो रहे धांधली पर रोक लगाओ आदि नारों से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। बाद में जुलूस सभा में बदल गई मौके पर मौजूद एसयूसीआई के जिला सचिव कृष्णदेव साह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों से गरीब जनता परेशान है। वहीं दूसरी ओर बिजली को निजी कंपनियों के हाथों देकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर के बहाने दोनों हाथों से लूटने की खुली छूट दे रखी है। सभा में उपस्थित करण तांती, हीरालाल मांझी, नरेश मंडल, मनोहर मंगल, सकली देवी कालू देवी आदि उपस्थित थे।

वंदे भारत से हावड़ा जाने में ढाई घंटे की बचत, भागलपुर से 15 सितंबर को ट्रेन सुविधा की होगी शुरुआत

निज संवाददाता। भागलपुर

सप्ताह में 6 दिन चलेगी गाड़ी

भागलपुर से हावड़ा के लिए 15 सितंबर को वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन होगा। जिसके बाद भागलपुर रेल केनक्शन सेमी हाईस्पीड नेटवर्क में शामिल हो जाएगा। ट्रेन का परिचालन शुरू करने की तैयारियों के बीच लोगों में इस बात को जानने की उत्सुकता है कि आखिर इस ट्रेन से यात्रा कितनी सुलभ होगी। फिलहाल इसको लेकर आधिकारिक जानकारी रेलवे ने साझा नहीं की है, लेकिन इसकी जल्द ही घोषणा हो सकती है। सांसद के जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन 6.20 घंटे में भागलपुर से हावड़ा और वापसी में 6 घंटे में भागलपुर पहुंचेगी। सप्ताह में 6 दिन गाड़ी चलेगी।

ढाई घंटे समय की बचत होगी: दूसरी ट्रेनों के मुकाबले औसत ढाई घंटे समय की बचत होगी। अन्य ट्रेनों के मुकाबले प्रीमियम सुविधाएं होंगी। इसका किराया यात्रा और दी जाने वाली सर्विस के आधार पर होगा। ये निर्णय रेलवे रेट्स ट्रिब्युनल ही तय करेगा। रेलवे के एक अधिकारी के मुताबिक चेयर कार में 900-1050 और एग्जीक्यूटिव क्लास में 1800 तक का किराया होने की संभावना है। वंदे भारत में यात्रियों को हाइजेनिक नाश्ता, खाना और रेल नीर की बोतल के साथ पढ़ने के लिए अखबार मिलेंगे। यात्रियों को सर्विस देने के लिए आईआरसीटीसी के क्रू मेंबर भी रहेंगे।

सभी को बांटी गई जिम्मेदारियां: वंदे भारत के उद्घाटन को लेकर मंच, बैठने की व्यवस्था सीनियर डीईएन देखेंगे। कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की व्यवस्था सीनियर डीएसटीई। स्कूली बच्चों के लाने, छोड़ने और नाश्ता-पानी की व्यवस्था सीनियर डीसीएम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था सीनियर डीपीओ, मेडिकल अरेंजमेंट सीएमएस को दी गई है। भागलपुर में डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता, बाराहाट में स्टेशन डायरेक्टर,अरेंजमेंट में सीपीएम गतिशक्ति, हंसडीहा में सीनियर डीएफएम, वनोनिहाट में डीईईटीआरडी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। 15 सितंबर को उद्घाटन कार्यक्रम भागलपुर स्टेशन में सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जो 11:20 तक चलेगा। ये प्रधानमंत्री कार्यालय से समय मिलने के बाद तय होगा। पीएम मोदी कितने बजे हरी झंडी दिखाएंगे, सोशल इंफ्लुएंसर और लोक कलाकारों के आने की सूचना बाद में तय होगी। भागलपुर के अलावा भी दूसरे स्टेशनों पर कम से कम 30 मिनट कार्यक्रम होंगे। बाहरी मीडिया भी कवरेज पर आएगी। पीएम का उद्बोधन लाइव रहेगा।

धूमधाम से भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित, मटका फोड़ कार्यक्रम के बाद महाआरती, श्रद्धालुओं में उत्साह

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में मंगलवार की देर रात तक भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान जगह-जगह पर प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली गई। वहीं कई जगहों पर मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं की टोली बनाकर 20 फिट ऊपर टंगा मटका को फोड़ा गया। इधर शादीपुर तिलक मैदान में स्थापित गणेश प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा देर शाम निकल गया। यह विसर्जन यात्रा सबसे पहले अपने गंतव्य स्थान से निकलते हुए शादीपुर बड़ी दुर्गा मंदिर पहुंचे और वहां पर बड़ी दुर्गा और गणेश प्रतिमा का आमने-सामने मिला हुआ। जिसके बाद यहां पर मां दुर्गा की पूजन की गई, इसके बाद गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए आगे ले जाया गया।

महाआरती देखने जुटी श्रद्धालुओं की भीड़: दुर्गा स्थान के आचार्य पंडित के द्वारा भगवान गणेश की महाआरती की गई। इस अद्भुत महाआरती को देखने काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई थी। रास्ते में विसर्जन शोभा यात्रा के दौरान कमेटी सदस्यों के द्वारा झाड़ू लगाकर सड़कों को साफ किया जा रहा था इसके बाद गंगाजल से छिड़क कर रास्ते की शुद्धिकरण किया गया और जगह-जगह पर रंगोली बनाई गई थी।

पार्षद पति पर जानलेवा हमले के विरोध में नगर सरकार 48 घंटे का अल्टीमेटम

भागलपुर। वार्ड 51 की पार्षद दीपिका कुमारी के पति शशि मोदी पर हुए हमले के विरोध में नगर सरकार ने एसएसपी आनंद कुमार को अल्टीमेटम दिया है। एसएसपी से मेयर डॉ. बसुंधरा लाल व डिप्टी मेयर सलाहउद्दीन अहसन के नेतृत्व में पार्षदों ने मुलाकात की। इसमें कहा कि 48 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी हो, अन्यथा सड़कों पर पार्षद उतरने को मजबूर हो जाएंगे। एसएसपी को मेयर समेत 30 पार्षदों ने हस्ताक्षर कर ज्ञापन दिया है। एसएसपी से मेयर ने यह भी कहा कि युद्ध स्तर पर नशे के धंधेबाजों व नशेड़ियों पर कानूनी कार्रवाई हो। नगर निगम के सभी पार्षदों व प्रतिनिधियों की सुरक्षा के लिए जल्द शस्त्र लाइसेंस दिया जाए या अंगरक्षक दें। क्योंकि वार्डों में किसी भी तरह के लड़ाई-झगड़े की पंचायत पार्षद या प्रतिनिधि ही करते हैं। डिप्टी मेयर सलाहउद्दीन अहसन ने कहा कि नशे के कई कारोबारियों को भी ये लोग पुलिस से पकड़वाते हैं। ऐसे में जो आपराधिक तत्व हैं, वे इनके विरोध में खड़े हो जाते हैं। स्थायी समिति सदस्य प्रीति शेखर ने कहा कि कई बार वार्डों में होनेवाले आमसभा में भी यह बातें सामने आती है कि नशे का अवैध कारोबार खूब हो रहा है।

सैकड़ो छात्रों ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र कांग्रेस का दामन थामा

पटना। विश्वविद्यालय के बी एन कॉलेज और पटना साइंस कॉलेज में एन एस यू आई के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें छात्रों के साथ "संवाद सह सदस्यता अभियान" कार्यक्रम किया गया. वर्तमान में शिक्षा और विश्वविद्यालय के समक्ष मौजूद चुनौती पर गहन विमर्श किया गया. N.S. U. I शिक्षा, छात्र और कैंपस के सवाल को लेके हमेशा से संघर्ष करते रही है आगे भी करते रहेगी. इस कार्यक्रम में बी एन कॉलेज के गत छात्रसंघ चुनाव में कॉलेज कॉउन्सिलर रहे छात्र नेता प्रकाश तिवारी, छात्र नेता अमन कुमार, गोविन्द बिहारी, मोहित कुमार,ख्याती खुशी यादव, अमृतांशु कुमार, आयुषी कुमारी, अंकिता कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने N. S. U. I की सदस्यता ग्रहण किये एवं संगठन के विचारधारा को आत्मसात किये. मौके पर N. S. U. I बिहार के प्रदेश अध्यक्ष सूरज सिंह यादव, संगठन के प्रभारी रोहित राणा, सत्यम कुशवाहा, गत छात्र संघ चुनाव में अध्यक्ष के प्रत्याशी रहे शास्वत शेखर, विश्वविद्यालय के संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष रमीज़ राजा,, पूर्व कॉउन्सिलर छात्र नेता खालिद जमशेद, छात्र नेता सुधाकर, छात्र नेता गूंजेश, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

समाहरणालय, औरंगाबाद
(जिला कल्याण शाखा)
बिहार सरकार
नमांकन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना

औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय में रिक्त सीटों के विरूद्ध नामांकन की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें वर्ग VI में रिक्ति की संख्या–14, वर्ग VII में 37 एवं वर्ग IX में 34 है। इसमें अध्ययन करने वाली छात्राओं को निःशुल्क पठन–पाठन एवं आवासन की सुविधा प्रदान की जाती है। इस विद्यालय में छात्राओं को प्रतिवर्श 10850/– रूपये कॉपी, किताब, तेल, साबुन आदि हेतु DBT के माध्यम से दिया जाता है। यहाँ डिजिटल अध्ययन केन्द्र एवं पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है। उक्त विद्यालय में नामांकन हेतु आवेदन–पत्र जिला कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में जमा किया जाएगा।

आवेदन पत्र प्रकाशन की तिथि से अगले 15 दिनों तक जिला कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद से आवेदन पत्र निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए प्रत्येक कार्यदिवस को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

नामांकन की शर्ते :–
1. आवेदक पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के हो।
2. बिहार राज्य का निवासी हो।

आवेदन की प्रक्रिया :–
1. आवेदन–पत्र, विहित–प्रपत्र में हस्तलिखित/टंकित होना चाहिए।
2. आवेदन–पत्र के साथ सभी वांछित प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना आव यक है।

आवेदन पत्र के सभी कॉलम सही–सही भरा हुआ होना चाहिए, अपूर्ण भरे हुए आवेदन–पत्र एवं वांछित अनुलग्नक नहीं संलग्न किये गए आवेदन–पत्र रद् कर दिये जायेगें। निर्धारित समय–सीमा के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन–पत्र में दी गई सूचना गलत पाये जाने पर उनका नामांकन रद्द करने का अधिकार नामांकन समिति को होगा।

PR- 007840 (Welfare) 2024-25
जिला कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

कार्यालय–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सापदाधिकारी,गढ़वा
Mail ID: cs.garhwa@gmail.com
शुद्धि–पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभिन्नसमाचार–पत्रों में 50 Bedded Pre-fabricated Field Hospital संबंधित प्रकाशित ई–निविदा PR No.- 334993 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25_Dअंतर्गत कमांक 05 में उल्लेखित Bid Submission Closing Date – 18.09.24 by 2 pm को 25.09.24 by 2 pm पढ़ा जाय इसी प्रकार कमांक 06 में उल्लेखित Bid Opening Date:– 19-09-24 by 3 PM को 26.09.24 by 3 pm पढ़ा जाय।

इस ई–निविदा हेतु प्रकाशित अन्य सभी Terms & Condition/अर्हता यथावत है। निर्धारित अवधि तक प्राप्त निविदा का तकनीकी भाग का निस्तारण दिनांक–26.09.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के सभागार में क्रय समिति के द्वारा किया जाएगा। निविदादाता स्वंय या अधिकृत व्यक्ति निविदा का तकनीकी भाग का निस्तारण के समय उपस्थित हो सकते है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,गढ़वा।
PR 335416 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर, पलामू
बाईपास रोड (झारखण्ड) पिन नं० 822102
Email : eedwsd.medininagar@gmail.com

सूचना

विभागीय आदेश संख्या–09/CDO–34/2024–05–सह–ज्ञापांक–608 (CDO) राँची, दिनांक 10.06.2024 के आलोक में इस कार्यालय के आदेश सं0–19 सह पठित ज्ञापांक–1265 दिनांक 14.06.2024, पत्रांक–1329 दिनांक 20.06.2024, पत्रांक–1379 दिनांक 26.06.2024 एवं पत्रांक–1593 दिनांक 26.07.2024 के द्वारा पूर्व में गाड़ीखास–कजरी ग्रामीण जलापूर्ति योजना के अन्तिम मापी हेतु आदेश निर्गत की गई थी, परन्तु संवेदक या उनके द्वारा प्राधिकृत कोई भी कर्मी उपलब्ध नहीं होने के कारण पूर्ण नहीं हो सकी है।

अतः उपरोक्त वर्णित जलापूर्ति योजना की अन्तिम मापी दिनांक 18.09.2024 से 28.09.2024 तक की जायेगी। अन्तिम मापी हेतु गठित टीम के सभी सदस्यों को निदेशित किया जाता है कि समयावधि में अन्तिम मापी करते हुए प्रमंडलीय कार्यालय को सूचित करें।

(रामेश्वर गुप्ता)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर
PR 335421 District(24-25).D

संक्षिप्त समाचार

झारखंड सचिवालय के 1 हजार अफसर 3 दिवसीय हड़ताल पर, सचिवालय, निदेशालय सहित पांचों कमिश्नरी का काम ठप

रांची, एजेंसी। झारखंड सचिवालय सेवा संघ के 1000 कर्मी 3 दिवसीय सामूहिक अवकाश पर चले गये हैं। कार्मिक प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के सचिव प्रवीण टोप्पो के साथ झारखंड सचिवालय सेवा संघ के विभिन्न मांगों पर वार्ता के बाद सहमति नहीं बनी है इसलिए कर्मी हड़ताल पर चले गये हैं। सचिवालय सेवा संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद व महासचिव सिदार्थ बेसरा ने कहा कि संघ के प्रत्येक सदस्य की यह जिम्मेदारी है कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से सफल हो। हम सब मिल कर यह सुनिश्चित करेंगे कि हमारे हक की आवाज सरकार तक पहुंचे। मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सचिवालय, नेपाल हाउस, एफएफपी भवन, एमडीआई बिल्डिंग सहित सभी सचिवालय संलग्न कार्यालय में काम ठप रहा। सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा पदाधिकारी, अवर सचिव, उप सचिव से संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी सामूहिक अवकाश पर रहे। इससे सचिवालय का काम ठप हो गया, फाइलों का मूवमेंट रूक गया। इसे लेकर सचिवालय के अफसरों ने सीएम हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है।

राज्यसभा सांसद ने हिंदपीढ़ी में चाला भवन का किया शिलान्यास कहा- पीएम के सपने को कर रहे साकार

रांची, एजेंसी। बीजेपी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रांची विधायक सीपी सिंह के साथ मिलकर हिंदीपिढ़ी स्थित चाला भवन निर्माण का शिलान्यास किया। हिंदीपिढ़ी के वार्ड संख्या 23 स्थित चाला भवन के ऊपर तल्ला का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश की विकास निधि से राशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में जनजातीय समाज बसता है। मोदी जी हमेशा इस समाज की उन्नति और विकास की चिंता करते हैं। इस समाज के स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका को देश और दुनियां जाने। इसके लिए उन्होंने धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। सांसद ने कहा कि एक जनजातीय परिवार की बेटी को राष्ट्रपति जैसे देश के सबसे सर्वोच्च पद पर आसीन कराया। आज मैंने मोदी जी के मिशन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक छोटी सी पहल की है। मैं यह उम्मीद करता हूं कि यह चाला भवन% सह बहुद्देश्यीय विकास केंद्र जनजातीय समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, हिंदपीढ़ी मंडल अध्यक्ष ऋषि खखड़, रवि कुमार, अमन जायसवाल, रोहित सिन्हा चंकी और फिरंगी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जामताड़ा डीसी को दिया आदेश, पहाड़िया गांव में हुई मौतों पर कार्रवाई करने को कहा

जामताड़ा, एजेंसी। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। पोस्ट में उन्होंने जामताड़ा के डीसी को जामताड़ा जिले के करमाटांड़ के नेंगराटांड़ पहाड़िया गांव में ही मौतों पर संज्ञान लेने का आदेश दिया है। स्वास्थय मंत्री को जैसे ही इस घटना की जानकरी मिली, उन्होंने जामताड़ा डीसी को विशेष टीम गठित कर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। जानकारी हो कि जामताड़ा के करमाटांड़ के नेंगराटांड़ पहाड़िया गांव में 6 लोगों की मौत अज्ञात बीमारी के कारण हो गयी है। वहीं दर्जनों लोग बीमारी से पीड़ित हैं। पहाड़िया गांव के लोगों में स्वास्थय विभाग के प्रति आक्रोश है। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के लोग सिर्फ दवा देकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। गांव के लोगों को अपने मवेशियों को बेच कर निजी डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ रहा है। वहीं सड़क सुविधा ना होने के कारण लोगों का आना-जाना भी मुश्किल हो जाता है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सहकारिता महासम्मेलन का किया उद्घाटन, किसानों को दी 236 पशु एम्बुलेंस की सौगात

रांची , एजेंसी। सीएम हेमंत सोरेन ने आज द कार्निवल बैंक्विट हॉल, डिबडीह में प्रमंडल स्तरीय सहकारिता महासम्मेलन का उद्घाटन किया। मौके पर 236 पशु एम्बुलेंस का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा कि पशु एम्बुलेंस से पशुओं को मुफ्त अस्पताल पहुंचाया जायेगा और इलाज भी मुफ्त किया जायेगा। हेमंत ने आगे कहा कि उनकी सरकार तथा कृषि विभाग का उद्देश्य एवं लक्ष्य राज्य में किसान वर्ग को मजबूती प्रदान करना रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोगों का जुड़ाव खेती-बाड़ी के कार्यों से है। पिछले 4 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किसान वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन और नीति निर्धारण की किया गया है। कहा कि जब गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा। उनकी सरकार राज्य के गांवों की जड़ों को मजबूत करने पर लगी है। जब गांव की जड़े मजबूत होगी तब स्थायी तौर पर राज्य भी मजबूत होगा।

2 लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ: हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार सदैव यहां के किसान परिवारों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों के 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफी का निर्णय भी लिया गया है। राज्य सरकार अब कृषि कार्य के लिए किसान परिवारों को बेहतर गुणवत्ता वाले पशु प्रदान कर रही है। राज्य सरकार ने पहली बार ऐसी नीति बनाई जिसमें कृषकों को प्रदान किए जाने वाले सभी पशुओं का इंश्योरेंस किया जाता है ताकि पशुओं के मरने पर उन्हें बीमा की राशि उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर लोग मछली पालन के व्यवसाय से भी जुड़े हैं। राज्य सरकार यहां विभिन्न पशुपालन योजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

खेत-खलिहान और पशुधन ग्रामीणों का बैंक एवं एटीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों का मूलधन खेत-खलिहान और पशुधन होता है। आप इसे यह कह सकते हैं कि किसानों का बैंक और एटीएम कार्ड खेत-खलिहान और पशुधन ही है। ग्रामीण किसान परिवारों की हर जरूरत इसी से पूरी होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने वनोपज को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा कर रही है। ग्रामीणों को वन उपज का सही मूल्य मिल सके इसके लिए भी उनकी सरकार संकल्पित है। खेती-कृषि, विभिन्न पशुपालन तथा वनोपज को एक उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराई जाए तो आने वाले कई समस्याओं से ग्रामीण किसानों को बचाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि देश, समाज और परिवार में कृषक वर्ग का स्थान बहुत महत्व रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी चीजों को मद्देनजर रखते हुए राज्य सरकार द्वारा किसान पाठशाला, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई अन्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ग्रामीण परिवार इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सके। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, सांसद सुखदेव भगत, सांसद राज्यसभा महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता पर मुख्य सचिव के बंगले पर अवैध कब्ज़ा का लगाया आरोप

बोले- यह सरासर छिछोरापन है

जमशेदपुर, एजेंसी। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय के बीच रार रुकने का नाम नहीं ले रही है. मंगलवार की शाम सरयू राय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर मंत्री बन्ना गुप्ता पर मुख्य सचिव के सरकारी बंगला पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को टैग करके लिखा है - हेमंत सोरेन जी आपके लाडले बन्ना गुप्ता जी ने मुख्य सचिव के सरकारी बंगला पर महीनों से अवैध कब्ज़ा कर रखा है। यह सरासर छिछोरापन है। चंपाई सोरेन ने इसका आवंटन किया है. सरकार के मंत्री ही ऐसी गुंडागर्दी करेंगे तो शासन में अधीनस्थ को कौन रोकेगा।

क्या है मामला जानिए

दरअसल मंत्री बन्ना गुप्ता को डोरंडा में सरकारी आवास सरकार की तरफ से आवंटित था लेकिन वहां जहाज छोटा पड़ जाने के कारण वे रांची प्रेस क्लब के बगल में स्थित बंगले में शिफ्ट हो गए हैं. इसी बंगला का जिक्र सरयू राय कर रहे हैं. अब तक इस मामले में मंत्री की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है.

2 लाख का इनामी नक्सली मुनेश्वर गंझू ने डाले हथियार, आत्मसमर्पण नीति से हुआ प्रभावित

रांची, एजेंसी। झारखंड की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर लगातार उग्रवादी सरेंडर कर रहे हैं। सोमवार को टीएसपीसीएस संगठन का सक्रिय उग्रवादी मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम जी ने सरेंडर कर दिया। मुनेश्वर गंझू ने झारखंड की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर रांची एसएसपी चंदन सिन्हा की मौजूदगी में सरेंडर कर हथियार डाल दिया है। बता दें कि मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम जी पर झारखंड पुलिस ने 2 लाख रूपये की नकद राशि का इनाम रखा था।

एरिया कमांडर था मुनेश्वर गंझू

मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम जी मूल रूप से हजारीबाग के केरेडारी का रहे वाला है। महज 22 वर्ष की उम्र में उसे टीएसपीसी संगठन का एरिया कमांडर बना दिया गया। मुनेश्वर गंझू पर झारखंड के विभिन्न थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुनेश्वर पर हत्या, लेवी वसूली और आर्म्स एक्ट जैसे कई संगीन धाराएं लग चुकी हैं। वह आज से 8-9 साल पहले टीएसपीसी संगठन में शामिल हुआ था। मुनेश्वर टीएसपीसी संगठन के लिए बतौर एरिया कमांडर के रूप में सक्रिय था।

आत्मसमर्पण का बताया कारण

मुनेश्वर गंझू ने आत्मसमर्पण करने के बाद बताया कि संगठन अब पहले जैसा नहीं रहा। उसने बताया कि टीएसपीएस संगठन शोषण और लेवी वसूली करने में लगी हुई है। यह पार्टी न्याय-अन्याय की बात अब नहीं कर रही है। इस संगठन के शीर्ष नेताओं को सिर्फ लेवी का पैसा चाहिए। ञ्जस्क्क्ष्ट संगठन के शीर्ष नक्सली कमाण्डर नीचे के कमाण्डरों का शोषण एवं सिद्धान्त के विपरित काम कर रहे हैं। वे इलाकों के ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से लेवी के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं। मुनेश्वर ने बताया कि नक्सलियों द्वारा की जा रही ग्रामीणों की प्रताड़ना से तंग आकर परिवार के साथ रहकर सामान्य जीवन जीने के लिए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर रहे हैं। उसने संगठन के सक्रिय नक्सली साथियों से अपील की है। वे लोग भी झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेकर हथियार डालें और पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें।

रांची में नदी किनारे चार युवकों के शव मिलने से मचा हड़कंप, घरवालों ने लगाया पीटकर हत्या करने का आरोप

रांची, एजेंसी। बीआइटी इलाके में रकोटी नदी के किनारे से पुलिस ने मंगलवार की देर रात बजे एक साथ चार युवकों के शवों को बरामद किया। मृत युवकों में शाहिद नुरूहुल्लाह, मकसूद अंसारी, शोएब अंसारी और आशिफ अंसारी शामिल हैं। इन चारों युवकों में एक के दोनों हाथ कपड़े से बंधे हुए थे, इसे लेकर पुलिस भी चारों युवकों हत्या की आशंका जता रही है।

एक अन्य युवक के बाल और टीशर्ट जले थे। इसलिए पुलिस गहनता से हर बिंदु की छानबीन कर रही है। सूचना मिलते ही स्वजनों ने भी थाना के समक्ष हंगामा करते हुए चारों युवकों की पीट-पीटकर हत्या का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ थाने पहुंच गई। उग्र भीड़ शवों को पोस् मार्टम के लिए रिम् भेजने को तैयार नहीं थी। कुछ देर हंगामा करने के बाद पुलिस ने उन्हें शांत कराया और तब जाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। वहां शवों का पोस्टमार्टम बुधवार को होगा। मृत युवकों में से तीन चेते गांव के निवासी थे, जबकि एक अन्य युवक नेवरी का रहने वाला था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार उन्हें सूचना मिली कि चारों युवक देर शाम तक घर नहीं पहुंचे हैं। वे मछली मारने नदी की ओर गए थे।

पुलिस ने युवकों का मोबाइल लोकेशन खंगाला तो नदी किनारे का मिला। लोकेशन के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची तो चारों युवकों के शव बरामद हो गए। चारों युवकों के घरवालों का कहना है कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस यह भी आशंका जता रही है कि बिजली गिरने से भी युवकों की मौत हो सकती है। पुलिस हत्या व बिजली गिरने दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है।

सूचना मिलने पर ग्रामीणों व घरवालों ने मिलकर थाना का घेराव किया और जमकर हंगामा किया। घरवालों का कहना था कि नदी किनारे युवकों को पीट पीट कर मार डाला गया और पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। घरवालों ने जमकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उग्र लोगों ने सड़क जाम करने का भी प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा बुझा कर शांत करा दिया। मृतकों के घरवालों ने थाना को लिखित दिया है कि चारों युवकों की पीट पीट कर हत्या हुई है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है ताकि घटना के बारे में और जानकारी मिल सके।

पुलिस का कहना है कि चारों युवक अक्सर नदी किनारे मछली मारने जाते थे। इसकी जानकारी घरवालों को भी रहती थी। लेकिन मंगलवार की रात ऐसी घटना हो गई इसपर कोई कुछ स्पष्ट नहीं कर रहा है। पुलिस चारों युवकों के दोस्तों से भी पूछताछ कर ही है। चारों युवकों का मोबाइल डिटेल खंगाला जा रहा है ताकि पुलिस को इस मामले में कुछ सुराग मिल पाए। एक युवक का हाथ सामने की ओर से बांधा हुआ था। एक युवक का बाल और टीशर्ट जला हुआ था।

विभिन्न पार्टियों के 400 से अधिक लोगों ने थामा जेएमएम का दामन, मिथिलेश ठाकुर ने किया स्वागत

गढ़वा, एजेंसी। गढ़वा प्रखंड के जाटा एवं जोबरईया पंचायत के 400 से अधिक महिला-पुरुष एवं युवा विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से जाटा पंचायत के लालू कुमार मेहता, बबलू कुमार रवि, कुमरिया देवी, संगीता देवी, शितली देवी, अंजू देवी, अमरावती देवी, सरिता देवी, रीमा देवी, मुनिया देवी, सकुंती देवी, बबीता देवी, फुल कुमारी देवी, आलोक रवि, जगमतिया कुंवर, राजेश भुईयां, शीला देवी, किरण मेहता, असलम अंसारी, नागेंद्र कुशवाहा, दीपक कुमार, सुरेश मेहता, बुधन राम, कलावती देवी, राहुल कुमार, विवेक कुमार, बुटन साव, जोबरईया पंचायत हरिजन टोला के पप्पु कुमार रवि, पुरूषोत्तम रवि, रामलखन राम, अर्जुन कुमार, संतोष कुमार, मंतोष रवि, सुनेश राम, चंदन कुमार, आशुतोष राम, सगीर खलीफा, रौशन कुमार रवि, सबीर अंसारी, राजू राम, संग्रहे से दुलारी कुंअर, कुंती कुंअर, रामप्यारी कुंअर, कुमारी कुंअर सहित 400 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि प्रतिदिन झामुमो परिवार काफी बड़ा और मजबूत हो रहा है। पार्टी में अधिक से अधिक लोगों को शामिल होने से पार्टी और भी मजबूत बन रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्य एवं पूरे राज्य में महिलाओं सहित हर वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर चलाई जा रही जनोपयोगी योजनाओं से पूरे राज्य के लोग प्रभावित हैं। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने राज्य में पुनः हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

मंदिर के पास शराब की दुकान का होना समाज के नैतिक मूल्यों पर हमला- वेदांत कौस्तव

रांची , एजेंसी। रांची के कडरू स्थित श्री श्री शिव पौराणिक मंदिर के समीप ओना रेस्टोरेंट और बार में शराब की बिक्री एवं परोसने को लेकर स्थानीय नागरिकों में रोष है। इस विषय को लेकर आज युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह एवं युवा नेता वेदांत कौस्तव के नेतृत्व में युवा आजसू के प्रतिनिधिमंडल ने एनडीसी डॉ सुदेश कुमार के माध्यम से रांची के उपायुक्त के नामित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में युवा आजसू ने रांची जिले के धार्मिक स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों के समीप संचालित बार और शराब दुकानों को बंद करने की मांग की है। मंदिरों और शैक्षणिक संस्थानों के निकट शराब परोसे जाने या बिक्री किए जाने संबंधी गतिविधियाँ न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही हैं, बल्कि समाज में भी असंतोष उत्पन्न कर रही हैं। युवा आजसू के वेदांत कौस्तव ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिए गए निर्देशों के बावजूद, मंदिरों के बगल में मदिरालय का संचालन चिंताजनक है। हम प्रशासन से अपेक्षा करते हैं कि वे इन बार और शराब दुकानों को तत्काल बंद करवाएं और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के समीप शराब की बिक्री और परोसना समाज के नैतिक मूल्यों पर सीधा हमला है।

मुख्य अभियंता हो या अभियंता प्रमुख, देरी के लिए जिम्मेदार सभी अफसरों पर कार्रवाई करें, जानकारी भी दें: हाईकोर्ट

रांची, एजेंसी। साहिबगंज जलापूर्ति योजना में हो रही देरी पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की खंडपीठ ने कार्यपालक अभियंता द्वारा गलत शपथ पत्र दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा-इस योजना में देरी होने के लिए जिम्मेदार सभी अधिकारियों पर कार्रवाई करें। चाहे वह कार्यपालक अभियंता हो, मुख्य अभियंता हो या फिर अभियंता प्रमुख या ठेकेदार। कार्रवाई के बाद शपथ पत्र के माध्यम से हाईकोर्ट को जानकारी दें।

कोर्ट ने कहा कि पानी लोगों की मूलभूत जरूरत है। इसके बिना सामाजिक दायित्व का पूरा होना असंभव है। गुड गवर्नेंस के तहत राज्य सरकार को प्राथमिकता के आधार पर पेयजल उपलब्ध कराना होगा। मुख्य सचिव की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए संवेदनशील रहें। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि गलत शपथ पत्र देने वाले कार्यपालक अभियंता को शोकॉज किया गया है। इस योजना के लिए रेलवे से एनओसी मिल चुका है। तीन माह में योजना में प्रगति दिखेगी। कुछ जगहों पर पाइपलाइन का काम बचा है, जिसे जल्दी पूरा कर लिया जाएगा।

210 दिन का समय देने से कोर्ट का इनकार: कोर्ट ने कहा-यह मामला 16 साल से चल रहा है। सरकार की ओर से जल्दी पानी उपलब्ध कराने के आश्वासन के बाद वर्ष 2016 में एक जनहित याचिका निष्पादित कर दी गई थी। लेकिन लोगों को पानी नहीं मिला। दो साल बाद सिद्धेश्वर मंडल ने फिर याचिका दायर कर काम जल्द पूरा करने का निर्देश देने का आग्रह किया। वहीं सरकार ने 210 दिन का समय मांगा था। कोर्ट ने कहा कि सरकार को 210 दिन का समय नहीं मिलेगा।

जलमग्न: सड़क पर दो से तीन फीट पानी जमा होने से वाहन सवार हुए काफी परेशान

रांची, एजेंसी। राजधानी में मूसलाधार बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया। रात 9 बजे के बाद एक बार फिर बारिश शुरू हुई, जो देर रात तक जारी रही। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को राज्य में सबसे अधिक 20 मिमी बारिश रांची में हुई। शाम में हुई बारिश से शहर की सड़कों पर तालाब जैसा नजारा बन गया। सबसे खराब स्थिति बड़ा तालाब के पास और सेवा सदन रोड की हुई। औघड़ बाबा आश्रम के पास और सेवा सदन रोड में भारी जल जमाव हो गया। सड़क पर दो से तीन फीट पानी जमा होने से वाहन सवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। दर्जनों वाहनों के साइलेंसर में पानी घुस गया। इससे वाहन वहीं बंद हो गया। वाहन सवारों को धक्का मारकर अपनी गाड़ी निकालनी पड़ी।

यहां भी बारिश से स्थिति बिगड़ी: रातू रोड, मेकॉन से राजेन्द्र चौक और कांटाटोली फ्लाईओवर के निर्माण की वजह से जगह-जगह खोदी गई सड़कों की वजह से भी स्थिति बिगड़ गई। रातू रोड कब्रिस्तान से न्यू मार्केट चौक तक और पिस्कामोड़ से आईटीआई रोड पर कीचड़ जम गया।

सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के लिए केंद्र सरकार ला रही है ये स्कीम, झारखंड समेत पूरे देश में लागू करने की तैयारी

रांची, एजेंसी। सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम ला रही है. असम व चंडीगढ़ में पायलट योजना का ट्रायल सफल रहा है. अनुमानतः इस योजना को झारखंड सहित पूरे देश में सितंबर के मध्य में लागू करने की तैयारी है. इस कड़ी में सड़क परिवहन व राज्यमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए छह सितंबर को झारखंड सहित अन्य राज्यों के अधिकारियों के साथ बैठक की है.

कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम से पहले चरण में गोल्डन ऑवर (एक घंटे के अंदर इलाज शुरू करना) में घायलों के इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपये आयुष्मान योजना के लिए इंपैनल अस्पतालों को दिये जायेंगे. ताकि पैसे के अभाव में घायलों का इलाज करने से अस्पताल मना नहीं कर सके. वहीं समय पर इलाज होने से लोगों की जान बच सकेगी. प्रति घायल को सात दिनों के इलाज के लिए केंद्र सरकार डेढ़ लाख रुपये कैशलेस इलाज के लिए देगी. संभव है कि राज्य स्तर पर भी इस योजना के लिए कैशलेस स्कीम कोष बनाया जायेगा. योजना को आइटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से क्रियान्वित किया जायेगा. किसी भी श्रेणी की सड़क पर मोटर वाहनों के कारण होनेवाली सड़क दुर्घटनाओं के कारण आघात और पॉली ट्रॉमा की देखभाल की आवश्यकतावाले सभी पीड़ित इस योजना के पात्र होंगे. उल्लेखनीय है कि झारखंड में औसतन 10 से 11 लोगों की मौत सड़क हादसा में हर रोज होती है. किसी व्यक्ति का किसी भी जगह सड़क दुर्घटना होती है, तो उसे कोई भी व्यक्ति अस्पताल में भर्ती करा सकता है. भर्ती के बाद अस्पताल तत्काल इलाज शुरू कर देगा. वहीं जिस जगह पर व्यक्ति दुर्घटना में घायल हो गया है, वहां के थाना व जिले के एसपी को तत्काल अस्पताल उस व्यक्ति के बारे में सूचित करेगा. तीन घंटे के अंदर पुलिस को यह रिपोर्ट देनी होगी कि संबंधित व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है. इस रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम से घायल के इलाज के लिए पैसा ले सकेगा.

सड़क हादसे के लिए जिम्मेदार वाहनों के थर्ड पार्टी बीमा से घायल के इलाज पर खर्च हुए पैसे वसूले जायेंगे. वह पैसा कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम में जमा होगा. यह सड़क दुर्घटना की पुलिस जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई होगी. अगर कोई अज्ञात वाहन घटना को अंजाम देता है, तो भी घायल को कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम का लाभ मिल सकेगा. वहीं जिस वाहन का थर्ड पार्टी बीमा नहीं होगा, तो वैसे वाहन के मालिक के खिलाफ पुलिस की जांच के बाद आगे की कार्रवाई हो सकेगी. किसी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में घायल होने पर अगर पुलिस उसे अस्पताल में भर्ती कराती है, तो वह उसी समय अस्पताल को दुर्घटना की रिपोर्ट देगी. उस आधार पर कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के तहत अस्पताल मरीज का अगले एक सप्ताह तक इलाज करेगा.

संक्षिप्त समाचार

बलिया में युवक की हत्या: दुकान मालिक के आपसी विवाद में चाकू मारकर उतारा मौत के घाट

बलिया , एजेंसी। बलिया जिले के दुबहर थाना क्षेत्र के हरिछपरा गांव में मंगलवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में चाकू मार एक युवक की हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया और मामले की छानबीन में जुट गई। साथ ही एएसपी अनिल कुमार झा, सीओ गौरव कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य इकठ्ठा किया। ओझवलिया गांव निवासी रघुवंश वर्मा और भिखारी वर्मा के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। रघुवंश वर्मा की दुकान पर हरिछपरा निवासी मृत्युंजय तिवारी उर्फ छोटू (22) पुत्र मनोज तिवारी काम करता था। रघुवंश का पक्ष लेने पर मृत्युंजय को दूसरे पक्ष के भिखारी वर्मा का पुत्र अजीत वर्मा बार- बार धमकी दे रहा था। मंगलवार की देर शाम ईंट- भट्ठे के पास भिखारी वर्मा ने मृत्युंजय को आपसी विवाद में न पड़ने की सलाह दी, इसको लेकर दोनों में विवाद हो गया।

इस विवाद में हुई चाकूबाजी में मृत्युंजय गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल मृत्युंजय को जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता मनोज तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने अजीत वर्मा, विशाल वर्मा, गुड्डू वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी अनिल झा ने बताया कि पुराने विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक युवक की चाकू मार कर हत्या कर दी गई है। घटना में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

7वीं की छात्रा के साथ स्कूल मैनेजर कर रहा था घिनौनी हरकत, पुलिस ने किया गिरफ्तार

गाजीपुर , एजेंसी। गाजीपुर जिले के दिलदारनगर थाना क्षेत्र में कक्षा 7 की छात्रा के मोबाइल पर कॉल करके और स्कूल में अपने केबिन में बुलाकर अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस ने स्कूल के मैनेजर के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही उसे गिरफ्तार किया गया है। नामचीन स्कूल के मैनेजर की इस हरकत पर लोगों में गहरा आक्रोश है।

दिलदारनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता डालिम्स सनबीम स्कूल रक्सहां में कक्षा सात की छात्रा है। छात्रा के मुताबिक जब स्कूल से पढ़कर घर पहुंची तो मैनेजर ने मोबाइल पर अश्लील मैसेज किया। इसके बाद कॉल करके अश्लील बातें करने लगा। स्कूल में पहुंचने पर अपने केबिन में बुलाकर अश्लील हरकत करने लगा। घर आने पर पीड़िता ने इसकी शिकायत परिजनों से की। इस पर पीड़िता के दादा ने दिलदारनगर थाने में आरोपी मैनेजर के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर डालिम्स सनबीम स्कूल रक्सहां के मैनेजर साकिब खान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

ढाई साल की बच्ची को पड़ोसी ने कार से रौंदा

कानपुर , एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। कानपुर के बर्रा सात में शाम करीब चार बजे घर के बाहर खेल रही बच्ची को पड़ोसी ने कार से रौंद दिया। हादसे में बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

बताया जा रहा है कि बच्ची ने हादसे से कुछ समय पहले अपने पापा को फोन किया था। बच्ची ने कहा था कि पापा... आज मेरा केक खाने का मन है, लेकर जल्दी घर आ जाना। पिता से फोन पर यह बात कहकर घर के बाहर खेलने निकली बर्रा-7 निवासी ढाई साल की बच्ची को पड़ोसी ने कार से रौंद दिया। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

ऑटो चालक रोहित सिंह पिछले दस साल से अंशुमन सचान के मकान में किराये पर रहता है। परिवार में पत्नी पूजा सिंह, बड़ी बेटी परी और छोटी बेटी अनिका थी। पिता ब्रजेश, मां कांती और बहन रजनी भी साथ रहती हैं। रोहित ने बताया कि उनके घर से कुछ मकान आगे आशीष सचान का घर है। मंगलवार शाम करीब साढ़े चार बजे बेटी अनिका ने उन्हें फोन किया। घर जल्दी आने की बात कहकर खेलने चली गई। इस बीच पड़ोसी आशीष कार से जाने लगा। घर के सामने खेल रही बेटी कार की चपेट में आ गई। इसके बाद चालक उसे रौंदते हुए चला गया।

चुनावी मोड में सीएम योगी: दस सीटों के उपचुनाव के लिए बुलाई मंत्रियों की बैठक

लखनऊ , एजेंसी। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में सरगर्मी बढ़ने लगी है। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार की शाम साढ़े चार बजे अपने आवास पांच कालिदास मार्ग पर सभी मंत्रियों की बैठक बुलाई है। इसमें कैबिनेट मंत्रियों के साथ ही राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व राज्यमंत्रियों को बुलाया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने बैठक को लेकर मंगलवार को पत्र जारी कर दिया है। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में मुख्यमंत्री उपचुनाव की तैयारियों, स्वच्छता पखवाड़ा, सदस्यता अभियान पर चर्चा कर सकते हैं। इसके साथ ही प्रभारी मंत्रियों से उनकी रिपोर्ट भी ले सकते हैं। योगी अपने मंत्रियों को विभागीय व आमजन से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने के कामों में तेजी लाने के निर्देश दे सकते हैं। चर्चा इस बात की भी हैं कि यहां सीटवार समीक्षा भी हो सकती है।

2017 से पहले संभव नहीं थीं पारदर्शी भर्तियां : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 के पहले शुचितापूर्ण भर्ती संभव नहीं थी। उस समय सभी आयोग व बोर्डों पर सवाल उठते थे। आज भी तमाम मामलों में सीबीआई जांच चल रही है। उस समय सरकारों की कार्यपद्धति से युवाओं के भविष्य से न सिर्फ खिलवाड़ किया गया, बल्कि प्रदेश को पहचान के संकट से भी गुजरना पड़ा।

सीएम मंगलवार को लोकभवन में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में 647 वन रक्षकों व वन्यजीव रक्षकों और 41 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अवर अभियंताओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। सीएम ने कहा कि नियुक्ति पाने वाले 688 में से 124 से अधिक बालिकाएं हैं।

सीएम ने बिना नाम लिए सपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि पहचान का संकट पैदा करने वाले वही लोग हैं, जो पेपर लीक करने वाले गैंग के सरगनाओं को अपना शागिर्द बनाते थे। भर्ती प्रक्रिया शुरू होते ही नियुक्ति की सूची चली जाती थी और वसूली शुरू हो जाती थी। उन्होंने कहा कि तब गरीब व मेधावी छात्र को नियुक्ति नहीं मिल पाती थी, बल्कि नियुक्ति बैकडोर से होती थी। सीएम ने कहा कि परीक्षा की शुचिता के लिए अनुचित साधनों के रोकथाम अधिनियम को लागू किया गया है। इसमें एक करोड़ जुर्माना व आजीवन कारावास का प्रावधान है। एआई और बायोमीट्रिक सिस्टम का भी बेहतरीन उपयोग किया गया है।

नई भर्तियां भी शीघ्र

योगी ने कहा कि छह महीने के अंदर उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 40 हजार भर्तियों को नियुक्ति पत्र के माध्यम से जोड़ने जा रहे हैं। पुलिस में फिर से 40 हजार नई भर्तियां करेंगे। बेसिक, माध्यमिक, उच्च, व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा में हजारों पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

चयन में नहीं आई लेन-देन की नौबत

सीएम ने कहा कि नवनियुक्त वन व वन्य जीव रक्षक यदि ईमानदारी से कार्य करेंगे तो जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव कम करने में वे बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। सरकार ने बहुत ही कम समय में नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की। कहीं भी सिफारिश व लेनदेन की नौबत नहीं आई। इसलिए सरकार भी आपसे ऐसे ही ईमानदारी से कार्य करने की उम्मीद करती है।

भाजपा नेता अपर्णा यादव ने राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला, सीएम से की थी मुलाकात

लखनऊ , एजेंसी। नाराजगी की खबरों के बीच सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता अपर्णा यादव ने उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। इस मौके पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक भी मौजूद रहीं। उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

बता दें कि सरकार ने पिछले सप्ताह ही आगरा की बबीता चौहान को आयोग की अध्यक्ष, गोरखपुर की चारू चौधरी और अपर्णा यादव को उपाध्यक्ष बनाया था। इसके बाद दोनों की पदाधिकारियों ने कार्यभार संभाल लिया था पर अपर्णा यादव ने नहीं संभाला जिसे लेकर उनकी भाजपा से नाराजगी की खबरें आ रही थीं। अपर्णा यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी।

सूत्रों का कहना है कि सपा से नाता तोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद से ही अपर्णा को पार्टी में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद थी, लेकिन आयोग में उपाध्यक्ष बनाए जाने से वह नाराज थीं। हालांकि उनकी ओर से इस बारे में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है फिर भी पिछले एक सप्ताह से सियासी गलियारों में उनकी नाराजगी की चर्चा खूब रही।

नाराजगी की चर्चाओं के बीच परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह की अपर्णा से हुई मुलाकात के बाद इस चर्चा को बल मिला था। सूत्रों का कहना था कि दयाशंकर सिंह को उनके पास समझाने के लिए ही भेजा गया था। इसी बीच सोमवार की शाम को अपर्णा अपने पति प्रतीक यादव के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात किया है। इसके बाद उनकी नाराजगी दूर होने की बात कही जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सीएम से मुलाकात के बाद अपर्णा कार्यभार ग्रहण को राजी हो गईं।

अच्छी पहल: काशीवासी सात हजार पौधों को लेंगे गोद, गार्जियन बनकर करेंगे देखभाल

वाराणसी, एजेंसी। वाराणसी शहर में सात हजार पौधों को गोद लिया जाएगा। गोद लेने के लिए इन पौधों के गार्जियन कहलाएंगे। इसके लिए नगर निगम ने कार्ययोजना बनाई है। इसके तहत सात हजार लोगों के नाम और मोबाइल नंबर लिए जाएंगे। उन्हें नगर निगम की ओर से एक पौधा और ट्री गार्ड दिया जाएगा। पौधा लगाने के बाद उसके संरक्षण की जिम्मेदारी उस गार्जियन की होगी। इसके लिए मेयर अशोक कुमार तिवारी के निर्देश पर नाम और मोबाइल नंबर जुटाए जा रहे हैं।

दरअसल हर बार जुलाई में पौधे तो लगा दिए जाते हैं लेकिन उनकी देखभाल नहीं हो पाती। इस वजह से पौधे सूखने लगते हैं और कई बार पौधे मर जाते हैं। इसे देखते हुए मेयर ने तय किया है कि शहर के सात हजार लोगों को पौधों का गार्जियन बनाया जाए। उनकी जिम्मेदारी होगी कि वे पौधों को समय-समय पर पानी और खाद डालेंगे। उन पौधों की रक्षा करेंगे। इससे न केवल पौधरोपण अभियान को बल मिलेगा बल्कि शहर में हरियाली भी होगी।

उधर, शहर में भाजपा की ओर से एक पेड़ मां के नाम पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम का यह अभियान सोने पे सोहागा साबित होगा। पौधा लगाने वाले गार्जियन इनको सहेजने का संकल्प लेंगे। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों के साथ आम जनता को भी शामिल किया जा रहा है ताकि सभी 100 वाडों को हरा भरा किया जा सके।

नाश्ता छोड़ा तो काबू में आ गई डायबिटीज, जीएसवीएम के अध्ययन में सामने आए चौंकाने वाले खुलासे

कानपुर , एजेंसी। अगर खानपान के बीच का फर्क दुरुस्त रखा जाए तो अनियंत्रित डायबिटीज पर काबू पाया जा सकता है। इतना ही नहीं शरीर का वजन भी कम होगा, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लीसिराइड की मात्रा भी कम हो जाएगी। यह तथ्य जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के शोध में उजागर हुआ है। रोगियों को प्रतिदिन सिर्फ 16 घंटे का उपवास कराया गया। इतने में ही चौंकाने वाले नतीजे सामने आए। रोगियों की एचबीए1सी (एक माह की औसत शुगर) भी घट गई।

मेडिसिन विभाग के इस शोध में हैलट ओपीडी में आने वाले उन रोगियों को शामिल किया गया, जिनका ब्लड शुगर लेवल दवा खाने के बाद भी नियंत्रण में नहीं आ रहा था। इसके साथ ही उनका लिपिड प्रोफाइल बढ़ा रहता था। कुछ रोगी मोटापा से ग्रस्त रहे। शोध मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. विशाल कुमार गुप्ता की अगुवाई में डॉक्टरों की टीम ने किया। रोगी जो दवा खा रहे थे, उन्हें उसी को खाने दिया गया।

शोध रिपोर्ट के मुताबिक रोगियों का सिर्फ नाश्ता बंद कराया गया। दोपहर और रात का खाना उसी तरह लेते रहे। नाश्ता बंद करने से रोगियों के दो बार के भोजन के बीच का गैप 16 घंटे हो गया। इससे तीन महीने के बाद फर्क आना शुरू हो गया। छह महीने में फास्टिंग ब्लड शुगर लेवल में 20 से 25 और खाने के बाद के लेवल में 40 फीसदी कमी आई। रोगियों के शरीर का औसत वजन छह किलो कम हो गया। इसके अलावा खून में चिकनाई (ट्राइग्लीसिराइड) और कोलेस्ट्रॉल 40 से 50 मिग्रा प्रति डीएल कम हुआ।

102 रोगियों पर दो साल चला शोध: यह शोध 102 रोगियों पर किया गया। शोध दो साल तक चला। डॉ. विशाल कुमार गुप्ता का कहना है कि रोगी जितनी कैलोरी ले रहे थे, उन्हें उतनी ही कैलोरी दी गई। फर्क सिर्फ दो बार के खाने के बीच में किया गया। इसके चौंकाने वाले नतीजे आए हैं। रोगियों के लिपिड प्रोफाइल और ब्लड शुगर लेवल में छह महीने में कमी आ गई। इसके बाद स्थिति आगे भी नियंत्रित बनी रही। शोध से साबित है कि 24 घंटे में 16 घंटे का उपवास करके ब्लड शुगर लेवल के साथ मोटापा तथा लिपिड पर नियंत्रण रखा जा सकता है।

अब बचा लंगड़ा भेड़िया है सबसे ज्यादा खतरनाक... कुनबे का बताया जा रहा सरदार

बहराइच , एजेंसी। बहराइच के महसी तहसील के 50 से अधिक गांवों में आतंक का पर्याय बने भेड़ियों के कुनबे की एक मादा भेड़िया को मंगलवार को वन विभाग ने दबोच लिया। इससे वन विभाग ने लगातार बन रहे दबाव से राहत की सांस ली। वहीं ग्रामीणों में भी खुशी की लहर है। अब सिर्फ पैर से चोटिल लंगड़ा भेड़िया ही पकड़ से दूर है। इस लंगड़े भेड़िये को सबसे ज्यादा खतरनाक बताया जा रहा है।

डीएफओ अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि वन विभाग के ड्रोन कैमरे में चार भेड़िया दिखे थे। इनमें से सिर्फ एक भेड़िया बचा है, जिसे पकड़ने के लिए कवायद तेज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बचे भेड़िया को पकड़ने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। एक लोकेशन मिली है, जहां उसके मौजूद होने की संभावना है। जल्द उसे दबोच लिया जाएगा। वहीं वन विभाग के जानकार मादा भेड़िया के बिछड़ने के बाद लंगड़े भेड़िये के और उग्र होने की बात कह रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को और सचेत रहने व सर्च अभियान और तेज करने की सलाह दे रहे हैं। कतनिर्याघाट के सेवानिवृत्त डीएफओ ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि भेड़िया हमेशा झुंड में रहता है। झुंड का हर एक सदस्य एक दूसरे की देखभाल करता है और अगर

कोई कुनबे को नुकसान पहुंचाए तो हिंसक हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि भेड़िया बदले की भावना वाले जानवर होते हैं। महसी तहसील क्षेत्र के हरदी थाना क्षेत्र में मार्च महीने में भेड़ियों के हमलों की शुरुआत हुई थी। मार्च के शुरुआती दिनों में जहां भेड़ियों ने कई बच्चों और ग्रामीणों को घायल किया था तो वहीं 10 मार्च को मिश्रनपुरवा निवासी सायरा (3) को निवाला बनाया था।

इसके बाद वन टीमें सक्रिय हो गई थी और सघन अभियान शुरू किया गया था। लेकिन 23 मार्च को भेड़ियों ने नयापुरवा निवासी छोटू (2) को निवाला बनाकर चुनौती बढ़ा दी थी। इसके बाद 28 मार्च को डीएफओ बहराइच अजीत प्रताप के नेतृत्व में एक मादा भेड़िया और उसके शावक को पकड़ा गया था।

काशी में एक हजार एकड़ में बनेगा सनातन विश्वविद्यालय, दी जाएगी 16 संस्कारों की शिक्षा

वाराणसी , एजेंसी। श्री आनंदम धाम पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति को बचाने के लिए वर्तमान शिक्षा पद्धति अभिशाप है। हमें सनातनी शिक्षा को दोबारा लाने की जरूरत है। इसे देखते हुए सनातन विश्वविद्यालय की परिकल्पना की गई है। काशी में एक हजार एकड़ में ये विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिकता से हटकर वैदिक सनातनी, गुरुकुल और 16 संस्कारों की शिक्षा दी जाएगी। यहां प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च स्तर की शिक्षा की व्यवस्था रहेगी।

अकथा चौराहा स्थित एक गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय में अक्षर ज्ञान के अलावा मेडिकल, आर्ट्स, कॉमर्स, आधुनिक विज्ञान की भी पढ़ाई होगी। ताकि, इस दिव्य शिक्षा पद्धति से राष्ट्र को बचाया जा सके।

रितेश्वर महाराज ने कहा कि इस विश्वविद्यालय में 16 संस्कारों की शिक्षा दी जाएगी। इस विश्वविद्यालय को खोलने के लिए बनारस शहर से 40 से 50 किमी की परिधि में एक एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि लॉर्ड मैकाले के शिक्षा पद्धति ने हमारे भारतीय व सनातनी शिक्षा पद्धति को खत्म कर अंग्रेजों की शिक्षा पद्धति लागू की गई। इससे भारतीय मानसिकता पूरी तरह से अंग्रेजी हो गई। स्कूलों में बच्चे शिक्षित तो हो रहे हैं, लेकिन वह सिर्फ अर्थ संचय तक ही सीमित हैं। सनातन संस्कृति को बचाने के लिए आमजन को भी इस मुहिम से जुड़ना होगा। रितेश्वर महाराज ने कहा कि देश में बदलाव की जरूरत है। सरकार इसके लिए आगे आए।

गोरखपुर एम्स: कार्यकारी निदेशक के खिलाफ डॉक्टर ने खोला मोर्चा- सीएम पोर्टल पर की शिकायत-थाने में भी दी तहरीर

गोरखपुर , एजेंसी। एम्स के कार्यकारी निदेशक के पुत्र की नियुक्ति और फिर इस्तीफे का प्रकरण शांत नहीं हो रहा है। जनरल सर्जरी विभाग के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. गौरव गुप्ता ने इस मामले में गलत ओबीसी प्रमाण पत्र से पुत्र का एडमिशन पीजी में कराने की शिकायत स्वास्थ्य मंत्रालय व सीएम पोर्टल पर की है। इसे लेकर एम्स थाने में भी तहरीर दी है। वहीं, कार्यकारी निदेशक ने डॉ. गुप्ता पर प्रमोशन नहीं मिलने के बाद जान बूझकर गलत आरोप लगाने की बात कही है।

एडिशनल प्रोफेसर डॉ. गौरव गुप्ता ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल ने गलत तरीके से नॉन क्रीमी लेयर का प्रमाण पत्र बनवाया है। वह स्वयं तीन से चार लाख रुपये मासिक वेतन पाते हैं। उनकी पत्नी जिपमर पुंडुचेरी में प्रोफेसर हैं। उनका भी वेतन तीन से चार लाख रुपये मासिक है।

ऐसे में वह नॉन क्रीमी लेयर की श्रेणी में कैसे हो सकते हैं। यह भी आरोप लगाया है कि पटना एम्स के निदेशक आवास के पते पर यह प्रमाण पत्र बनवाया गया है जो की गलत है, क्योंकि उनका स्थाई निवास उड़ीसा है। जिपमर पुंडुचेरी में मूलरूप से तैनात हैं। यह डोमिसाइल उड़ीसा या जिपमर से बनना चाहिए था। उनके बेटे के गलत प्रमाण पत्र के कारण माइक्रोबायोलॉजी में ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर की एक सीट खराब हो गई।

नान क्रीमी लेयर के लिए रिजर्व थी सीट: डॉ. गौरव गुप्ता का कहना है कि निदेशक ने अपने बेटे का 30 अगस्त को एम्स के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग में पीजी सीट पर एडमिशन कराया था। यह सीट ओबीसी श्रेणी में नॉन क्रीमी लेयर के लिए रिजर्व थी। विवाद की सुगबुगाहट होने पर तीन सितंबर को एडमिशन कैंसिल करा दिया। नीट पीजी में अब काउसिलिंग नहीं होगी। ऐसे में यह सीट खराब हो गई। इससे ओबीसी कैटेगरी के किसी गरीब छात्र का हक मारा गया है। पहले भी गलत तथ्यों के आधार पर आरोप लगाए गए थे। हमने पहले ही स्पष्ट किया है कि बेटे ने अरुचि के चलते सीट छोड़ी है। आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई विवाद नहीं है।

कार्यकारी निदेशक डॉ जीके पाल ने बताया कि डॉ. गौरव गुप्ता और उनकी पत्नी पर कई गंभीर आरोप हैं। ये लोग प्रमोशन के लिए दबाव बना रहे हैं। ये आरोप इसीलिए लगाए जा रहे हैं, ताकि मैं इनके खिलाफ आई शिकायतों पर कार्रवाई न करूं।

मेरठ-लखनऊ वंदे भारत: नहीं मिल रहे पर्याप्त यात्री, 250 तक भी नहीं पहुंच संख्या

मेरठ, एजेंसी। मेरठ के लोगों को लखनऊ तक नई हाई स्पीड लग्जरी वंदे भारत ट्रेन जरूर मिल गई, मगर ट्रेन की क्षमता के हिसाब से अभी यात्री यात्रा नहीं कर रहे हैं। वंदे भारत में मेरठ और लखनऊ दोनों और से अभी 40 प्रतिशत यात्री ही यात्रा कर रहे हैं जिसका कारण इस ट्रेन का किराया अधिक होना और इसके कुछ समय बाद ही दोनों ओर से राज्य रानी का चलना माना जा रहा है।

नौचंदी एक्सप्रेस के सहारनपुर से संचालित होने पर मेरठ में लगातार नई ट्रेन की मांग की जा रही थी। रेल मंत्री ने भी बनारस तक ट्रेन चलाने का आश्वासन दिया था। अब आनन-फानन में शनिवार को अचानक मेरठ से लखनऊ तक के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ हुआ। ट्रेन के स्टॉपेज केवल मुरादाबाद और बरेली दिए गए हैं। ट्रेन का समय भी सुबह राज्य रानी के समय ही किया है और लखनऊ से भी इस समय वापस का समय दिया जब राज्य रानी आती है।

मेरठ लखनऊ रूट पर नई वंदे भारत ट्रेन तो जरूर मिल गई मगर ट्रेन को यात्री अभी पर्याप्त नहीं मिल रहे हैं। वंदे भारत की क्षमता 530 यात्रियों की है, जिसमें

478 सीट एसी चेयर कार की और 52 एग्जिक्यूटिव की है। मगर अभी तक ट्रेन में 250 यात्री भी सफर नहीं कर सके हैं मेरठ से लखनऊ और लखनऊ से मेरठ अभी तक प्रतिदिन का हिसाब 200 से 230 यात्री ही आ रहा है।

पहले दिन रविवार को 211 यात्रियों ने वंदे भारत में सफर किया। सोमवार को मेरठ से वंदे भारत गई उसमें भी यात्रियों की संख्या 233 रही। मंगलवार को मेरठ आई वंदे भारत में केवल 205 यात्रियों ने सफर किया।

बुधवार सुबह लखनऊ गई वंदे भारत के लिए मंगलवार देर रात तक एसी चेयर कार के 163 और एग्जिक्यूटिव सीट के 26 टिकट ही बुक हुए थे। गुरुवार सुबह जाने वाली वंदे भारत के लिए एग्जिक्यूटिव सीट के लिए 21 और एसी चेयर कार के 160 टिकट ही बुक हुए हैं।

वंदे भारत में यात्रियों का अधिक सफर ना करने का कारण इसका बेतहाशा किराया और इसके दोनों ओर से इसके कुछ समय बाद ही राज्य रानी एक्सप्रेस का चलना माना जा रहा है।

वंदे भारत में एसी चेयर कर का टिकट लखनऊ तक 1355 रुपए है, जबकि राज्य रानी का टिकट 645 है राज्यरानी में थर्ड एसी का टिकट 790 और सेकंड एसी का टिकट 1100 रुपए का है जबकि वंदे भारत में एग्जीक्यूटिव क्लास का टिकट 2415 रुपए है। इसके अलावा वंदे भारत और राज्यरानी में लखनऊ और मेरठ पहुंचने में केवल डेढ़ घंटे का अंतर है। इस कारण भी लोग वंदे भारत में यात्रा करने से बच रहे हैं।

हापुड़ में स्टॉपेज करने की मांग: भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर मेरठ लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का हापुड़ में भी ठहराव कराने की मांग की है। रेल मंत्री को भेजे पत्र में विनीत अग्रवाल शारदा ने अवगत कराया कि हापुड़ भी व्यापारी दृष्टिकोण से बड़ा केंद्र है इसलिए इसका ठहराव हापुड़ में होना चाहिए उन्होंने इसे अयोध्या बनारस तक चलवाने की मांग की है।

गवाह को अदालत में पेश नहीं कर पाए थानेदार, अदालत ने किया तलब

मुरादाबाद, एजेंसी। गवाह को अदालत में पेश न करने के मामले में अदालत ने मंगलवार को मझोला थाने के तत्कालीन प्रभारी इंस्पेक्टर केके वर्मा को भारी पड़ गया। अदालत ने उन्हें तलब कर लिया। बाद में उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा। तत्कालीन थाना प्रभारी केके वर्मा को मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने अदालत में तलब कर लिया। उनकी थानेदारी के दौरान मझोला थाने के कई ऐसे गवाह थे। जिनके समन और वारंट अदालत से जारी किए गए लेकिन पुलिस न तो समन तामील करा पा रही थी और न ही वारंट पर गवाह को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर पा रही थी। अतिरिक्त जिला शासकीय अधिवक्ता मनीष भटनागर ने बताया कि मंगलवार को तत्कालीन थाना प्रभारी केके वर्मा अदालत में हाजिर हुए। खिलाफ पुलिस अधिनियम के अंतर्गत अदालत द्वारा कार्रवाई की गई थी। इसके बाद उन्होंने अदालत में लिखित रूप से अपना स्पष्टीकरण दिया। जिस पर अदालत ने उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया। इसी मामले में कुछ दिन पहले ही इंस्पेक्टर केके वर्मा को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया था।

विचार-मंथन

संपादकीय

विकिपीडिया के खिलाफ अवमानना

इसमें दो राय नहीं कि वक्त के साथ अद्यतन होती दुनिया में आज इंटरनेट की भूमिका अहम हो चुकी है। मगर इसके समांतर सच यह भी है कि इंटरनेट की विस्तृत और एक अर्थ में कहें तो असीमित दुनिया में किसी खास विषय पर मौजूद जानकारी को पूरी तरह सही मान लेना अब एक जोखिम भरा काम हो गया है। शायद यही वजह है कि अब इंटरनेट पर खोजे गए किसी तथ्य की कई-कई स्रोतों से जांच और पुष्टि करने की जरूरत पड़ने लगी है। दरअसल, किसी खास मुद्दे पर जानकारी मुहैया कराने वाली कुछ वेबसाइटें अपनी सामग्री ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाती हैं, मगर उसके सही होने को लेकर कोई ठोस आश्वासन नहीं होता। इस संदर्भ में विकिपीडिया को देखा जा सकता है, जहां किसी संदर्भ में कई बार विस्तृत जानकारी रहती है, मगर उसे तैयार करने से लेकर संपादित करने का जो ढांचा बनाया गया है, उसमें कब कोई भ्रामक जानकारी दे दी जाए, कहा नहीं जा सकता। इंटरनेट की विस्तृत और जटिल दुनिया में किसी संदर्भ के सही या गलत होने की जांच करना और उसके तटस्थ होने को लेकर आश्वस्त होना बेहद मुश्किल काम हो जाता है। यह बेवजह नहीं है कि एक विवाद पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने विकिपीडिया के खिलाफ अवमानना का नोटिस जारी करते हुए कहा कि अगर भारत आपको पसंद नहीं है, तो यहां काम न करें। यह मामला एक समाचार एजंसी से जुड़ा है, जिसमें एजंसी ने विकिपीडिया पर उसके बारे में गलत जानकारी देने, कुछ पेज संपादित करने की इजाजत देने का आरोप लगाया गया है। यही नहीं, एजंसी को सरकार की ओर से झूठा प्रचार करने वाला औजार भी बताया गया। दुनिया भर में लाखों लोग रोजाना विकिपीडिया का इस्तेमाल करते हैं।इस वेबसाइट पर कोई भी व्यक्ति किसी जानकारी को अद्यतन या उसमें फेरबदल कर गलत जानकारी दर्ज कर सकता है। इस वजह से आए दिन विकिपीडिया के पेज पर मौजूद जानकारियों को लेकर विवाद उभरते रहते हैं। इसके बावजूद विकिपीडिया में इसे सुधारने को लेकर गंभीरता नहीं दिखती। जबकि सिर्फ एक भ्रामक या गलत जानकारी की वजह से किसी व्यक्ति या संस्था को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।

दागी अफसर के खिलाफ सरकार की खामोशी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

इस तरह के मामले अक्सर उठते रहे हैं कि सरकारें दागी अफसरों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के बजाय इसकी अनदेखी करती है। कई बार आरोपी अधिकारी की तैनाती उसके पसंद के पद पर भी कर दी जाती है। यह प्रकारांतर से उसे बचाने या पुरस्कृत करने जैसा ही है, जिसे सरकार अपने अधिकार क्षेत्र में मानती है। जबकि इस तरह के रुख को न केवल नियमों के विरुद्ध माना जाता है, बल्कि यह मनमानी भी है, जिससे सबसे ज्यादा लोकतांत्रिक व्यवस्था और मूल्यों को नुकसान पहुंचता है। उत्तराखंड के एक मामले की सुनवाई करते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही मनमानी रवैये के खिलाफ तीखी टिप्पणी की है और इसे एक तरह से लोकतंत्र के विरुद्ध बताया है। गौरतलब है कि भारतीय वन सेवा यानी आइएफएस के एक अधिकारी को उत्तराखंड के राजाजी टाइगर रिजर्व का निदेशक बनाए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने तीखी नाराजगी जताई और राज्य के मुख्यमंत्री को सख्त फटकार लगाई। अदालत ने साफ कहा कि जिस अफसर को पेड़ों की गैरकानूनी तरीके से कटाई के मामले में जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व से हटाया गया था, उसे रिजर्व का निदेशक क्यों बना दिया गया! हैरानी की बात यह है कि जिस अधिकारी पर किसी भी रूप में कानून के विरुद्ध आचरण का आरोप लगा हो, उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के बजाय प्रक्रिया के तहत आरोपमुक्त होने से पहले ही फिर से उसे निदेशक जैसे पद पर तैनात कर दी जाती है। क्या उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के लिए लोकतांत्रिक दायित्वों और मर्यादा के यही मायने हैं? दरअसल, इस नियुक्ति में नियम-कायदों, नैतिकता और लोकतांत्रिक परंपराओं को जिस तरह ताक पर रख दिया गया, शायद उसी के मद्देनजर शीर्ष अदालत को यह टिप्पणी करने की जरूरत पड़ी कि 'हम सामंती युग में नहीं हैं कि जैसा राजा बोले वैसा ही होगा। लेकिन इस संबंध में एक तथ्य यह सामने आया कि विभागीय मंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस नियुक्ति के पक्ष में नहीं थे, इसके बावजूद इस असहमति पर विचार करने के बजाय उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने दागी अफसर को निदेशक बना दिया। भ्रष्टाचार या अन्य अनियमितता के आरोपों की वजह से कार्रवाई के दायरे में आने के बाद भी दागी अफसरों की ओर से आंखें मूंदे रखना या प्रकारांतर से उसे राहत पहुंचाने या पुरस्कृत करने को सरकारों और खासतौर पर शीर्ष पद पर बैठे व्यक्ति ने मानो अपना अधिकार मान लिया है।

महाशक्ति का स्वप्न और ये अवरोध

(शशि शेखर)

त्रासद परमाणु हमला इस महायुद्ध की परिणति थी। आज चीन उभरती हुई महाशक्ति है। उसके नेता शी जिनपिंग चाहते हैं कि उनके जीते-जी चीन अमेरिका को पछाड़कर नंबर एक का दर्जा हासिल कर ले। वह इसीलिए युद्ध खत्म करने में मदद के बजाय उसमें थोड़ी-बहुत समिधा डालते रहते हैं। इन जटिल परिस्थितियों में भारत की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो चली है।

मौजूदा वक्त के दुरुहतम सत्तानायक व्लादिमीर पुतिन के इस बयान को ध्यान से सुनिए, 'हम अपने दोस्तों और साझेदारों का सम्मान करते हैं। खासतौर से चीन, ब्राजील और भारत इस (यूक्रेन) संघर्ष से जुड़े सभी मुद्दों को ईमानदारी से सुलझाना चाहते हैं।' उनके प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने यह भी कहा कि बातचीत का रास्ता खोजने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहम भूमिका निभा सकते हैं। यह साधारण उपलब्धि नहीं है यह वही हुकूमत-ए-मॉस्को है, जिसके पास वर्ष 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन द्वारा अपमानित इंदिरा गांधी मदद मांगने पहुंची थीं। तत्कालीन राष्ट्रपति लियोनिद ब्रेझनेव ने खुली बाहों से उनका स्वागत किया था। यह सिलसिला दोनों मुल्कों के हर हुक्मरां ने आज तक जारी रखा है। 1991 के सोवियत विघटन के बाद बीच-बीच में सर्दी-गर्मी के दौर आए अवश्य, पर मित्रता टूटी नहीं। मई 2014 में नरेंद्र मोदी ने सत्ता सम्हाली। वह जानते थे कि अब हिन्दुस्तान की बारी है। नई दिल्ली के हुक्मरां अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए कितनी मेहनत कर रहे हैं,उसे जानने के लिए गुजरे कुछ हफ्ते बहुत काफी हैं। पिछले महीने की 21 तारीख से 5 सितंबर तक प्रधानमंत्री ने पोलैण्ड, यूक्रेन, ब्रुनेई और सिंगापुर की यात्राएं कीं। विदेश मंत्री एस जयशंकर इस दौरान मालदीव और कुवैत गए। अब साउथ ब्लॉक उनकी इस महीने अमेरिका और अगले महीने रूस यात्रा की तैयारियों में जुटा है। बदलते 'जियो पॉलिटिकल' परिदृश्य में मोदी की यात्राएं भारत की नई भूमिका गढ़ रही हैं। ब्रुनेई से शुरू करता हूं, क्योंकि बाकी देशों पर काफी कुछ छप चुका है। भौगोलिक दृष्टि से यह देश भले छोटा है, लेकिन इसे संसार में सर्वाधिक धनी होने का मान हासिल है। उसके पास अकूत तेल भंडार है। इसके साथ ही उसका एक किनारा दक्षिण चीन सागर से मिलता है। दक्षिण चीन सागर में बीजिंग कितना आक्रामक है, यह बताने की जरूरत नहीं। वहां का सत्ता सदन चाहता है कि किसी तरह ब्रुनेई को धौंसाकर अपने प्रभाव में ले ले, ताकि सस्ती कीमत पर ईंधन की भरपायी की जा सके। स्वाभाविक है, ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया को यह गवारा नहीं। इस दृष्टि से देखें, तो ब्रुनेई में मोदी की मौजूदगी नए मायने गढ़ती है। चीन दशकों से हमारी सीमाओं पर उत्पात मचा रहा है और हमें भी तेल की जरूरत है। रही बात सिंगापुर की, तो यह द्वीप देश हमारा पुराना साझेदार है। हमारे सदियों पुराने सांस्कृतिक संबंध हैं और जिस तरह सिंगापुर ने खुद को विकसित किया है, वह आज भी नौजवान भारतीयों को अपनी ओर आकर्षित करता है। आसियान देशों में सिंगापुर की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है और इस नाते बदलती दुनिया में भारत और सिंगापुर की साझेदारी को नए रंग-रोगन की जरूरत है। सिंगापुर की सहायता से हम हिन्दुस्तान को 'सेमीकंडक्टर' का हब बनाने का ख्वाब पूरा कर सकते हैं। इस समय ऐसी कूटनीति की सर्वाधिक जरूरत है रूस और यूक्रेन पिछले ढाई साल से जिस तरह से एक-दूसरे के खून के प्यासे हो रहे हैं, उससे दुनिया के समक्ष नए संकट खड़े हो गए हैं। यह युद्ध शुरू होने के साथ, सयानों ने भविष्यवाणी की थी कि आज नहीं, तो कल अन्य मुल्कों में भी आग फैल सकती है। वे सही साबित हुए। अगले ही वर्ष इजरायल और उसके पड़ोसी मुल्क उलझ पड़े। इससे नया भू-राजनीतिक संकट उठ खड़ा हुआ है। दो साल होने को आए, पर अमेरिका अपनी समूची शक्ति के बावजूद अपने सहयोगियों के साथ युद्ध रोकने में नाकाम रहा है। ये अमेरिकी प्रभुत्व के लड़खड़ाने के दिन हैं। उधर, चीन चाहता है कि उलझती हुई दुनिया में उसकी हिस्सेदारी बढ़ती रहे। दूसरे विश्व युद्ध से पहले अमेरिका इसी तरह दूर से हालात की खोज-परख तक सीमित था। पर्ल हार्बर पर हमले के बाद उसे सीधी जंग में दाखिल होना पड़ा था। त्रासद परमाणु हमला इस महायुद्ध की परिणति थी। आज चीन उभरती हुई महाशक्ति है। उसके नेता शी जिनपिंग चाहते हैं कि उनके जीते-जी चीन अमेरिका को पछाड़कर नंबर एक का दर्जा हासिल कर ले। वह इसीलिए युद्ध खत्म करने में मदद के बजाय उसमें थोड़ी-बहुत समिधा डालते रहते हैं। इन जटिल परिस्थितियों में भारत की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो चली है। भरोसा न हो, तो सिंगापुर के वरिष्ठ कूटनीतिज्ञ अंतरराष्ट्रीय और आर्थिक मसलों के जानकार, लेखक और वक्ता किशोर महबूबानी के विचार जान लीजिए। किशोर कहते हैं कि वक्त आ गया है, जब इंग्लैंड सुरक्षा परिषद से अपनी दावेदारी छोड़ भारत के लिए सीट खाली कर दे। महबूबानी का तर्क है कि तेजी से अपने संजाल में उलझती इस दुनिया को भारत जैसे देश और मोदी जैसे नेता की आवश्यकता है। महबूबानी मोदी को अमेरिकी और चीनी राष्ट्रपति के बाद सर्वाधिक ताकतवर नेता बताते हैं। ऐसे में, भारतीय प्रधानमंत्री अगर आने वाले दिनों में रूस और यूक्रेन के युद्ध पर अंकुश लगाने में अहम भूमिका निभाते हैं, तो यकीनन भारत की बलवान होती अवधारणा को नया बल मिलेगा। हालांकि, इस रास्ते पर बाहरी अवरोधों के अलावा देश के अंदर पनप रही कुछ प्रवृत्तियां बाधा पैदा कर रही हैं। यकीन न हो, तो फरीदाबाद की घटना पर नजर डाल देखिए। एक तरफ, अखबारों में ब्रुनेई में प्रधानमंत्री के भव्य स्वागत की खबर छप रही थी, तो दूसरी तरफ, फरीदाबाद में एक नौजवान की हत्या सुर्खियों में थी। उसे तथाकथित गौरक्षकों ने गो-तस्कर होने के शक में मार डाला था। खुद को गोरक्षक बताने वाले ये 'ट्रिगर हैप्पी' लोग कौन हैं? इन्हें शूट-एट-साइट का ऑर्डर किसने दिया? इन पर कब लगाम लगेगी? आप सांसद संजय सिंह का आरोप है कि पिछले 10 वर्षों में गोरक्षा के नाम पर 55 लोग मारे गए और 93 चोटिल कर दिए गए। अफसोस! इसे रोकने की जिम्मेदारी जिन राजनेताओं की है, उनमें से कुछ इस आग में घी डाल रहे हैं। संविधान की शपथ लेकर सत्ता सदन में दाखिल होने वाले लोग बांग्लादेश का नाम लेकर आम जन की भावनाओं को उग्रता प्रदान कर रहे हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि बांग्लादेश के जिम्मेदार लोग आरोप लगा रहे हैं कि अपनी अंदरूनी राजनीति चमकाने के लिए बांग्लादेश कानाम बदनाम किया जा रहा है। इस बेमतलब की बयानबाजी से उन कूटनीतिज्ञों का काम और कठिन हो जाता है, जो ईमानदारी से भारतीय इमेज को चमकाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। क्या नफरत की दुकान चलाने वाले इस गुहार को सुन रहे हैं?

विस्फोटक के ऊपर बैठी दुनिया के चारों ओर आंतकी जमातें

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

देश-दुनिया में कट्टरपंथियों की जमातें ईश निंदा के आरोप लगाकर निरंतर हमलों को अंजाम दे रही है। शरिया कानून मानने वाले राष्ट्रों के अलावा अन्य गणतंत्र देशों में भी भीड की शक्ल में जमा होकर असामाजिक तत्वों के समूह न केवल मनमाने आरोपों का हल्ला मचाकर लोगों की जान ले रहा है बल्कि खास सम्प्रदाय में उन्माद फैलाकर काफिरों को नस्तनाबूत करने के लिए उकसाता भी है। साइबर युग में संचार साधनों का उपयोग करके आतंक को पनाह देने वाले देश फर्जी पोस्ट डालकर मजहब की दुहाई दे रहे हैं ताकि अमन, चैन और खुशहाली को दफन किया जा सके। राजस्थान के उदयपुर का मामला हो या फिर बंगलादेश के उत्सव मण्डल की जिन्दगी का सवाल। अमेरिका में कट्टरपंथियों की भीड का हिंसक होना हो या फिर ब्रिटेन में कानून तोडने की घटनायें। लाल सागर में समुद्री लुटेरों का लहू डूबा करतब हो या फिर इजराइल में इस्लामी हमला। समूची दुनिया में आतंक की इबारत तले जबरन गुलाम बनाने की सियासत चल रही है। असामाजिक तत्वों की जमातों व्दारा मजहब के नाम पर दुनिया भर में नफरत की आंधियां चलाई जा रहीं हैं। फिलिस्तीन में वहां के लोग मासूम जान की कीमत पर भी हमास को सुरक्षित कर रहे हैं। इजराइल से अपहरित करके लाये गये वहां के नागरिकों में से अधिकांश के शव बरामद हो चुके हैं। बाकी के जिन्दा होने के कोई भी सबूत न मिलने के बाद भी उम्मीद की रोशनी में ब्लैकमेलिंग चल रही है। ऐसा ही हाल बंगलादेश में हिन्दू आबादी के साथ हो रहा है। समूची दुनिया में सिरफिरे अपराधियों ने भीड की शक्ल अख्तियार कर ली है जो लोगों पर अपने पैगम्बर साहब पर टिप्पणी करने, ईश निन्दा करने, कुरान का अपमान करने, इस्लाम की खिलाफियत करने जैसे मनगढन्त आरोप लगाकर सरेआम कत्लेआम मचा रही है। बंगलादेश की सरकार के नुमाइन्दे तो ऐसे लोगों की खुलकर तरफदारी करने, उन्हें पूरे जोरशोर से बचाने तथा जुल्म की घटनाओं को बढावा देने का काम कर रहे हैं। दूसरी ओर पडोसी की तर्ज पर ही देश के अन्दर मनमानी करने वाले वक्फ बोर्ड ने देश की राजधानी में ही 246 सरकारी सम्पत्तियों पर दावा ठोक दिया है। इस पर तीन मंत्रालयों के अधिकारियों व्दारा संयुक्त समिति के समक्ष वस्तुस्थिति स्पष्ट की तो विपक्षी सदस्यों ने स्पष्टीकरण देने वालों पर ही मनमाने प्रश्नों की बौछार कर दी। इतिहास गवाह है कि ब्रिटिश शासनकाल के दौरान 1911-12 में दिल्ली की नई राजधानी बनाने हेतु भूमि अधिग्रहीत की गई थी जिसे स्वाधीनता के बाद दिल्ली वक्फ बोर्ड ने अधिग्रहीत सम्पत्तियों में से कई को वक्फ सम्मत्ति घोषित कर दी थी। वर्तमान में 108 सम्पत्तियां भूमि एवं विकास कार्यालय तथा 138 सम्पत्तियां दिल्ली विकास प्राधिकरण के पास होने के बाद भी उन पर वक्फ बोर्ड अपना स्वामित्व निरूपित किये है। मालूम हो कि राष्ट्रीय राजधानी के निर्माण हेतु कुल 341 वर्ग किलोमीटर भूमि का अधिग्रहण किया गया था। उससे प्रभावित लोगों को उचित मुआवजे का भुगतान भी किया जा चुका था परन्तु वक्फ बोर्ड अपने असीमित अधिकारों का उपयोग करके निरंतर मनमानियां कर रहा है। कट्टरपंथियों व्दारा फैलाये जाने वाला आतंक जहां देश में अराजकता का वातावरण निर्मित कर रहा है वहीं दुनिया भर में हिजबुल्लाह, हूती, हमास, अलकायदा, आईएसआईएस जैसे संगठन तो निरंतर खूनी होली खेल रहे हैं। तिस पर हथियारों के सौदागरों ने पत्ते पर कुलाट खाने की अपनी आदत में इजाफा करके अब हवा में ही कुलाट खाना शुरू कर दिया है। दो देशों को आपस में लडाना, असुरक्षा का वातावरण निर्मित करना, वैमनुष्यता फैलाना तथा पर्दे के पीछे से विष पौध रोपित जैसे कृत्यों में लिप्त स्वार्थी देशों को केवल और केवल चिन्ता है तो अपने हथियारों की बिक्री, उनकी मरम्मत और रखरखाव के नाम पर धन बटोरने की। ऐसे में जेहाद का नाम लेकर पवित्र ग्रन्थ की मनमानी व्याख्यायें करने वाले कथित जानकार वास्तव में हथियार सप्लाई करने वालों के खास सिपाहसालार बनकर क्रास एजेन्ट का बखूबी काम कर रहे हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि बंगलादेश के कथित आंदोलनकारियों ने विदेश में जाकर अमेरिकन एजेन्ट्स तथा पाकिस्तान के खुफिया तंत्र मुलाकातें की थी।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5489

	4					5	6	
	3	9			8		7	
7			2	5				
3	1				6	7		
		5		7		1		
		6	4				8	9
				9	7			2
	2		8			6	5	
	8	1					9	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5488

3	9	2	8	5	1	6	7	4
6	8	7	4	2	3	1	9	5
4	5	1	9	7	6	2	8	3
5	6	9	2	3	4	8	1	7
2	3	8	7	1	5	4	6	9
1	7	4	6	9	8	5	3	2
9	1	6	3	4	2	7	5	8
8	2	3	5	6	7	9	4	1
7	4	5	1	8	9	3	2	6

वर्ग पहेली 5489

1	2	3	■	4	5		■
6			■	7		■	8
■	9		10	■	11	12	
13	■	14		15	■	16	
17	18	■	19		■		■
20		21		■	22		
	■		■	23			■
24		■	25			■	■

संकेत: बाएं से दाएं
1. 1951 को विंस्टन चर्चिल इस देश के प्रधानमंत्री बनें (3)
4. नार्वे ने इस देश से 1905 को स्वतंत्रता प्राप्त की (3)
6. जल में उत्पन्न वस्तु (3)
7. बांग्लादेश की प्रचलित मुद्रा (2)
9. पीछे चलने वाली, गजल में काफिए के बाद आने वाला शब्द या शब्द-समूह (3)
11. पावती, पहुंच पत्र, वस्तु आदि पहुंचने का प्रमाण पत्र (3)
14. लेखनी, काटकर लगाने की टहनी (3)
16. प्रतिष्ठा, इज्जत, आबरू (2)
17. गरदन, ग्रीवा, अधिक पका हुआ (2)
19. ग्रीष्म ऋतु का फल जो फलों का राजा कहलाता है (2)
20. झूमते हुए चलना, इतराते हुए चलना (4)
22. भरोसा, एतबार, यकीन (3)
23. स्पर्शमणि, परोसा (3)
24. यह मरूस्थल भारत के उत्तर-पश्चिम में तथा पाकिस्तान के दक्षिण-पूर्व में स्थित है (2)
25. बहस, तर्क, दलील (3)

ऊपर से नीचे
1. पुल को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
2. दर्जी, वेशकाट, सूचिक (3)
3. पास, करीब, निकट (4)
4. मीठा, कक्षावली, कोष्ठावली (2)
5. उर्ध्ववायु, पश्चिम अफ्रीका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की राजधानी (3)
8. देह, काया, शरीर, तन (3)
10. फलित होना, फलना (4)
12. शेखर कपूर निर्देशित फिल्म बैंडिट क्वीन की बैंडिट क्वीन (5)
13. हिमालय पर्वत सर्वोच्च शिखर माउंट एवरेस्ट का नेपाल में इस नाम से जाना जाता है (5)
15. मेरा या मेरी (2)
18. फौज का दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)
21. फन, हुनर, आर्ट (2)
22. बिछुडने का दुख, वियोग, जुदाई (3)
23. वस्तु आदि का दूसरा किनारा (2)

वर्ग पहेली 5488 का हल

लॉ	र्ड	मै	का	ले	■	गु	म
न	■	ला	ल	न	पा	ल	न
टे	क	■	■	दा	स	■	भा
नि	क	ल	■	र	■	भा	व
स	ह	गा	न	■	ता	र	न
■	रा	न	■	■	र	त	■
गि	■	■	का	ल	पी	■	ता
नी	र	ज	■	ता	न	पू	रा

आज का राशिफल

मेष
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके भाग्य पर ग्रहों की शुभ दृष्टि है और आपको सांसारिक सुख भोग के साधनों की प्राप्ति होगी। आवश्यक सामान की खरीदारी में शाम तक का समय व्यतीत होगा। घर परिवार के लोगों के साथ बहस में न उलझें और उनकी राय भी सुन लें, उपयोगी सिद्ध होगी।

वृष
आज करियर में लाभ का दिन है और ऑफिस में आपको कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। आपकी रुचि रचनात्मक कार्यों में बढ़ेगी। पुत्र अथवा पुत्री के विवाह की बात आगे बढ़ सकती है और उसमें लेनदेन की चर्चा हो सकता है। आप कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं। आपके भौतिक सुख में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे।

मिथुन
आज दिन आनंद में बीतेगा और योजनाएं सफल होंगी। अकस्मात आपके कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा उलटफेर हो सकता है। नए कार्य में वैधानिक और तकनीकि पहलुओं पर गंभीरता से विचार करें तो आपको हर बात का मतलब समझ आएगा। विचार करने के उपरान्त ही कुछ निर्णय लें।

तुला
आज करियर में सफलता का दिन है और जरूरी है कि आप अपने लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें तो आपको संतोष की प्राप्ति होगी। दूसरों की बात को ध्यान से सुनें और अपने काम पर ध्यान दें। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

वृश्चिक
आज दिन लाभ से भरा होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। निर्मूल विवाद से दूर रहें और अपने काम पर फोकस करें। आस पास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें। कार्यालय में भी अकस्मात कोई नया परिवर्तन आपको आश्चर्य में डाल सकता है। उससे घबराएं नहीं और अपने काम को मेहनत से करते रहें।

धनु
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आपको बहुत दिन से रुके धन की प्राप्ति होगी और नई योजनाओं का आरंभ हो सकता है। नए संबंधों में स्थायित्व बढ़ेगा और आप सफलता पाएंगे। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें और भाग्य साथ देगा।

कर्क
आज दिन शुभ है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपके सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार के भागीदारों और पत्नी पक्ष के लोगों से आपको लाभ होगा। कोई उधार आपको वापस मिलेगा और आपके धन में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा।

सिंह
आज दिन धन संपत्ति से भरा होगा और कारोबार में भाग्य आपका साथ देगा। आपके धन में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। किसी कारण से पास और दूर की यात्रा पर जाने के योग हैं। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक आपके सामने आकर खड़ा हो सकता है। यदि कोई आपसे उधार मांगे तो न दें। आपका पैसा डूब सकता है।

कन्या
आज धन लाभ का दिन है और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। राजनितिक क्षेत्र में दिन सफलताकारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में विरोधी आपसे पीछे रह जाएंगे और आपके लिए शुभ प्रभाव में वृद्धि होगी। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है।

मकर
आज लाभ का दिन है और आपका दिन खुशी में बीतेगा। सोचे गए कार्य पूर्ण होने से आपको लाभ होगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या घर का आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और कार्य सफलता के साथ पूर्ण होंगे।

कुंभ
आज दिन लाभ से भरा होगा और आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। चन्द्रमा भी आपके लिए शुभ दशा बना रहा है। घर में उत्तम संपत्ति प्रदान होने के योग हैं। खोया हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जाएगा। ऑफिस में आप सहयोगियों के साथ मिलकर किसी कठिन समस्या का समाधान निकालने में सफल होंगे। योजनाएं पूर्ण होंगी और आपको मनचाहा लाभ होगा।

मीन
आज दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं और आपका कर्ज निपट सकता है। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीद करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। सांयकाल का समय घरवालों के साथ व्यतीत करें और उनके साथ कहीं आउटिंग पर जाने का मन कर सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

डिस्टेंस मोड में करें ये शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स, करियर बनाने में नहीं होगी दिक्कत

कई लोग पैसे के कारण दूसरे शहर में जाकर पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। हालांकि अगर आपको पढ़ने की चाह है तो आपको कोई रोक नहीं सकता। जी हां, अगर आप अपनी शिक्षा को बेहतर बनाना चाहते हैं और कम फीस में स्किल्स सीखना चाहते हैं, तो जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के डिस्टेंस मोड के शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। इसे आप आसानी से कर सकते हैं।

डिस्टेंस मोड में शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्सेज

जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में केवल रेगुलर डिग्री कोर्सेज ही नहीं बल्कि डिस्टेंस मोड में शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स करने का भी मौका दे रहा है। ये कोर्स करने के बाद आप आसानी से काफी कुछ सीख सकते हैं। इन कोर्स की फीस भी बहुत कम होती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को काफी ज्यादा मदद मिल जाती है।

- डिस्टेंस मोड में करें ये शॉर्ट टर्म स्किल बेस्ड कोर्स
- बैचलर ऑफ आर्ट्स
- बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन
- बैचलर ऑफ कॉमर्स
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इन एजुकेशन
- मास्टर ऑफ आर्ट्स इंग्लिश
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हिस्ट्री
- मास्टर ऑफ आर्ट्स हिंदी
- मास्टर ऑफ आर्ट्स ज्योग्राफी
- मास्टर ऑफ आर्ट्स पॉलिटिकल साइंस
- मास्टर ऑफ आर्ट्स उर्दू
- मास्टर ऑफ आर्ट्स सोशियोलॉजी
- मास्टर ऑफ कॉमर्स

इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र में कैसे बनाएं करियर

आजकल किसी भी इवेंट को भव्य तरीके से ऑर्गेनाइज करने का चलन जोरो पर है और इसके लिए लोग इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में इसकी मांग को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अगर आपको भी इस तरह के प्रोग्राम को हैंडल करना और ऑर्गेनाइज करना अच्छा लगता है, तो आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकती हैं।

आज हर इवेंट की पहली मांग ग्लैमर और स्टाइल है। शादी समारोह हो या गेट-टुगेदर, ऑफिस की पार्टी हो या घर का कोई फंक्शन, इवेंट मैनेजर के बिना ये सारे समारोह सही तरीके से ऑर्गेनाइज नहीं हो सकते। हर इवेंट को बिल्कुल सही तरह से ऑर्गेनाइज करने का जिम्मा इवेंट मैनेजर कंधों पर होता है। आजकल किसी भी इवेंट को भव्य तरीके से ऑर्गेनाइज करने का चलन जोरो पर है और इसके लिए लोग इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में इसकी मांग को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अगर आपको भी इस तरह के प्रोग्राम को हैंडल करना और ऑर्गेनाइज करना अच्छा लगता है, तो आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको क्या करना होगा।

इवेंट मैनेजर का काम क्या है

इवेंट मैनेजर प्रोफेशनल, फोकस्ड और पर्सनल इवेंट्स ओर्गेनाइज करते हैं। जिसमें कॉरपोरेट मिटिंग्स, सेमिनार, प्रॉडक्ट् लॉन्चिंग, मैरिज सेलिब्रेशन, फिल्म अवार्ड फंक्शन, थीम पार्टीज, फैशन और सेलिब्रिटी शो, एग्ज़ीबिशन, म्यूजिकल कॉन्सर्ट आदि शामिल हैं।

इवेंट मैनेजमेंट कोर्स करवाने वाले प्रमुख संस्थान-

- अमेठी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट, मुंबई
- एकैडमी ऑफ एनिमेशन आर्ट एंड टेक्नोलॉजी, कोलकाता
- इंटरनेशनल सेंटर फ़ॉर इंवेट मैनेजमेंट, दिल्ली
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ एज्युकेशनल लीडरशीप, देहरादून
- अजमेर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मीडिया स्टडीज़, बरेली
- एकैडमी ऑफ़ ब्रॉडकास्टिंग, चंडीगढ़

क्वालिफिकेशन

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपका 12वीं पास होना बहुत जरूरी है। 12वीं के बाद आप इस क्षेत्र में आगे की पढ़ाई कर सकती हैं।

कोर्सेस उपलब्ध हैं

इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में करियर बनाना है तो आप डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट एंड पब्लिक रिलेशन्स जैसे कोर्स (इंटीरियर डिजाइनर कोर्स से जुड़ी बातें) कर सकते हैं।

क्वालिटी क्या होनी चाहिए

परफेक्ट प्लानिंग, गुड कम्युनिकेशन स्किल, गुड पब्लिक रिलेशनशीप, बेहतर बजटिंग, प्रेजेंटेशन स्किल, लीडरशीप क्वलिटी, नॉलेज, अच्छी कल्पना शक्ति, ज्यादा समय तक काम करने की क्षमता, मार्केटिंग और बिजनेस क्षेत्र की कुशल जानकारी होना बहुत जरूरी है।

जॉब की संभावनाएं

- इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में आप एक इवेंट मैनेजर या कंसल्टेंट के तौर पर जॉब कर सकती हैं।
- आप अपनी खुद की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी भी खोल सकती हैं।
- टेलीविजन शोज और एड फील्ड से जुड़कर उनके प्रॉडक्ट के लिए काम कर सकती हैं।

इवेंट इंडस्ट्री में फंडिंग बहुत ही जरूरी होती है। पैसों की कमी के कारण आप कुछ क्रिएटिव नहीं कर पाएंगी और ना ही इवेंट के लिए जरूरी साजों-सामानों की व्यवस्था कर पाएंगी। इसलिए आपके पास अच्छा बजट होना बहुत जरूरी है। ताकि आप अपना बिजनेस शुरू कर सकें।

नेटवर्किंग स्किल का होना

इवेंट मैनेजमेंट का काम एक अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता। इसके लिए आपको एक टीम के साथ काम करना होता है। इवेंट स्टार्टअप को सफल बनाने के लिए इंडस्ट्री से जुड़े सभी लोगों के साथ आपकी अच्छी जान पहचान होनी चाहिए। आपका नेटवर्क मजबूत होना चाहिए, ताकि आपको किसी भी तरह के समान की जरूरत पड़ने पर वह आपको तुरंत मिल जाए।

मार्केटिंग बहुत जरूरी

इवेंट मैनेजमेंट सिर्फ एक ऑर्गेनाइजिंग इवेंट नहीं होता, बल्कि इसके लिए प्लानिंग प्रोसेस में टाइम और मार्केटिंग अहम होती है, जो इवेंट को सफल बनाते हैं। अपने इवेंट को सफल बनाने के लिए आपको सोशल मीडिया का सहारा लेना होगा और उसपर भी मार्केटिंग करनी होगी। मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया एक बड़ा प्लेटफॉर्म है।

सैलरी कितनी

इस क्षेत्र में महीने की सैलरी के अलावा प्रति इवेंट के हिसाब से भी सैलरी दी जाती है। मैनेजमेंट कोर्स कंपलीट करने के बाद फ्रेशर्स की कमाई कम से कम पांच सौ से एक हजार रुपए प्रतिदिन होती है। अपने अनुभव और क्रिएटिविटी के आधार पर आप आठ हजार से दस हजार रुपए तक प्रति इवेंट कमा सकती हैं। इस क्षेत्र में ज्यादा अनुभव हो जाने पर आप पचास हजार से एक लाख रुपए प्रति इवेंट कमा सकती हैं।

विदेश में रहते हैं तो इन तरीकों से बढ़ाएं अपने कम्युनिकेशन स्किल्स

विदेश जाने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है कम्युनिकेशन की। किसी और देश के कल्चर के हिसाब से भाषा सीखना थोड़ा पेचीदा हो सकता है।

अधिकतर भारतीयों को इंग्लिश बचपन से ही सिखाई जाती है, लेकिन अगर इसे आप यूके या फिर अमेरिका में बोलेंगे, तो भी कम्युनिकेशन गैप आएगा ही। किसी नए देश में जाकर ठीक से कम्युनिकेट करने में बहुत ज्यादा दिक्कत होती है। यह समझने में समय लगता है कि किसी अन्य देश में आप सही कम्युनिकेशन कैसे करें। अगर यूरोप, थाईलैंड जैसे किसी देश में गए हैं, तो वहां की भाषा सीखने और सही कम्युनिकेट करने में समय लगता है।

बोलने से ज्यादा सुनने की कोशिश करें

कम्युनिकेशन स्किल बेहतर बनाने के लिए आपको पहले एक अच्छा लिसनर बनना होगा। लोगों को यह अच्छा लगता है कि उन्हें सुना जाए। ऐसे में आप किसी और देश में हैं, तो लोगों के हाव-भाव को समझें और उनकी बातों को सुनने की कोशिश करें। खुद से ही उनके सवालों के जवाब ढूंढने की जगह पहले उन्हें ठीक से सवाल पूछने दें। कई बार हम एंग्जाइटी में ही बोल जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं करना है। जब भी आप किसी से फोन पर बात कर रहे हैं, तो टेक्स्ट मैसेज का जवाब देना, ईमेल करना आदि बहुत खराब होता है। ऐसे में आपके कम्युनिकेशन स्किल कभी बेहतर नहीं हो पाएंगे। विदेशों में इस तरह की चीज को असभ्य माना जाता है।

सभी के साथ एक जैसा व्यवहार करें

कई बार हम अगर किसी अन्य नेशनालिटी के व्यक्ति से बात करते हैं, तो हम बहुत ही कॉन्शियस हो जाते हैं। यह कई बार अशिष्ट लगता है। कम्युनिकेशन स्किल को बेहतर बनाने का यह एक बहुत सही तरीका है कि आप अपने व्यवहार को बेहतर बनाएं।

बॉडी लैंग्वेज ऑफेंसिव ना रखें

कई बार हम किसी वेटर या फिर किसी सब्जी बेचने वाले से भारत में बहुत रूड तरह से बात करते हैं। बाहरी देशों में प्लंबर, कारपेंटर, वेजिटेबल वेंडर, वेटर और ऐसे सभी काम स्किल्ड लेबर में आते हैं। चाहे भारत हो या कहीं और आपको हर काम की इज्जत करनी चाहिए और अपने व्यवहार और बॉडी लैंग्वेज को ऑफेंसिव नहीं रखना चाहिए।

धीमे बोलें, लेकिन फैक्ट्स का ध्यान रखें

कम्युनिकेशन स्किल्स बेहतर बनाने के लिए फैक्ट्स का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है। आपको ध्यान से बोलना होगा और सही बोलना होगा। हम कई बार अपनी तारीफ के चक्कर में कुछ एक्स्ट्रा ही बोल जाते हैं। ऐसा नहीं करना है। ऐसा करने से आपके साथ समस्या बढ़ेगी।

पॉजिटिव बोलें और स्माइल का ध्यान रखें

अगर आपको किसी को इम्प्रेस करना है, तो स्माइल से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता है। ऐसे में आप हमेशा पॉजिटिव रहें और स्माइल करते रहें। गर्मजोशी से हाथ मिलाएं और फिर आगे बढ़ें। कई बार फर्स्ट इम्प्रेशन ही इससे बहुत अच्छा पड़ता है।

ज्यादा लंबे टेक्स्ट या ईमेल ना करें

हिंदुस्तान में कॉर्पोरेट ईमेल्स भी बहुत लंबे होते हैं पर यह सही तरीका नहीं है। मेल पर सिर्फ प्वाइंटर आदि होने चाहिए और बाकी चीजों के लिए कॉल या फेस टू फेस कंवर्जेशन ज्यादा बेहतर है। कई बार हम इसे अवॉइड करने की कोशिश करते हैं, लेकिन यह सही तरीका नहीं है। इससे यह दिखता है कि आप एक अच्छे स्पीकर या लिसनर नहीं हैं।

लिखने से पहले पढ़ जरूर लें

कम्युनिकेशन का एक अहम नियम है। आप कुछ भी गलत ना बोले ना ही लिखें। आप कोई मेल या टेक्स्ट कर रहे हैं, तो उसे ठीक से पढ़ लें। अगर टेक्स्ट या ईमेल में कोई गलती जाती है, तो लोगों पर आपका इम्प्रेशन सही नहीं पड़ेगा। लिखने के बाद पढ़ने की आदत आपको एम्बैरेस्मेंट से बचा सकती है।

इन स्किल्स की बदौलत स्कूल स्टूडेंट्स कर सकते हैं अपने सक्सेसफुल करियर की शुरुआत

सक्सेसफुल करियर की चाह सभी रखते हैं। अगर आप भी अपने बच्चों को सक्सेसफुल बनाना चाहती हैं, तो उनके करियर की शुरुआत करने से पहले ही उन्हें कुछ खास स्किल्स सिखाएं। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आप उन्हें करियर की शुरुआत में क्या-क्या सिखा सकती हैं, ताकि आगे जाकर उन्हें किसी भी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी

ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का चलन काफी ज्यादा चल रहा है। ऐसे में आपको भी अपने बच्चों को ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के बारे में बताना चाहिए। आने वाले समय में ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल काफी बढ़ने वाला है। यह उनके फ्यूचर के लिए काफी लाभदायक साबित हो सकता है।

ट्रेडिंग

शेयर मार्केट और ट्रेडिंग के क्षेत्र में भी काफी अवसर हैं। ऐसे में आप चाहें तो अपने बच्चों को इसके बारे में भी बता सकती हैं। आजकल लोग ट्रेडिंग करके हर महीने करोड़ों रुपये कमा लेते हैं। ऐसे में आपको अपने बच्चों को शुरू से ही ट्रेडिंग की जानकारी देनी चाहिए। ऐसे में अगर आपके बच्चे को इस क्षेत्र में रुचि होगी, तो उन्हें इसका काफी फायदा होने वाला है।

डिजिटल स्किल्स

डिजिटल स्किल्सजैसी कि कोडिंग वगैरह के बारे में बच्चों को जरूर सिखाना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी अपने बच्चों का फ्यूचर सक्सेसफुल बनाना चाहती हैं, तो उन्हें डिजिटल इकोसिस्टम से जुड़ी सारी चीजें जरूर बताएं। अगर जरूरी हो, तो उन्हें डिजिटल स्किल्स से जुड़ी चीजों को सीखने के लिए कोचिंग भी करवा सकती हैं।

संक्षिप्त समाचार

हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टी लड़ रही चुनाव: ज्ञान चंद गुप्ता

चंडीगढ़, एजेंसी। पंचकूला से भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष एवं दिग्गज भाजपा नेता ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के आगे की रणनीति के बारे में बताते हुए प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधा। भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे सेक्टर 10-11 तवा चौंक से मेजर शहीद संदीप सांखला चौक तक पैदल यात्रा किया जाएगा और नामांकन दाखिल किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और हरियाणा चुनाव के सह प्रभारी विप्लव देव मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा के अंदर माहौल बदला है और भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा ने 88 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है, जो बाकी हैं उनके नाम की भी घोषणा जल्द हो जाएगी। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के तमाम प्रयास के बाद भी आम आदमी पार्टी के साथ कोई समझौता नहीं हुआ है। आप ने अपने उम्मीदवार उतार दिए, लेकिन कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार नहीं उतारे। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में चार कांग्रेस पार्टियां मैदान में हैं। पहला भूपेंद्र हुड्डा की कांग्रेस, दूसरा कुमारी शैलजा की कांग्रेस, तीसरा रणदीप सुरजेवाला की कांग्रेस और चौथा कैप्टन अजय सिंह यादव की कांग्रेस पार्टी। बता दें कि चुनावी राज्य हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने 88 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को पंचकूला से प्रत्याशी बनाया गया है।

रोजाना के आहार में बादाम की महत्वपूर्ण भूमिका: डॉ. गीतिका

भोपाल। एक संतुलित और पौष्टिक आहार पूरे स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। सही पोषण और खानपान की सेहतमंद आदतों के महत्व को समझने के लिए हम 1 से 30 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाते हैं। पोषण संबंधी समस्याओं को सुनने, लोगों तथा कम्युनिटीज को जागरूक करने, सशक्त बनाने तथा खानपान के बेहतर विकल्पों को चुनने के लिए एक मंच प्रदान करता है। मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रितिका समद्दर, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट, शीला कृष्णास्वामी, फिटनेस मास्टर पिलेट्स इंस्ट्रक्टर यास्मिन कराचीवाला, एमबीबीएस एवं न्यूट्रिशनिस्ट, डॉ. रोहिणी पाटिल , स्किन एक्सपर्ट एवं कॉस्मैटोलॉजिस्ट, डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता, अभिनेत्री वाणी भोजन व सोहा अली खान के अनुसार सही स्वास्थ्य पाने के लिए पौष्टिकता से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे बादाम, साबुत अनाज, सब्जियां, फल, फलियां और इस प्रकार की अन्य चीजों से युक्त संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी है। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, जिंक, पोटेशियम और आहारीय फाइबर शामिल हैं, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। इंडियन कौंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर)- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रीशन (एनआईएन) ने हाल ही में भारतीयों के लिए डाइटरी गाइडलाइन जारी की है। इसमें बताया गया है कि अच्छी सेहत के लिए रोजाना बादाम को नट के रूप में लेना चाहिए। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान कहती हैं, मैं सोच-समझकर सेहतमंद खानपान की आदतों को पालन करती हूं। रीजनल हेड-डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, दिल्ली की रितिका समद्दर कहती हैं, आसानी से मिलने और तेज रफ्तार जीवनशैली की वजह से जंक और एचएफएसएस (हाई फैट, शुगर, सॉल्ट) जैसी चीजें खाने से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियां और मोटापा जैसी जीवनशैली संबंधी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसलिए, मैं हमेशा ही सतर्कता से खानपान का विकल्प चुनने की सलाह देती हूं।

विनेश फोगाट ने जल्दबाजी में फैसला लिया, हरियाणा में फिर बनेगी भाजपा सरकार : बबीता फोगाट

चंडीगढ़, एजेंसी। पहलवान विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने पर मंगलवार को बबीता फोगाट की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। बबीता फोगाट ने कहा कि यह विनेश का अपना निर्णय है, विनेश कुछ भी करें। सबकी अपनी-अपनी सोच है, हर किसी की अपनी विचारधारा है। राजनीति का मैदान हर किसी के लिए खुला हुआ है, कोई भी राजनीति कर सकता है।

बबीता फोगाट के पिता महावीर फोगाट ने कहा था कि विनेश को 2028 ओलंपिक में हिस्सा लेना चाहिए। इस पर बबीता फोगाट ने कहा, पापा विनेश के गुरु हैं। विनेश को अपने गुरु की बात माननी चाहिए थी। गुरु सही राह दिखाता है और अच्छी शिक्षा भी देता है। गुरु तो हमेशा चाहेगा कि उसका बच्चा अपने लक्ष्य तक जाए। कोई भी गुरु अपने बच्चे को मार्ग से भटकता हुआ नहीं देख सकता। अगर कोई बच्चा मार्ग से

भटकता है तो उसको सही राह दिखाना गुरु का फर्ज है। उन्होंने आगे कहा कि विनेश फोगाट ने जल्दबाजी में फैसला लिया। उनके 2028 के ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतने के अच्छे चांस थे।

इस बार के विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर बबीता फोगाट ने कहा, टिकट नहीं मिलने की कोई टीस नहीं है। मैं भाजपा के कमल के फूल के लिए काम करती हूं। मैं मानती हूं की कमल का फूल जिसको भी मिल जाए, हम उनके साथ लगकर काम करेंगे, मेहनत करेंगे और कमल के फूल को खिलाएंगे। मैं आज के जोश को देखकर कह सकती हूं कि हम चरखी दादरी विधानसभा सीट जीतने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बहुत सोच समझकर चरखी दादरी से सुनील सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। मैं पार्टी के इस फैसले के साथ खड़ी हूं। भाजपा प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे बहुमत के साथ हरियाणा में फिर से सरकार बनेगी। भूपेंद्र हुड्डा पर बात करते हुए उन्होंने कहा, वह फोगाट परिवार में फूट डालने में कामयाब रहे। जनता उनको सबक सिखाएगी, वह सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस की नीति फूट डालो, राज करो की है। कांग्रेस के नेता हमेशा से ऐसा करते आए हैं। कांग्रेस ने देश तोड़ने से लेकर परिवार तोड़ने का काम किया है। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परिवार और देश को जोड़ने का काम करते हैं। भाजपा %सबका साथ, सबका विकास% करती है।

जम्मू-कश्मीर में डबल इंजन सरकार का लाभ केवल भाजपा को मिला : उमर अब्दुल्ला

किश्तवाड़, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी का दौर तेज होता जा रहा है। सभी दल अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं और एक दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं। इसी कड़ी में, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को भाजपा पर जोरदार हमला बोला। मंगलवार को किश्तवाड़ के कुंतवाड़ा में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार सज्जाद अहमद किचलू और पद्दार नागसीनी के उम्मीदवार पूजा ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म की राजनीति की। उमर अब्दुल्ला ने भाजपा की नीतियों और कार्यशैली पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में डबल इंजन सरकार का दावा किया। हमने भी 10 साल तक डबल इंजन सरकार देखा, लेकिन इसका लाभ केवल भाजपा को मिला। हम सालों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे कि चुनाव आएंगे। 2014 में भाजपा ने उन लोगों से हाथ मिला लिया, जिनके खिलाफ भाजपा बोलती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा धर्म के नाम पर राजनीति की, हमने कभी ऐसा नहीं किया। मैं जानता हूं कि जब हम परेशान होते हैं, तो हर धर्म के लोग परेशान होते हैं। हमने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगे। ये भाजपा वाले डराने-धमकाने के अलावा कुछ नहीं करते। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अफवाह फैलाई है कि अगर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस सत्ता में आते हैं, तो यहां आतंकवाद वापस आ जाएगा।

हमारे विकास कार्यों को देखकर अन्य पार्टियां घबराईं : महबूबा मुफ्ती

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां प्रचार में जुटी हैं। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को प्रचार करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां बताईं। उन्होंने कहा, पीडीपी का जम्मू-कश्मीर में सड़कें, विश्वविद्यालय और कॉलेज तथा एम्स बनाने व रोजगार सृजन में रिकॉर्ड रहा है। इसलिए अन्य पार्टियां घबरा गई हैं और जनता के पास जा रही हैं। उनके पास जनता से माफी मांगने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। युवा वर्षों से जेलों में हैं और उनके माता-पिता को उनसे मिलने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग जेल से चुनाव लड़ते हैं और उन्हें सुरक्षा दी जाती है। जब वे हमारे उम्मीदवारों पर हमला करते हैं, तो पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं करती, लेकिन चुनाव आयोग हमारे उम्मीदवारों को नोटिस भेजता है, तो आपको समझना चाहिए कि जेल से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का क्या मतलब है।

तेजस्वी यादव परिवार के साथ जाएंगे दुबई, अदालत ने दी इजाजत

पटना, एजेंसी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को राउज एवेन्यू कोर्ट ने दुबई जाने की इजाजत दे दी है।तेजस्वी 18 सितंबर से 8 अक्टूबर तक अपने परिवार के साथ दुबई जा रहे हैं। बता दें कि तेजस्वी यादव ने परिवार वालों के साथ छुट्टियां बिताने के लिए दुबई जाने की इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने उन्हें 25 लाख रुपये काफिक्स डिपॉजिट रिसीप्ट जमा कराने को कहा है। यात्रा से वापस आने के दो दिन के अंदर कोर्ट को सूचित कर पासपोर्ट सरेंडर करेंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट ने तेजस्वी यादव को दुबई में रहने के दौरान ठहरने की जगहों की जानकारी, दुबई में रहने के दौरान इस्तेमाल होने वाले फोन नंबर की जानकारी देने को कहा है। गौरतलब है कि जमीन के बदले नौकरी मामले में आरोपी होने के चलते जमानत की शर्तों के मुताबिक अपना पासपोर्ट सरेंडर कर दिया था। जिस कारण तेजस्वी यादव को विदेश जाने के लिए कोर्ट की इजाजत लेनी होती है। इजाजत मिलने के बाद उनको कोर्ट से अपना पासपोर्ट भी रिलीज कराना होता है।

गाजियाबाद में कस्तूरबा गांधी विद्यालय से तीन छात्राएं लापता, 14 से 16 साल की हैं छात्राएं; सुरक्षा पर सवाल

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से तीन छात्राएं लापता हो गईं। रात को छात्राएं कमरे में सो रहीं थीं, लेकिन सुबह तीनों गायब थीं। घटना का पता लगते ही पुलिस और शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। मामले में डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को खोजने के लिए दो टीमें गठित की हैं।

गाजियाबाद के सिहानी गेट थानाक्षेत्र के नेहरू नगर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से मंगलवार तड़के तीन छात्राएं संदिग्ध हालात में लापता हो गईं। स्कूल वार्डन के मुताबिक लापता छात्राएं कमरे में सोई हुई थीं। कमरे में मौजूद अध्यापिका सुबह उठी तो तीन छात्राएं लापता मिलीं। घटना से छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं, लिहाजा डीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को खोजने के

लिए दो टीमें गठित की हैं। रजापुर ब्लॉक के नेहरू नगर में कस्तूबरा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय है। अधिकारियों के मुताबिक विद्यालय में 85 छात्राएं पढ़ रही हैं। इनके रहने के लिए विद्यालय के हॉस्टल के छह कमरे बने हैं। पुरानी मोहनपुरी, मेरठ निवासी सविता त्यागी विद्यालय की वार्डन हैं। इसके अलावा विद्यालय की अध्यापिकाएं और अन्य स्टाफ भी यहां रहता है।

मंगलवार सुबह विद्यालय से तीन छात्राओं के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मामला तीन नाबालिग छात्राओं के लापता होने का था, लिहाजा मेरठ मंडल और लखनऊ में बैठे अधिकारियों के फोन घनघनाने शुरू हो गए। स्कूल स्टाफ से जानकारी मिलने पर डीसीपी सिटी राजेश कुमार और प्रशासनिक अधिकारी विद्यालय पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

दो छात्राएं एक कमरे में, जबकि एक छात्रा दूसरे कमरे में सो रहीं थीं। विद्यालय की वार्डन सविता त्यागी के मुताबिक लापता छात्राओं की उम्र 14 से 16 साल है। दिल्ली के बलदेव पार्क कृष्णानगर निवासी 16 वर्षीय छात्रा आठवीं कक्षा की छात्रा है, जबकि सुदामापुरी विजयनगर निवासी किशोरी सातवीं और खन्नानगर लोनी निवासी किशोरी छठी कक्षा की छात्रा है।

वार्डन ने पुलिस को बताया कि दो किशोरियां एक ही कमरे में रहती हैं। इसके अलावा दूसरी छात्रा अन्य कमरे में रहती है। वार्डन के मुताबिक सभी छात्राएं रात 11 बजे तक अपने-अपने कमरों में थीं। इसके बाद स्कूल स्टाफ सो गया। सुबह उठने पर तीन छात्राएं विद्यालय से लापता मिलीं।

तुम शादी कर लेना; गर्लफ्रेंड के लिए मैसेज छोड़ बिहार के लड़के ने गाजियाबाद में लगाई फांसी

गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र में रहने वाले युवक ने मंगलवार तड़के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो सुसाइड नोट मिला। दीदी और प्रेमिका के लिए मार्मिक अंदाज में लिखे सुसाइड नोट में युवक ने अपनी आखिरी इच्छा तो लिखी, लेकिन आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं की।

मूलरूप से थाना पारू जिला मुजफ्फरपुर बिहार के गांव कटवाड़ा निवासी 25 वर्षीय कुंदन कुमार ठाकुर नंदग्राम थानाक्षेत्र के बनवारी नगर में ओमपाल यादव के मकान में किराये पर रहता था। वह एक निजी कंपनी में काम करता था। पुलिस के मुताबिक कुंदन ने मंगलवार तड़के अपने कमरे में पंखे से चादर का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह मकान मालिक ने उसे फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। एसीपी नंदग्राम का कहना है कि मौके से पुलिस को सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक मौके से मिले सुसाइड नोट को कुंदन ने बिहार की अपनी मूलभाषा में लिखा है। उसने लिखा कि दीदी अब हम नहीं रहना चाहते हैं। मम्मी को अपने साथ में रखिएगा। दुखी न रहने देना। अब हम नहीं रहेंगे और मम्मी को कभी तकलीफ न होने देना, इसका ध्यान रखना। कुंदन ने प्रेमिका का नाम लिखकर कहा कि मुझे माफ कर देना और तुम शादी कर लेना। कुंदन ने अंतिम इच्छा में लिखा कि जीजा अगर मैं मर गया तो मुझे अपने गांव लेकर जरूर चलिएगा। अंत में उसने गुडबाय लिखा । डीसीपी सिटी राजेश कुमार का कहना है कि मोबाइल की कॉल डिटेल खंगालने पर पता चला कि कुंदन एक लड़की के साथ प्यार में था।

किन अधिकारियों ने नहीं किया काम, बताएं उनका नाम; सौरभ भारद्वाज का एलजी को चैलेंज

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को चुनौती दी है कि वह उन अधिकारियों के नाम का खुलासा करें जिन्होंने राजधानी के नालों से गाद निकालने का काम नहीं किया। राज निवास की ओर से फिलहाल इसपर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। उपराज्यपाल ने नालों से गाद निकालने के काम में भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग के आरोपों की जांच के आदेश दिए हैं। इसके एक दिन बाद भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि शहरी विकास मंत्री के रूप में उन्होंने बार-बार कहा था कि गाद निकालने के बहाने भारी भ्रष्टाचार हुआ है।

मंत्री ने कहा, करोड़ों रुपये की गाद निकालने का काम केवल कागजों पर ही किया गया, मैं यह कई महीनों से कह रहा हूं। मैं यह बात बार-बार कह रहा हूं। मैंने मुख्य सचिव को पत्र लिखा कि थर्ड पार्टी से ऑडिट कराने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंत्री के बार-बार लिखित आदेश के बावजूद थर्ड पार्टी से ऑडिट नहीं कराया गया।

भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने 20 मई को मुख्य सचिव को पत्र लिखकर यह जानना चाहा था कि लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद और दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा नालों से कितना गाद हटाने का काम किया गया है।

इंदिरापुरम की 4 सड़कें बनेंगी मॉडल, 117 करोड़ की लागत से होंगी चकाचक, लाखों लोगों भी फायदा

इंदिरापुरम , एजेंसी। इंदिरापुरम में रहने वालों के लिए राहत भरी खबर है। इंदिरापुरम की चार प्रमुख सड़कों का निर्माण 117 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण के बाद लोगों को आने-जाने में सहूलियत मिलेगी। इलाकों के इन व्यस्त मार्ग होने से रोजाना लाखों लोगों का आवागमन होता है।

सीएम ग्रिड योजना के तहत इन चारों सड़कों का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही नगर निगम इन सड़कों का काम शुरू करा देगा। यहां पर काला पत्थर से सुशीला नैय्यर मार्ग, सीएसआईएफ रोड, शिप्रा सनसिटी रोड, जयपुरिया मॉल से काला पत्थर तक की रोड का निर्माण किया जाएगा। ये सड़कें इंदिरापुरम के प्रमुख मार्गों में आती हैं, जिन पर यातायात का भारी दबाव रहता है। सड़क की मरम्मत या आवश्यकतानुसार निर्माण कराकर रोड के किनारे लाइटें, सेंट्रल वर्ज में हरियाली विकसित की जाएगी। चौराहों पर दुरुस्त ट्रैफिक सिग्नल, ऑटो और बसों का स्टैंड बनाने का काम भी इस प्रस्ताव में शामिल है। सड़क का निर्माण करते समय जलभराव की स्थित नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। रोड की टेस्टिंग हो चुकी - नगर निगम की टीम ने सड़क निर्माण के लिए जांच शुरू कर दी है। वसुंधरा जोन के अवर अभियंता संजय गंगवार ने बताया कि चारों सड़कों को मॉडल बनाया जाएगा।

सड़कों के लेयर की टेस्टिंग का काम भी पूरा कर लिया है। सड़क बनाने से पहले अतिक्रमण हटाया जाएगा। बता दें कि इंदिरापुरम की सड़कें खराब होने के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं और जाम की समस्या होती है। खराब सड़कों की वजह से वाहन चालकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जैसे वाहन खराब होना और समय की बर्बादी। नए निर्माण से इन सभी समस्याओं का समाधान होगा और लोग आसानी से अपने गंतव्यों तक पहुंच सकेंगे। सड़कों से अतिक्रमण हटाकर इन्हें चौड़ा भी किया जाएगा। बेहतर ड्रेनेज सिस्टम बनाया जाएगा ताकि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न हो। साथ ही, ट्रैफिक लाइट्स और संकेतक लगाए जाएंगे, जिससे यातायात नियंत्रण और सुचारू हो सके। शासन से स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

बिहार की अलंकृता साक्षी ने गूगल में 60 लाख रुपये का पैकेज किया हासिल

बेंगलुरु , एजेंसी। दुनिया की प्रमुख सॉफ्टवेयर कंपनी गूगल ने भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल कार्यालय के प्रधान लिपिक राजीव नयन चौधरी की बहू अलंकृता साक्षी को सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में नियुक्त किया है। अलंकृता साक्षी बिहार के भागलपुर जिले के सिमरा गांव की निवासी हैं और वर्तमान में झारखंड के कोडरमा में अपने परिवार के साथ रह रही हैं।

अलंकृता साक्षी की प्रारंभिक शिक्षा झारखंड के कोडरमा से हुई। उन्होंने कोडरमा से 10वीं की पढ़ाई पूरी की और जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा से 12वीं की परीक्षा पास की। इसके बाद, उन्होंने हजारीबाग से बीटेक की पढ़ाई की। अलंकृता के पिता कोडरमा में एक प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि उनकी मां रेखा मिश्रा एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। उनके परिवार में एक भाई और दो बहनें भी हैं। गूगल में शामिल होने से पहले, अलंकृता ने

बेंगलुरु में विप्रो कंपनी में दो साल काम किया। इसके बाद, उन्होंने अर्न्स्ट एंड यंग और सैमसंग हार्मन में भी एक-एक साल का अनुभव प्राप्त किया। उनके इन अनुभवों के आधार पर उनका चयन गूगल में हुआ है। अलंकृता की शादी 8 दिसंबर 2023 को मनीष कुमार से हुई थी। मनीष भी बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करते हैं। अलंकृता साक्षी के ससुर राजीव नयन चौधरी भागलपुर जिले के शौल थाना क्षेत्र के पोठिया गांव के निवासी हैं और नवगछिया अनुमंडल कार्यालय में प्रधान लिपिक के पद पर कार्यरत हैं। गूगल में चयन की खबर से अलंकृता और उनके परिवार में खुशी की लहर है। परिवार के सदस्य इस उपलब्धि को अत्यंत गर्व और खुशी का विषय मानते हैं। उनका कहना है कि यह अलंकृता के लिए ही नहीं, बल्कि सभी लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत है जो आत्मनिर्भर बनकर समाज और देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। इस सफलतापूर्वक यात्रा और उपलब्धियों ने अलंकृता को एक नायाब उदाहरण बना दिया है कि कैसे मेहनत और लगन से किसी भी लक्ष को हासिल किया जा सकता है।

अनुच्छेद 370 हटने के बाद भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में सभी के समान अधिकार सुनिश्चित किए : कविंदर गुप्ता

जम्मू, एजेंसी। भाजपा प्रवक्ता एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि अनुच्छेछ 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में भाजपा ने सभी के समान अधिकार सुनिश्चित किए हैं। चुनावी राज्य जम्मू-कश्मीर को लेकर कविंदर गुप्ता ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर में सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किए हैं, चाहे वह वाल्मीकि समुदाय हो या महिलाओं के अधिकार। भाजपा ने सभी का ध्यान रखा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, पहले उमर अब्दुल्ला की बहन को भी राज्य से बाहर शादी करने के बाद ऐसे अधिकार नहीं थे। अब अनुच्छेद 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को ये सारे अधिकार देने का काम किया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को लेकर भाजपा नेता ने कहा, महबूबा मुफ्ती इंजीनियर रशीद की विचारधारा और उनके द्वारा अपनाए गए रास्ते को जानती हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल में हाथापाई हुई थी, और थप्पड़ भी मारे गए थे। वे इसे भाजपा से जोड़ने की कोशिश कर रही हैं। हाल ही में महबूबा मुफ्ती को चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। स्वाभाविक रूप से, इसके लिए भाजपा को दोषी ठहराने की कोशिश की जाएगी।

पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे की किताब में जम्मू-कश्मीर के हालात के बारे में दी जानकारी पर भाजपा नेता ने कहा, सुशील कुमार शिंदे ने अपनी किताब में लिखा है कि कश्मीर के हालात बदल गए हैं। आज पाकिस्तान भी कश्मीर की तारीफ करता है और आंकड़े भी हैं। करीब 25 मिलियन पर्यटक कश्मीर आ चुके हैं और पत्थरबाजी अब नहीं दिखती।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper

डायमंड लीग:

नीरज चोपड़ा डायमंड लीग में करेंगे धमाल

नईदिल्ली, एजेंसी। ब्रुसेल्स डायमंड लीग के फाइनल में दो भारतीय हिस्सा लेंगे. इनमें एक नीरज चोपड़ा हैं तो दूसरे अविनाश साबले हैं. 3000 मीटर स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले बुसेल्स में होने वाली डायमंड लीग के फाइनल में चुनौती पेश करेंगे. वह स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के साथ इस इवमेंट में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय है.

29 साल के साबले ने 12 खिलाड़ियों के डायमंड लीग फाइनल में पहली बार जगह बनाई है. उनका इवेंट शुक्रवार को होगा जहां सभी 12 प्रतिभागी सीधे फाइनल रेस में भाग लेंगे. साबले ने इस सीजन में डायमंड लीग के दो आयोजनों में हिस्सा लिया है और वह तीन अंक के साथ तालिका में 14वें स्थान पर थे. उनसे ऊंची रैंकिंग वाले चार खिलाड़ियों के प्रतियोगिता से हटने के बाद उन्होंने फाइनल में जगह बनाई.

दो दिवसीय डायमंड लीग फाइनल का आयोजन 13 और 14 सितंबर को होगा. पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज 13 सितंबर को होगी, वहीं जबकि पुरुषों का भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) इवेंट 14 सितंबर को होगा. साबले ने सात जुलाई को डायमंड लीग के पेरिस हीट में 8ः09.91 मिनट के समय के साथ अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार के साथ छठा स्थान हासिल किया था. वह 25 अगस्त को सिलेसिया लेग में 14वें स्थान (8ः29.96 मिनट) पर थे. साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में ओलंपिक फाइनल में प्रवेश करने वाले पहले भारतीय बने लेकिन वह अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर सके. पेरिस ओलंपिक में वह 8ः14.18 मिनट के समय के साथ11वें स्थान पर रहे थे.

वहीं दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट चोपड़ा ने चौथे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया. चोपड़ा ने दोहा और लुसाने में आयोजित लेग प्रत्येक में दूसरे स्थान पर रहने से 14 अंक अर्जित किए. प्रत्येक डायमंड लीग सत्र के फाइनल के चैंपियन को प्रतिष्ठित 'डायमंड ट्रॉफी', 30,000 डॉलर की पुरस्कार राशि और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक वाइल्ड कार्ड से सम्मानित किया जाता है. उपविजेता को 12,000 डॉलर मिलेंगे और इसी तरह आठवें स्थान पर रहने वाले को 1000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे.

नीरज ने कुल 2 लेग खेले

लुसाने डायमंड लीग के बाद फाइनल के लिए आखिरी लेग मुकाबला 5 सितंबर को ज्यूरिख में हुआ, जिसमें 26 वर्षीय नीरज नहीं खेले. यानी एक तरह से बिना खेले ही नीरज फाइनल में पहुंच गए. नीरज कुल 2 लेग में खेले.

पुरुषों के जैवलिन थ्रो इवेंट के लिए डायमंड लीग में 4 अलग-अलग मीट (लेग मैच) हैं. यह चारों दोहा, पेरिस, लुसाने और ज्यूरिख हैं. इन चारों इवेंट्स के बाद टेबल के लिहाज से टॉप-6 प्लेयर्स को फाइनल में जगह मिलती है.

जहां डायमंड लीग में चैम्पियन के लिए निर्णायक मुकाबला होना है. ध्यान देने वाली बात यह है कि डायमंड लीग में कोई मेडल नहीं मिलता है.हर एक लेग मुकाबले में टॉप पर रहने वाले एथलीट को 8 प्वाइंट्स मिलते हैं.

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अश्विन पूरा करेंगे दोहर शतक

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी और दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 19 सितंबर से शुरू होने वाली भारत-बांग्लादेश की 2 मैच की टेस्ट सीरीज में एक्शन में नजर आएंगे। एशियाई पिचों पर अश्विन का कद और भी ज्यादा ऊंचा हो जाता है।

अश्विन की जादुई गेंदबाजी के सामने बड़े से बड़ा बल्लेबाज ढेर हो जाता है। बता दें कि अश्विन टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे गेंदबाज हैं। वह सिर्फ महान अनिल कुंबले (619 विकेट) से ही इस लिस्ट में पीछे हैं। हालांकि अब बहुत जल्द अश्विन एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते हैं।

रविचंद्रन अश्विन बनाएंगे यह महारिकॉर्ड

दरअसल, रविचंद्रन अश्विन ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक 34 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 174 विकेट झटके हैं। वह डब्ल्यूटीसी में 200 विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बनने से सिर्फ 26 विकेट दूर हैं। वह यह कारनामा जल्द ही कर सकते हैं। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ 2 और इसके बाद अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। वहीं 22 नवंबर से फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैच की रोमांचक टेस्ट सीरीज का भी आगाज हो जाएगा। इन आगामी 10 टेस्ट मैच में अश्विन यह खास दोहरा शतक लगा सकते हैं।

रविचंद्रन अश्विन का करियर

37 साल के रविचंद्रन अश्विन ने अब तक भारत के लिए 100 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 मुकाबले खेले हैं। टेस्ट में अश्विन ने 516 विकेट लेने के साथ-साथ 3309 रन भी बनाए हैं। उनके नाम 5 शतक और 14 अर्धशतक भी हैं। वनडे में अश्विन ने 156 विकेट और 707 रन को टी20 में 72 विकेट और 184 रन बनाए हैं। अश्विन को आईपीएल का भी अच्छा अनुभव है। उन्होंने 2009 से अब तक आईपीएल में खेले 212 मुकाबलों में 180 विकेट लिए हैं और 800 रन भी बनाए हैं।

फ्रेजर-मैकगर्क पर खुद को साबित करने का कोई दबाव नहीं : मार्श

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने कहा कि युवा जेक फ्रेजर-मैकगर्क को साउथम्प्टन में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 सीरीज से पहले यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए पर्याप्त अच्छे हैं।

फ्रेजर-मैकगर्क को डेविड वॉर्नर के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने इस साल आईपीएल के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के लिए 234.04 की स्ट्राइक रेट के साथ 330 रन बनाए थे। जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप के सुपर-8 में ऑस्ट्रेलिया का सफर समाप्त होने के बाद वॉर्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

दाएं हाथ के युवा बल्लेबाज फ्रेजर-मैकगर्क ने अपने टी20 करियर की शुरुआत में सिर्फ 16 रन बनाए, जिसमें पिछले हफ्ते स्कॉटलैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 3-0 की जीत में उनके दो शून्य शामिल हैं। मार्श के हवाले से कहा, हम जानते हैं कि वह एक बेहतरीन बल्लेबाज है और उसका भविष्य उज्ज्वल है। मुझे टीम में उसकी भूमिका पसंद है।

मैदान के अंदर और बाहर, वह एक शानदार युवा खिलाड़ी है और इस माहौल में रहकर वह बहुत कुछ सीखेगा। हमारी ओर से उस पर कोई दबाव नहीं है। उसे किसी को यह साबित करने की जरूरत नहीं है कि वह इस स्तर पर काफी अच्छा है। उसे यहां किसी कारण से चुना गया है, और लोगों पर दबाव डाले बिना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काफी कठिन है। इसलिए हम चाहते हैं कि वह इसका आनंद ले, जितना हो सके उतना सीखे और हर अवसर का पूरा लाभ उठाए।

एशियन चैम्पियंस ट्राफी हॉकी:

भारत ने मलयेशिया को 8-1 से रौंदा, लगाई जीत की हैट्रिक, सेमीफाइनल में बनाई जगह

बीजिंग, एजेंसी। छह टीम का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी, जबकि 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा। गत चैंपियन भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में मलयेशिया को 8-1 से रौंद दिया।

इस मैच को जीतने के साथ ही भारत ने जीत की हैट्रिक लगा दी है। भारत ने बुधवार को लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। भारत के लिए पांच अलग-अलग खिलाड़ियों ने आठ गोल दागे। इनमें राज कुमार पाल के तीन गोल, अरिजीत सिंह हुंडल के दो गोल, जुगराज सिंह, कप्तान हरमनप्रीत सिंह और उत्तम सिंह का एक-एक गोल शामिल है। मलयेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनुवर ने 34वें मिनट में एक गोल किया। भारत अभी तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। छह टीम का टूर्नामेंट राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष पर रहने वाली चार टीमें 16 सितंबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी, जबकि 17 सितंबर को फाइनल खेला जाएगा।

भारतीय टीम के फॉरवर्ड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज कुमार पाल ने तीसरे, 25वें और 33वें मिनट में तीन गोल दागे, जबकि अरिजीत सिंह हुंडल ने छठे और 39वें मिनट में दो गोल किए। जुगराज सिंह ने सातवें, हरमनप्रीत सिंह ने 22वें और उत्तम सिंह ने 40वें मिनट में एक एक गोल दागे। भारत फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है। तीन जीत के बाद उसके नौ अंक हैं। वहीं, पाकिस्तान पांच अंक लेकर दूसरे और चीन तीन अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया दो अंक लेकर दूसरे, जापान एक लेकर पांचवें और मलयेशिया एक अंक लेकर छठे स्थान पर है। भारत ने इससे पहले चीन और जापान को हराया है।

दलीप ट्रॉफी में नहीं चुने गए भारतीय स्पिनर का इंग्लैंड में दिखा जलवा

तीसरी बार 5 विकेट झटक शतककिया पूरा

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत में खेले जा रहे घरेलू टूर्नामेंट दलीप ट्रॉफी में नहीं चुने जाने के बाद इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का जलवा देखने को मिला है। नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलने वाले भारतीय लेग स्पिनर ने 5 विकेट लेकर डर्बीशायर के बैटिंग लाइन-अप की कमर तोड़ दी।

लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में 152 अंतरराष्ट्रीय मैचों के अनुभव वाले चहल ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए। यह उनके प्रथम श्रेणी करियर का तीसरा पांच विकेट हॉल था। उनकी शानदार गेंदबाजी के बदौलत डर्बीशायर ने अपने आखिरी छह विकेट 10.2 ओवर में सिर्फ 15 रन पर गंवा दिए।

युजवेंद्र चहल ने इस मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल की। उनके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 100 विकेट पूरे हो गए। 34 वर्षीय स्पिनर ने पहली पारी में 16.3 ओवर में 45 रन देकर 5 विकेट लिए और अपनी टीम को 54 रन की बढ़त दिलाने में मदद की।

उनकी ही टीम से भारत के ओपनर पृथ्वी शॉ भी खेल रहे हैं। पृथ्वी का बल्ला पहली पारी में नहीं चला था। दूसरी पारी में भी वह कुछ खास नहीं कर पाए।

शाहरुख खान ब्रिगेड ने प्रीति जिंटा की टीम को हराया

सीपीएल 2024:

नईदिल्ली, एजेंसी। कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 के 12वें मैच में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने सेंट लूसिया किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया। दोनों टीमों का इंडियन प्रीमियर लीग से नाता है। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स, कोलकाता नाइट राइडर्स की फ्रेंचाइजी है। इसके मालिकों में बॉलिबुड स्टार शाहरुख खान शामिल हैं। सेंट लूसिया किंग्स, पंजाब किंग्स की फ्रेंचाइजी है। इसके मालिकों में प्रीति जिंटा शामिल हैं।

यह मैच सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैदान पर सेंट लूसिया किंग्स को ट्रिनबागो नाइट राइडर्स से कभी जीत नहीं मिली है। इस मैच में लग रहा था कि सेंट लूसिया किंग्स को जीत मिलेगी। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को 2 ओवर में 28 रन चाहिए थे और मुंबई इंडियंस के बैटिंग कीरोन पोलार्ड ने 19 वें में 4 छक्के जड़ दिए। इससे शाहरुख खान की टीम जीत गई।

कीरोन पोलार्ड ने तूफानी पारी खेली। उन्होंने 19 गेंद पर 7 छक्के की मदद से 52 रन बनाए। उनके अलावा शक्केरे पैरिस ने 33 गेंद पर 57 रन बनाए। सुनील नरेन 14, जेसन रॉय 16, निकोलस पूरन 17 और कैसी कार्टी 15 रन बनाकर आउट हुए। अकिल होसेन ने विजयी चौका लगाया। वह 5 रन बनाकर नाबाद रहे। सेंट लूसिया किंग्स के लिए मैथ्यू फोर्ड और नूर अहमद ने 2-2 विकेट लिए खरी कैम्पबेल और सैड्रैक डेसकार्टेस ने 1-1 विकेट लिए।

सेंट लूसिया किंग्स की बल्लेबाजी: सेंट लूसिया किंग्स के लिए रस्टन चेज ने नाबाद 56 रन बनाए। कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने 34 और भनुका राजपक्षे ने 33 रन बनाए। ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सुनील नरेन ने और वकार सलामखेल ने 2-2 विकेट लिए। टेरेंस हिंड्स और कीरोन पोलार्ड ने 1-1 विकेट झटके।

न्यूज बाइट्स

किशोरी की मौत मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

ओबरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।

ओबरा (औरंगाबाद) ओबरा पुलिस ने जहर खाने से 31 अगस्त 2024 को किशोरी की मौत होने के मामले में बुधवार को एक नामजद आरोपी सागर कुमार विश्वकर्मा उर्फ गोलू कुमार को गिरफ्तार किया है। दाउदनगर डीएसपी कुमार ऋषिराज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये जानकारी दी है। 31 अगस्त को ओबरा पुलिस को जानकारी मिली थी की औरंगाबाद के सदर अस्पताल में ओबरा के एक मोहल्ला निवासी एक किशोरी की जहर खाने से मौत हो गई है। इस संबंध में मृतिका किशोरी के पिता द्वारा ओबरा थाना में सागर कुमार विश्वकर्मा को नामजद आरोपी बनाया था। ओबरा थाना में कांड संख्या 373/ 24, 1 सितंबर 2024 को दर्ज कराई गई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। इस बीच आरोपी ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। जिसे गिरफ्तार कर पुलिस तुरंत कार्रवाई कर रही है।

डीएम ने कुटुंबा प्रखंड का किया निरीक्षण, स्कूलों, अस्पतालों और पंचायत भवनों की समीक्षा की

निज संवाददाता | कुटुम्बा (औरंगाबाद)

बुधवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कुटुंबा प्रखंड के विभिन्न सरकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्राथमिक और उच्च विद्यालयों, रेफरल अस्पताल और पंचायत सरकार भवन का गहराई से मुआयना किया और संबंधित अधिकारियों तथा कर्मियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी महोदय ने सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय बिशुनपुर, रीसियप का निरीक्षण किया। यहाँ पर सभी शिक्षक उपस्थित थे, लेकिन छात्रों की उपस्थिति कम पाई गई। जिला पदाधिकारी ने इस पर खेद व्यक्त करते हुए उपस्थिति संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद, श्री शास्त्री ने उच्च विद्यालय रीसियप का दौरा किया। यहाँ पर सभी शिक्षक और विद्यार्थी सक्रिय पाए गए। प्रधानाध्यापक ने शौचालय की मरम्मत और चार दिवारी के निर्माण की मांग की, जिस पर जिला पदाधिकारी ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

पंचायत सरकार भवन रीसियप के निरीक्षण में पाया गया कि सभी पंचायत कर्मी अनुपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने बीडीओ, सीओ और बीपीआरओ को स्पष्टीकरण देते हुए अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त, विशेष सर्वेक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और सहायक बंदोबस्त अधिकारी तथा कानूनगो को सही जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही, संबंधित प्रपत्रों को प्रतिदिन वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश भी दिया गया। डुमरा पंचायत सरकार भवन में निरीक्षण के दौरान केवल राजस्व कर्मचारी और सरपंच उपस्थित थे। अनुपस्थित कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए।

कस्तूरबा बालिका विद्यालय और छात्रावास का निरीक्षण करते हुए, जिला पदाधिकारी ने सभी कक्षाओं में पंखा और बिजली कनेक्शन उपलब्ध पाया। शौचालय, स्नानघर और किचन में टाइल्स लगाने का निर्देश भी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। पीएचसी कझपा में केवल दो एएनएम उपस्थित थीं। अस्पताल में बिजली कनेक्शन की शिकायत पर, जिला पदाधिकारी ने डीपीएम स्वास्थ्य को तीन दिन के अंदर बिजली कनेक्शन बहाल करने का आदेश दिया। मुख्य पथ से अस्पताल तक पहुंच की कमी के संदर्भ में, ग्रामीणों द्वारा सरकारी भूमि उपलब्ध होने की जानकारी दी गई। अंचल अधिकारी को भूमी मापी कर 10 फीट का पहुंच पथ निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

रेफरल अस्पताल अंबा में सभी चिकित्सक उपस्थित थे और दवाई वितरण सुचारू रूप से चल रहा था। हालांकि, मरीजों की अधिक संख्या के कारण अस्पताल परिसर के कॉरिडोर में पंखों की कमी महसूस की गई। जिला पदाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधक को पंखा लगाने का निर्देश दिया। इस निरीक्षण ने सरकारी संस्थानों के कार्यक्षमता और उनके सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, और क्षेत्रीय विकास के प्रति जिला प्रशासन की तत्परता को उजागर किया है।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्ही का निरीक्षण

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिल्ही, अंबा में सभी शिक्षक उपस्थित थे और विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक पाई गई। 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थी पठन-पाठन में व्यस्त थे। प्रयोगशाला में रसायन शास्त्र के प्रैक्टिकल और संगीत कक्षा का भी संचालन हो रहा था। खेलकूद की सामग्री स्कूल में उपलब्ध थी। विद्यालय परिसर की सफाई को लेकर प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया।

आंगनबाड़ी सेविकाओं ने 'एनीमिया मुक्त बिहार' अभियान के तहत अनूठी पहल

सेविकाओं ने रंगोली और प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चियों को किया जागरूक

- सेविकाओं ने बच्चियों को लोहे (आयरन) और अन्य आवश्यक तत्वों से भरपूर आहार के महत्व के बारे में बताया।

निज संवाददाता | कुटुम्बा(औरंगाबाद)

बिहार में 'एनीमिया मुक्त बिहार' अभियान के अंतर्गत सेक्टर 8 की आंगनबाड़ी सेविकाओं ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली और पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका उद्देश्य स्कूल की बच्चियों को स्वस्थ खान-पान की महत्ता से अवगत कराना और एनीमिया जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। आंगनबाड़ी सेविकाओं ने इस कार्यक्रम में रंगोली के माध्यम से सुंदर और प्रेरणादायक चित्रण प्रस्तुत किए, जो न केवल दृश्यात्मक आकर्षण का हिस्सा थे बल्कि पोषण संबंधी जागरूकता को भी बढ़ावा दे रहे थे। रंगोली के चित्रण में स्वस्थ आहार और पोषण के महत्व को उजागर करने के लिए विशेष रूप से खाद्य पदार्थों और पोषण संबंधी संदेशों को शामिल किया गया।

इसके साथ ही, पोषण आहार की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उन खाद्य पदार्थों को प्रदर्शित किया गया जो विशेष रूप से एनीमिया से बचाव के लिए लाभकारी होते हैं। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियां, चुकंदर, गुड़, और दालें जैसे पौष्टिक तत्वों को दर्शाया गया। इन खाद्य पदार्थों के माध्यम से सेविकाओं ने बच्चियों को यह बताया कि लोहे (आयरन) और अन्य आवश्यक तत्वों से भरपूर आहार का सेवन एनीमिया से बचाव में कितना महत्वपूर्ण होता है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ जानकारी प्रदान करना नहीं था, बल्कि बच्चियों को यह सिखाना भी था कि पोषक तत्वों से भरपूर भोजन का चयन कैसे किया जाए। सेविकाओं ने बच्चियों को संतुलित और नियमित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया, जिससे कि वे न केवल स्वस्थ रहें बल्कि एनीमिया जैसी बीमारियों से भी सुरक्षित रहें।

प्रदर्शनी और रंगोली का आयोजन आंगनवाड़ी सेविकाओं की मेहनत और जागरूकता के प्रति समर्पण का प्रमाण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और उनके अभिभावकों को स्वास्थ्य और पोषण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। यह आयोजन बच्चों के शारीरिक विकास को बेहतर बनाने और एनीमिया जैसी समस्याओं से बचाव के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ।

प्रचार-प्रसार के लिए जागरुकता रथ को जिला जज ने किया रवाना

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजकुमार ने बुधवार को प्राधिकार के प्रांगण से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रथ को सुदूरवर्ती क्षेत्रों के हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर प्राधिकार के सचिव सुकुल राम सहित कई न्यायिक पदाधिकारीगण मौजूद रहे। इस दौरान जिला जज ने कहा कि 14 सितंबर को आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा न सिर्फ शहर एवं कस्बों के लोगो को मिले बल्कि जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो को भी इसका लाभ मिले। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह जागरूकता रथ कारगार साबित होगा। कहा कि यह राष्ट्रीय लोक अदालत इस वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत है। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सभी शमनीय वादों का निस्तारण एवं बैंक से संबंधित वादों का निस्तारण सुनिश्चित किया गया है।

हत्या के जुर्म में पांच अभियुक्त दोषी करार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बुधवार को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडीजे चार आनन्द भूषण ने ओबरा थाना कांड संख्या -39/20 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए हत्या के जुर्म में पांच अभियुक्तों को दोषी ठहराया है एपीपी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियुक्त संजय चौधरी, संजू चौधरी तेजपुरा को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है जबकि तीन अन्य अभियुक्त गबुदन चौधरी, गोलु चौधरी, टुनु चौधरी तेजपुरा पूर्व से ही काराधीन है, सभी को 18/09/24 को सज़ा सुनाई जाएगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक अंतेश कुमार तेजपुरा ने 13 /02/20 को प्राथमिकी में बताया था कि पांचों अभियुक्तों ने मिलकर सामुदायिक भवन ओबरा के पास सूचक के भाई सुनील कुमार उर्फ विदेशिया को चाकू से गोद कर बुरी तरह से घायल कर दिया जिससे पेट और पीठ में खुन बह रहे थे घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दाउदनगर ले गए जहां इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई थी।

सिन्हा कॉलेज में कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन

- कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और उन्हें सम्मानित किया गया।
- दूसरे दिन प्रतिभागियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप में लागू कर सकें

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोमवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के न्यू सेमिनार हॉल में आयोजित दो दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के डिपार्टमेंट आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन द्वारा किया गया था। प्रारंभिक दिन में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक जानकारी दी गई थी, जबकि दूसरे दिन प्रायोगिक सत्र के माध्यम से उनकी ज्ञान की पुष्टि की गई। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह, जो कि प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष हैं, ने किया। धन्यवाद ज्ञापन का कार्य वोकेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उन्होंने अपने संबोधन में इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना की और प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा तथा डिपार्टमेंट आफ कंप्यूटर एप्लीकेशन के विभागाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एम. एम. अंसारी और तकनीकी समर्थन के सहायक प्राध्यापक प्रवीण दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस सफल कार्यक्रम में डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राजीव रंजन, अनूप कुमार, आदित्य गुप्ता, नेहा कुमारी, अंजनी कुमार, अनिल कुमार यादव, अनिल कुमार सिंह, अरुण त्रिपाठी, राजीव रंजन सिंह, शशि कांत कुमार, मनोज कुमार सिंह, शक्ति कुमार, एहसान अख्तर, अभिषेक दुबे, मनीष कुमार, हिमांशु, राहुल कुमार सिंह, पपु सिंह, रमेश सिंह, राकेश कुमार, सुधीर कुमार, बाल मुकुंद झा, अभिषेक कुमार, अमित रंजन, बीरेन्द्र गुप्ता, गोविंद कुमार सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मी भी शामिल रहे। कार्यक्रम की सफलता ने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को उत्साहित किया और यह संकेत दिया कि महाविद्यालय के शैक्षणिक और तकनीकी प्रयास लगातार प्रगति की दिशा में बढ़ रहे हैं।

पुलिस वाहन के चालक का शव औरंगाबाद पहुंचा, गश्ती गाड़ी पलटने से हुई थी मौत

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

गोह प्रखंड के तेयाप गांव में बुधवार को बिहार पुलिस के चालक का शव पहुंचा। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। बता दें कि दरभंगा में मंगलवार को मनीगाछी थाना की पुलिस एनएच-27 पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान गाड़ी पलटने से हादसे में चालक की मौत हो गई। मृतक बिनोद कुमार सिंह के छोटे बेटे स्व.रविकांत कुमार 3 भाइयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई शैलेश कुमार और राजेश कुमार सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत है। जानकारी के अनुसार मृतक के पिता किसान और मां गृहिणी है। बावजूद अपनी मेहनत से तीनों बेटों को पढ़ा लिखाकर इस मुकाम तक पहुंचाया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का पिछले माह ही शादी को लेकर रिश्ता तय करने की बात चल रही थी। लेकिन सेहरा बांधने से पहले ही अर्थी उठ गई। इस घटना से उनके पूरे परिवार पर दुखो का पहाड़ टूट गया है। साथ ही पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मौके पर दरभंगा के सदर एसडीपीओ दिनेश कुमार के साथ अन्य पुलिस जवान मौजूद थे।

फाइल फोटो

मनरेगा के तहत हुआ वृक्षारोपन

हसपुरा (औरंगाबाद)(नि. सं.)। हसपुरा प्रखंड के पीरू पंचायत के गुलड़िया बिगहा के शमशान घाट में मनरेगा के तहत वृक्षारोपण किया गया। पीआरएस मनोज कुमार के नेतृत्व में आम, कटहल, शीशम सागवान, नीम जैसे फ़लदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए। कहा कि वृक्ष की देखभाल करने की जिम्मेदारी गवसपुर गांव निवासी नंदन यादव को मिली है। पेड़ पौधों में पटवन करने के लिये एक चापाकल भी उपलब्ध कराया गया है।

देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार बाइक जब्त

रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज पुलिस ने भदवा से औरंगाबाद के मुफस्सिल थाना क्षेत्र निवासी जगमोहन यादव के पुत्र रमेश कुमार यादव को 50 लीटर महुआ देसी शराब के साथ पकड़ा है। साथ ही इसकी बाइक को जप्त कर ली गई है। थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि सूचना मिली कि एक बाइक से एक व्यक्ति भदवा के तरफ शराब ला रहा है। एएसआई मुक्ति देव निराला ,एएसआई बबन जीत कुमार एवं पुलिस बल की टीम गठित कर घेराबंटी किया गया। कुछ देर बाद एक व्यक्ति बाईक पर बोरा लादकर आता दिखा। लेकिन पुलिस देखते ही गाडी पटक कर भागने लगा।जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ लिया गया। 50 लीटर महुआ देसी शराब के साथ रमेश कुमार यादव को पकड़कर एवं बाइक जप्त कर थाना लाया गया।

साइबर थाना की बड़ी सफलता : पीड़ित को 92000 रुपये की राशि की गई वापस

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पुलिस अधीक्षक ने औरंगाबाद के मार्गदर्शन में साइबर थाना ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई को अंजाम दिया। कांड संख्या-26/24 के तहत, साइबर थाना ने पीड़ित व्यक्ति को 92,000 रुपये की राशि पूरी तरह से वापस कर दी। यह राशि उस व्यक्ति को लौटा दी गई है, जो साइबर अपराध का शिकार हुआ था।

इस संदर्भ में पहले ही एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो इस साइबर अपराध में संलिप्त था। इस गिरफ्तारी और राशि की वापसी से यह स्पष्ट होता है कि साइबर थाना अपने काम में कितनी दक्षता और तत्परता दिखा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल अपराधियों को सख्त संदेश मिला है, बल्कि पीड़ितों को भी न्याय प्राप्त हुआ है। यह कार्रवाई औरंगाबाद पुलिस की लगातार सक्रियता और उनकी साइबर अपराधों के प्रति गंभीरता को दर्शाती है। पुलिस अधीक्षक महोदया की नेतृत्व में, औरंगाबाद पुलिस हर समय आपकी सुरक्षा और सेवा में तत्पर है। यह कदम उन लोगों के लिए भी एक चेतावनी है जो साइबर अपराध करने की कोशिश कर रहे हैं कि कानून उन्हें बख्शेगा नहीं।

10 दिवसीय गणेशोत्सव के चौथे दिन महाआरती में शामिल हुए श्री सीमेंट के यूनिट हेड

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के धर्मशाला चौक स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में मनाए जा रहे गणेशोत्सव के चौथे दिन संध्या बेला में आयोजित महाआरती में श्री सीमेंट कंपनी के यूनिट हेड ज्ञानेंद्र मोहन खरे परिवार के साथ महाआरती में सपरिवार शामिल हुए। इस दौरान गणेश मंदिर के पुजारी मनीष पाठक एवं संजीव पाठक ने षोडशोपचार विधि से पूजा अर्चना संपन्न कराई। श्री खरे के साथ श्री सीमेंट के एचआर हेड भरत सिंह राठौड़ भी आरती में शामिल हुए। श्री सीमेंट के अधिकारीद्वय ने महाआरती में शामिल होने के बाद खुशी जाहिर की। कहा कि औरंगाबाद में गणेशोत्सव का एक अलग ही महत्व है। उन्होंने औरंगाबाद जिले पर भगवान श्रीगणेश की कृपा बरसती रहने की कामना की। इस मौके पर श्री सीमेंट के डायरेक्टर ने हजारों श्रद्धालु-भक्तों के बीच महाप्रसाद का भी वितरण किया।

रात्रि प्रहरियों ने किया डीईओ कार्यालय के समीप प्रदर्शन

औरंगाबाद (एसवीवी सं.)। जिला मुख्यालय में बुधवार को बिहार विद्यालय रात्रि प्रहरी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष अनुज यादव ने बताया कि वे लोग वर्षो से विद्यालय में रात्रि प्रहरी का काम कर रहे हैं लेकिन न समय पर वेतन मिलता है और न हीं कोई अन्य सुविधा अभी तक मुहैया कराया गया है।

बिहार सरकार
वाणिज्य-कर विभाग
माल और सेवा कर अधिनियम (GST) के अन्तर्गत निबंधित सामान्य करदाता
प्रत्येक महीने के लिए अगले महीने की 11 तारीख़ तक GSTR-1 दाखिल करें।
QRMP करदाता
प्रत्येक तिमाही के लिए त्रैमास समाप्ति के बाद वाले महीने की 13 तारीख़ तक GSTR-1 दाखिल करें।
Nil Return वाले करदाता
अपने निबंधित मोबाईल से 14409 नम्बर पर SMS के द्वारा GSTR-1 विवरणी अगले महीने के 11 तारीख तक दाखिल करें।
SMS 14409
जैसे- यदि किसी का GSTIN- 10ABCDE1234Z1Z2 है और उन्हें जून 2024 का Nil GSTR-1 दाखिल करना है तो SMS इस प्रकार लिखेंगे- NIL R1 10ABCDE1234Z1Z2 062024
कृपया ध्यान रखें- GSTR-1 समय पर दाखिल नहीं करने पर विधिक कार्रवाई की जा सकती है।
PR No.- 007822 (Commercial Tax)D. 2024-25
Help Desk Nos.-
0612-2233512, 2233513, 2233514, 2233515, 2233516
राज्य-कर आयुक्त-सह सचिव
वाणिज्य-कर विभाग, बिहार, पटना